# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, शुक्रवार 18 जुलाई 2025


# अब पांच डिसमिल से कम कृषि भूमि की रजिस्ट्री नहीं, विस में विधेयक पास, कई और बदलाव

राज्य में अब पांच डिसमिल से कम कृषि भूमि की रजिस्ट्री नहीं होगी, ऐसा अवैध प्लाटिंग को रोकने के लिए किया गया है। साय सरकार ने छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संशोधन विधेयक 2025 में इसका प्रावधान किया है। गुरुवार को विधानसभा में इस विधेयक को पास किया गया। इस महत्वपूर्ण विधेयक में जमीन संबंधी मामलों को आसान करने कई अहम बदलाव किए गए है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

यहां यह बताना लाजिमी है कि कांग्रेस शासन में पांच डिसमिल से कम कृषि भूमि की रजिस्ट्री का रास्ता खोल दिया था। नए संशोधन विधेयक में अब इस पर रोक रहेगी। इस संशोधन के बाद अवैध प्लाटिंग पर रोक लगेगी और जन साधारण के नक्शा बटांकन एवं अभिलेख के अद्यतनीकरण (अपडेट) करना भी आसान होगा। दरअसल, ये संशोधन भूमि के स्वामित्व और उसके प्रशासन के संबंध में परिस्थितियों में आए बदलाव के मद्देनजर करना जरूरी ▶▶ शेष पेज 7 पर

### अब विवाद होंगे कम

वर्तमान में सर्वे-रिसर्वे के तहत डिजिटल मेप (जियोरिफ्रेंसिग मेप) तैयार करने की प्रक्रिया चल रही है जिसके संदर्भ में वर्तमान में संहिता में प्रावधान नहीं होने के कारण भविष्य में विधिक विवाद की स्थिति निर्मित हो सकती है, धारा 107 में संशोधन के बाद त विधिक विवाद की स्थिति में कमी आवेगी।

**कृषि भूमि का पांच डिसमिल से कम हिस्सा नहीं बनेगा**




### अब स्वतः नामांतरण में होगी आसानी

अधिनियम की धारा 110 (7) में परन्तुक जोड़े जाने के संबंध में लेख है कि स्वतः नामांतरण प्रक्रिया किया जाना प्रावधानित है। लेकिन संहिता में व्यक्तिगत नामांतरण सूचना के तामिली नहीं होने के कारण पंजीयन अभिलेखों में स्वतः नामांतरण होने वाले इस प्रक्रिया का पालन ▶▶ शेष पेज 7 पर

### वैध वारिसान के पक्ष में होगा नामांतरण

इस संशोधन का एक महत्वपूर्ण लाभ ये होगा कि धारा 110(9) में नवीन उपधारा में आने वाले प्रावधान से भूमि धारक की अचानक मृत्यु से अंतरण करने में संयुक्त खाताधारकों की समस्या में कमी आयेगी। साथ-साथ वैध वारिसानों के पक्ष में नामांतरण किया जा सकेगा। धारा 110 (10) में निहित प्रावधान के अंतर्गत धारित भूखण्ड ,भवन में भूमि के हस्तांतरण की प्रक्रिया भूमि के अनुपात में की जा सकेगी।

**फैक्ट फाइल**

### किफायती आवास नियम होगा स्पष्ट

*संशोधन के मुताबिक धारा 72 में संशोधन के संबंध में औद्योगिक नीति 2024-30, सार्वजनिक किफायती आवास नियम, 2025, व्यवसाय सुगमता, नगर एवं ग्राम निवेश के अनुरूप विकास को बढ़ावा देने हेतु प्रक्रिया को सरल बनाने हेतु यह प्रावधान किया जाना है। संहिता में यह प्रावधान पहले से ही है, लेकिन अस्पष्ट है, जिसे इस प्रावधान के लागू होने के बाद आम जनता के लिए समझना आसान होगा।*

### अब हितग्राही नहीं होंगे क्षुब्ध

*वर्तमान में फ्री-होल्ड के बाद हितग्राहियों से व्यपवर्तन शुल्क तथा अर्थदण्ड भारित,वसूली करने से अप्रिय स्थिति बनती है जिससे क्षुब्ध होकर हितग्राही को न्यायालय के शरण में जाने वालों की संख्या अत्यधिक होते जा रही है। अनुसूची में उक्त प्रयोजन के लाने से इस संबंध में कमी आयेगी।*

---

## खबर संक्षेप

### पीएम की आज दुर्गापुर में जनसभा, देंगे सौगात

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को पश्चिम बंगाल का दौरा करेंगे। इस दौरान दुर्गापुर में भारतीय जनता पार्टी की ओर से आयोजित एक जनसभा को संबोधित करेंगे। इस मौके पर वह राज्य के लिए पांच हजार करोड़ रुपए से अधिक लागत की परियोजनाओं की भी शुरुआत करेंगे।

### रोहतक में भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए

**रोहतक।** हरियाणा के रोहतक में भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि रात 12:46 बजे रिक्टर स्केल पर 3.3 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया। इसका केंद्र रोहतक से 15 किलोमीटर पूर्व में 10 किलोमीटर की गहराई में था। किसी तरह के जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। हरियाणा में 10 दिन से भी कम समय में यह तीसरा भूकंप है।

### इंफाल जा रहा इंडिगो का विमान दिल्ली लौटा

**नई दिल्ली।** विमानन कंपनी इंडिगो का इंफाल जा रहा एक विमान सुबह एक घंटे तक हवा में रहने के बाद तकनीकी गड़बड़ी के कारण वापस राष्ट्रीय राजधानी लौट आया। 17 जुलाई 2025 को दिल्ली से इंफाल जा रही उड़ान 6ई 5118 के रवाना होने के तुरंत बाद मामूली तकनीकी खराबी का पता चला।

---

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने लिया पुरस्कार, केंद्रीय शहरी मंत्री मनोहर लाल खट्टर और शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन साहू मौजूद रहे**

छत्तीसगढ़ के सात शहरों को पुरस्कार, बिलासपुर तीन लाख से दस लाख जनसंख्या श्रेणी में देश का दूसरा सबसे साफ शहर, कुम्हारी 20-50 हजार की आबादी वाले शहरों में देश का तीसरा सबसे साफ शहर

# साफ-सफाई में हमर रायपुर सुघ्घर, 7 पायदान उछला टॉप टेन में अब चौथा, छग का पहला सेवन स्टार सिटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

स्वच्छता सर्वेक्षण के नतीजों में रायपुर शहर 7 पायदान की उछाल लगाकर देशव्यापी स्वच्छता रैंकिंग में सीधे चौथे रैंक पर जा पहुंचा है, जबकि वर्ष 2023 में रायपुर शहर 11वें रैंक पर था। यही नहीं, छत्तीसगढ़ का पहला 7 स्टार सर्टिफिकेट वाला शहर बन गया है। छत्तीसगढ़ के स्वच्छ शहर के रूप में भी राज्य स्तर पर स्वच्छता में अच्छे कार्यों के लिए केन्द्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा रायपुर नगर निगम को मिनिस्ट्रियल अवार्ड प्रदान किया गया है।

राष्ट्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में रायपुर शहर को 10 लाख से अधिक आबादी वाले 42 शहरों के मिलेनियम प्लस सिटीस श्रेणी के नेशनल रैंकिंग में चौथा स्थान प्राप्त हुआ है। इसमें रायपुर को 12,500 अंकों में 11,996 अंक निर्धारित मानकों के अनुरूप मिले हैं। रायपुर शहर की इस ▶▶ शेष पेज 7 पर

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित भव्य समारोह में नगरीय निकायों को पुरस्कृत किया। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव, संबंधित निकायों के महापौर, अध्यक्षों और अधिकारियों ने ये पुरस्कार ग्रहण किए। केंद्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल और केंद्रीय आवास और शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू भी पुरस्कार समारोह में शामिल हुए।



### अहमदाबाद सबसे स्वच्छ शहर ‘सुपर स्वच्छ लीग’ में इंदौर

**नई दिल्ली।** सरकार के वार्षिक स्वच्छता सर्वेक्षण में, बड़े शहरों में अहमदाबाद को सबसे स्वच्छ शहर नामित किया गया, जिसके बाद भोपाल और लखनऊ का स्थान है। वहीं, स्वच्छता में असाधारण प्रदर्शन करने को लेकर इंदौर, सूरत, नवी मुंबई और विजयवाड़ा को नवगठित ‘सुपर स्वच्छ लीग सिटीज’ श्रेणी में जगह मिली है। केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के अनुसार, 4,500 से अधिक शहरों में ▶▶ शेष पेज 7 पर



**स्वच्छता रैंकिंग में टॉप टेन शहर**

| कुल अंक - 12,500 | प्राप्त अंक |
|---|---|
| 1 . गुजरात - अहमदाबाद | 12,079 |
| 2. मध्यप्रदेश -भोपाल | 12,067 |
| 3. यूपी- लखनऊ | 12001 |
| 4. छत्तीसगढ़ - रायपुर | 11,996 |
| 5. मध्यप्रदेश जबलपुर | 11,989 |
| 6. तेलंगाना ग्रेटर हैदराबाद | 11,805 |
| 7. महाराष्ट्र - पिंपरी चिचवाड | 11,782 |
| 8. महाराष्ट्र पुणे | 11,653 |
| 9. आंध्रप्रदेश - जीवीएमसी विशाखापटनम | 11,636 |
| 10. उत्तरप्रदेश - आगरा म्यूनिसिपल कार्पोरेशन | 11,532 |

**छत्तीसगढ़ ने राष्ट्रीय मंच पर बिखेरी स्वच्छता की चमक**

### कम आबादी में बिल्हा देश में अव्वल

केंद्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्रालय के स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में छत्तीसगढ़ के सात शहरों ने अपनी स्वच्छता की चमक बिखेरी है। बिल्हा नगर पंचायत 20 हजार से कम आबादी वाले शहरों में अब देश का सबसे साफ-सुथरा शहर बन गया है। स्वच्छ सर्वेक्षण में 20 हजार से कम आबादी वाले शहरों की श्रेणी में बिल्हा ने देशभर में प्रथम स्थान हासिल किया है। तीन लाख से दस लाख जनसंख्या वाले शहरों में बिलासपुर को पूरे देश में दूसरा और 20 हजार से 50 हजार आबादी वाले शहरों में कुम्हारी को तीसरा ▶▶ शेष पेज 7 पर

### साय बोले- राज्य के लिए गर्व का क्षण



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सभी विजेता नगरीय निकायों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि राज्य के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने इन शहरों में स्वच्छता के प्रति नागरिकों, स्थानीय निकायों और प्रशासन के सामूहिक प्रयासों ▶▶ शेष पेज 7 पर

---

## जापानी बुखार से दो की मौत, एक की पुष्टि, दूसरे की रिपोर्ट का इंतजार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

बस्तर संभाग में एक फिर जापानी बुखार का मामला सामने आने लगा है। इस वर्ष शुरुआती छह माह में ही जापानी बुखार के 19 मामले सामने आ चुके हैं। इनमें दो की मौत हो चुकी है तथा अन्य का उपचार किया जा रहा है। इन दो में एक के मौत की जापानी बुखार से होने की पुष्टि हो चुकी है, जबकि दूसरे की अंतिम रिपोर्ट आने का इंतजार किया जा रहा है।

बस्तर में मानसून के शुरू होते ही मलेरिया, डेंगू और जापानी बुखार के मामले सामने आने लगे हैं। खास तौर पर जापानी ▶▶ शेष पेज 7 पर

### अधिकांश मौत 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की

बस्तर में जापानी बुखार के मामले पिछले लगभग आठ वर्ष से दिखाई देने लगे, जिसमें दर्जन भर मरीजों की मौत हो चुकी है। पिछले कुछ साल से जापानी बुखार के मामले सामने आते रहे हैं। आकंड़े की बात करें तो वर्ष 2016-2017 में बस्तर जिले में कोई मामला नहीं मिला, लेकिन सुकमा जिले में 7 मामले आए। जिसमें 3 मरीज की मौत हो गई। वर्ष 2017 में बस्तर जिले में 4 मामले आए, लेकिन मौत नहीं हुई। वहीं इसी वर्ष दंतेवाड़ा जिले में 6 मामले जापानी ▶▶ शेष पेज 7 पर

### जापानी बुखार के टीके उपलब्ध सावधानी से बचाव संभव

*मानसून के शुरू होते ही जापानी बुखार के अलावा मलेरिया व डेंगू के मामले सामने आने लगे हैं। विशेषकर बच्चों में जापानी बुखार के लक्षण व असर जल्द होता है। इससे बचने के लिए टीकाकरण करना चाहिए। इसके अलावा मच्छरदानी का उपयोग व साफ सफाई आवश्यक है। मलेरिया व डेंगू के टीके अब तक ईजाद नहीं हुए हैं, लेकिन जापानी बुखार का टीका उपलब्ध है और लगाया जा रहा है।*

*डॉ. अनुरूप साहू, अधीक्षक, डिमरापाल मेडिकल कॉलेज*

---

**छत्तीसगढ़ अंजोर विजन 2047 जनता को समर्पित**

# साय बोले- यह केवल दस्तावेज ही नहीं, विकसित छत्तीसगढ़ की नींव है




**वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने दी शानदार प्रस्तुति, बताया- 2047 तक किस तरह विकसित होगा छत्तीसगढ़**

*हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर*

खास खबर

*छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा में आज का दिन ऐतिहासिक बन गया, जब मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने “छत्तीसगढ़ अंजोर विज़न@2047” दस्तावेज को प्रदेश की जनता को समर्पित किया। नवा रायपुर अटल नगर में आयोजित भव्य कार्यक्रम में राज्य मंत्रिमंडल के सदस्य, नीति आयोग भारत सरकार, विषय विशेषज्ञ, जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने शानदार प्रजेंटेशन देकर विजन डाक्यूमेंट के महत्व व उपयोगिता को रेखांकित किया।*

*इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा, यह दस्तावेज केवल शब्दों का संकलन नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर, समृद्ध और विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण का एक ठोस संकल्प और स्पष्ट दिशा है। उन्होंने कहा कि यह विज़न प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प से प्रेरित है और छत्तीसगढ़ को भारत के अग्रणी एवं विकसित राज्य में शामिल करने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा, जहां सोच बड़ी हो, दिशा स्पष्ट हो और जन-जन की भागीदारी हो, वहां विकास तय होता है। आज हम अपने राज्य का विज़न डाक्यूमेंट छत्तीसगढ़ अंजोर विज़न 2047 प्रदेशवासियों को समर्पित कर रहे हैं। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि छत्तीसगढ़ उन चुनिंदा राज्यों में है जिन्होंने यह विज़न तैयार किया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि उन्होंने स्वयं पिछले माह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई नीति* ▶▶ शेष पेज 7 पर

### दृष्टिपत्र 13 बिंदुओं पर केंद्रित: वित्त मंत्री



वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा, यह दृष्टिपत्र 13 प्रमुख सामाजिक-आर्थिक थीम्स पर केंद्रित है, जिनमें शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, अधोसंरचना, लॉजिस्टिक्स, कृषि, वनोपज, निवेश, कौशल विकास, सूचना प्रौद्योगिकी एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, पर्यटन, संस्कृति, पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास जैसे क्षेत्र शामिल हैं। इन सभी विषयों के प्रभावी और समयबद्ध क्रियान्वयन, मूल्यांकन और अनुश्रवण के लिए रणनीति, मापनीय इण्डिकेटर्स और 200 से ▶▶ शेष पेज 7 पर

---

# दंडकारण्य में सक्रिय 50 लाख रुपए के ईनामी नक्सल दंपति ने किया समर्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

नक्सल संगठन में 45 साल बिताने के बाद भूमिगत हो गए नक्सल दंपति ने तेलगांना में गुरुवार को समर्पण कर दिया। छत्तीसगढ़ में लगातार फोर्स की आक्रामक कार्रवाई और शीर्ष नेतृत्व की मुठभेड़ में मारे जाने से दहशत में थे। नक्सली डीकेएसजेडसी सदस्य लच्छन्ना और पत्नी अनितक्का ने आखिरकार समर्पण ▶▶ शेष पेज 7 पर

- वर्ष 2023 से डीकेएसजेड सीएम की कमान संभाल रहा था संजीव उर्फ लेंगू दादा





**नक्सल विचारधारा को गांव गांव तक विस्तार करने में महारत हासिल था**

माला संजीव उर्फ लेंगू दादा पिछले 45 साल से नक्सल संगठन से जुड़ा था। लेंगू दादा नक्सलियों के चेतना नाट्य मंडली का भी एक प्रमुख सदस्य था, जो संगठन की विचारधारा को गांव-गांव में प्रचारित करने का काम करता था। सिर्फ इतना ही नहीं, वह दंडकारण्य स्पेशल ▶▶ शेष पेज 7 पर

### लंबे समय तक रहे भूमिगत

लच्छन्ना ने वर्ष 2023 में डीकेएसजेडसीएम के रूप में जिम्मेदारी संभाली थी। इससे पहले 2007 में उत्तर बस्तर डीवीसी के टेक्निकल विभाग के इंचार्ज के रूप में भी उसे संगठन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई थी। वहीं पत्नी अनितक्का भी नक्सल संगठन में वर्षों तक सक्रिय रहीं। वह वर्ष 1995 तक तेलंगाना के सिरपुर दलम में कार्य किया। ▶▶ शेष पेज 7 पर

---

**चंद घंटों के भीतर दबोचे गए बदमाश**

# चिल्हर के लिए झगड़ा, फिर नोटों की गड्डी देख बदली नीयत, एक की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर/चंद्रखुरी

मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में कल रात पेट्रोल डलवाने के बाद चिल्हर पैसों के लेन-देन के विवाद पर पंप कर्मी के हाथों में नोटों की गड्डी देख लूट के इरादे से दो बदमाशों ने चाकू से हमला कर दिया। बदमाशों के हमले से पेट्रोल पंप मैनेजर की मौके पर ही मौत हो गई, एक अन्य गंभीर ▶▶ शेष पेज 7 पर

### विवाद सुलझाने आए मैनेजर पर हमला

*युवकों का पंप कर्मी के साथ विवाद होता देख योगेश अपने केबिन से निकलकर विवाद सुलझाने मौके पर पहुंचा। इस दौरान बदमाशों की अनिल के हाथों में नोटों की गड्डी देख नीयत बदल गई। एक बदमाश ने अपनी जेब से चाकू निकालकर अनिल के गले में हमला कर दिया। योगेश ने बदमाशों को रोकने की कोशिश की, तो बदमाशों ने योगेश पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर* ▶▶ शेष पेज 7 पर

---

**अमेरिका में हैं शुभांशु, लखनऊ को अपने हीरो की प्रतीक्षा**

# पृथ्वी पर जीवन से सामंजस्य बिठा रहे शुभांशु

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला तीन अन्य लोगों के साथ एक सफल अंतरिक्ष मिशन से लौटने के बाद अमेरिका के ह्यूस्टन में हैं और पृथ्वी पर जीवन से सामंजस्य बिठा रहे हैं। उनके पिता ने गुरुवार यह जानकारी दी। शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर 18 दिन बिताने के बाद मंगलवार को पृथ्वी पर लौटे हैं। वह आईआईएस पर जाने वाले पहले भारतीय और अंतरिक्ष में राकेश शर्मा के बाद जाने वाले दूसरे व्यक्ति हैं। शुक्ला अभी ह्यूस्टन में हैं और उनकी पत्नी कामना और उनका छह वर्ष का बेटा कियाश पहले से वहां हैं।



### पत्नी-बेटे से मुलाकात की तस्वीर साझा की

एक इंस्टाग्राम पोस्ट पर बुधवार शाम शुक्ला ने अपनी पत्नी और बेटे से मुलाकात की फोटो साझा की और लिखा, यह चुनौतीपूर्ण था। पृथ्वी पर वापस आकर परिवार को बाहों में भरना... घर जैसा महसूस हुआ। अंतरिक्ष के लिए उड़ान अद्भुत है, लेकिन लंबे समय बाद अपने प्रियजनों को देखना भी उतना ही अद्भुत है। शुक्ला 2027 में भारत के प्रथम मानव अंतरिक्ष उड़ान गगनयान को लांच करने की इसरो की योजना का भी हिस्सा हैं।

### स्कूल को भी शुभांशु का इंतजार

सिटी मांटेसरी स्कूल में शुभांशु का इंतजार है, जहां उन्होंने पढ़ाई की है। स्कूल के विद्यार्थी और कर्मचारी अपने स्टार पुराने छात्र का सम्मान करने की तैयारी कर रहे हैं। सिटी मांटेसरी स्कूल में कक्षा 12 के विद्यार्थी आरव सिंह ने बताया, मैं एक अंतरिक्ष यात्री के तौर पर करियर के लिए बहुत अधिक प्रेरित हूं। मुझे लगता है कि अंतरिक्ष की यात्रा युवाओं के बीच सबसे अधिक रोमांचक क्षेत्र बनने जा रहा है।

### इसरो ने कहा, स्वास्थ्य बेहतर

*इसरो ने कहा कि 20 दिन के अंतरिक्ष मिशन से धरती पर लौटे शुभांशु शुक्ला के प्रारंभिक स्वास्थ्य परीक्षण से संकेत मिले हैं कि उनकी हालत स्थिर है और तत्काल चिंता की कोई बात नहीं है। अंतरिक्ष यान से बाहर निकलते ही ‘रिकवरी शिप’ पर अंतरिक्ष यात्रियों की प्रारंभिक स्वास्थ्य जांच की गई। बाद में, अंतरिक्ष यात्रियों को आगे की चिकित्सा जांच और परामर्श सत्रों के लिए हेलीकॉप्टर द्वारा रिकवरी शिप से मुख्य भूमि पर ले जाया गया। बाद में, शुक्ला को सूक्ष्म गुरुत्व के किसी भी प्रतिकूल प्रभाव को कम करने के लिए एक सप्ताह के पुनर्वास कार्यक्रम के लिए ह्यूस्टन ले जाया गया।*

## जंगली पशुओं की रहवासी इलाकों में धमक

जंगल में लगातार पेड़ों के कटने के कारण और खाने- पीने की तलाश में जंगली पशु रहवासी इलाकों की ओर रुख कर रहे हैं। सैकड़ों हाथियों का दल विभक्त होकर विचरण कर रहा है। हाथी लोगों की जान ले रहे हैं, फसलों को रौंदा रहे और मकानों को ढहा रहे हैं। अगर छोटे पशु हिरन आदि रहवासी इलाकों में आते हैं तो मानव या कुत्तों के शिकार बन जाते हैं। शासन- प्रशासन मुआवजा बंटाने के अलावा कोई ठोस रणनीति नहीं बना पाया है।

# हाथियों ने ले ली ग्रामीण की जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| प्रतापपुर



वन परिक्षेत्र घुई अंतर्गत जजावल जंगल में हाथियों ने ग्रामीण की कुचल कर जान ले ली। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे वन अमले ने बुधवार की रात जंगल से मृतक का शव बरामद किया। शव में सड़न होने के कारण दुर्गंध आ रही थी। वन अधिकारी ग्रामीण की मौत दो-तीन दिन पूर्व होने का अनुमान लगा रहे हैं। जानकारी के अनुसार वन परिक्षेत्र घुई अंतर्गत जजावल बीट के जंगल में ग्राम परमेश्वरपुर घूमडांडपारा निवासी रामदेव आ.भगना कोड़ाकू एक दशक पूर्व से झोपड़ी बनाकर अकेले रह रहा था। बताया जा रहा है शनिवार को ही रामदेव अपने घर से राशन लेकर जंगल गया था। बुधवार को कुछ ग्रामीण जजावल जंगल में पुटू, खुखड़ी बीनने गए थे। दुर्गंध आने पर ग्रामीण पास पहुंचे तो रामदेव का शव पड़ा था।

# फसल को रौंदा, चार घर ढहाया

**रायगढ़।** धरमजयगढ़ वन मंडल में बीती रात हाथियों ने जमकर उत्पात मचाते हुए 13 किसानों की फसल को रौंद दिया। हाथियों ने 4 ग्रामीणों के मकान को भी ढहा दिया। वन विभाग की टीम नुकसान का आंकलन कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ वन मंडल में इन दिनों अलग-अलग दलों में कुल 107 हाथी जंगलों में विचरण कर रहे हैं। हाथियों के इस दल में नर 27, मादा 49 व 31 बच्चे शामिल हैं। बीती रात हाथियों के दल ने धरमजयगढ़ वन मंडल के अलग-अलग रेंज में मकानों व फसलों को मिलाकर 17 जगह नुकसान पहुंचाया है।



हाथियों के दल ने पोटिया में 1, मदनपुर में 2, सोहनपुर में 2, कटमोहलीपारा, विजयनगर में 8 किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाया है। इसी तरह दर्रीडीह में 3 घरों के अलावा रैरूमा में भी 1 मकान को क्षति पहुंचाया है।

# गांव में पहुंचे हिरण को कुत्तों ने नोचा, मौत

**लखनपुर।** जंगल से भटककर गांव में पहुंचे हिरण पर आवारा कुत्तों ने हमला कर दिया। इस हमले में हिरण की मौत हो गई। घटना की सूचना स्थानीय लोगों द्वारा देने के बाद भी वन विभाग की टीम को मौके पर समय रहते नहीं पहुंच पाई और हिरण ने दम तोड़ दिया। वन विभाग द्वारा पीएम उपरान्त हिरण का अंतिम संस्कार किया गया। बताया जा रहा है कि 16 जुलाई की सुबह 6 बजे वन परिक्षेत्र के चांदो सर्किल अंतर्गत ग्राम सिरकोतंगा में जंगल से भटककर एक हिरण पहुच गया था। बस्ती में हिरण के आते ही उसे आवारा कुत्तों ने घेर लिया और सिरकोतंगा स्कूल मैदान के



पास घेरकर कुत्तों ने हिरण को घायल कर दिया। इस घटना की सूचना ग्रामीणों ने वन विभाग को दी लेकिन सूचना मिलने में हुई देरी और फिर वाहन की व्यवस्था में वन विभाग को देरी हो गई। टीम मौके पर पहुंची तब तक हिरण की मौत हो गई थी।

## खबर संक्षेप

### फर्जी सिम कार्ड रैकेट फूटा, तीन गिरफ्तार

**बलौदाबाजार।** फर्जी मोबाइल सिम नंबर एवं ऐसे नंबरों को जारी करने वाले पॉइंट ऑफ सेल (पीओएस) के विरुद्ध कार्रवाई थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने की, जहां 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया।गिरफ्तार आरोपियों में 23 वर्षीय चोखेलाल कन्नौजे उर्फ राहुल ग्राम लटुवा थाना सिटी कोतवाली, मोहनलाल माहोरे 37 वर्ष निवासी साहू बाडा षष्ठी मंदिर के पीछे सिविल लाइन बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली और धनंजय यादव 25 वर्ष निवासी ग्राम जैतपुरी थाना नवागढ़ जिला बेमेतरा शामिल हैं। प्रकरणों में मोबाइल नंबर धारकों से पूछताछ कर विस्तृत कथन लिया गया, जिन्होंने बताया कि आरोपियों द्वारा इनके नाम, पता व आईडी का गलत तरीके से इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग कर छल कपट करते हुए, इनके नाम से मोबाइल सिम नंबर को जारी कर, किसी अन्य व्यक्ति को सिम देकर लाभ प्राप्त किया गया है।

### रेत का अवैध परिवहन करते 18 ट्रैक्टर जब्त



**मैनपुर।** रेत के अवैध परिवहन की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए माइनिंग विभाग ने 18 ट्रैक्टरों को जब्त कर लिया है। इनमें से अधिकांश ट्रैक्टर प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्माण के लिए रेत की आपूर्ति कर रहे थे। इस कार्रवाई के बाद अब क्षेत्र में फोकलेन और हाइवा से अवैध रेत परिवहन का खेल फिर से शुरू होने की आशंका है, जिससे जरूरतमंदों को तीन गुना कीमत पर रेत खरीदने को मजबूर होना पड़ेगा। गरियाबंद के देवभोग तहसील में बहने वाली तेलनदी से रेत परिवहन में लगे इन 18 ट्रैक्टरों को जिला खनिज अधिकारी रोहित साहू के नेतृत्व में माइनिंग विभाग की टीम ने जब्त किया। सभी जब्त वाहनों को देवभोग थाने के सुपुर्द कर दिया गया है। इस कार्रवाई का ट्रैक्टर मालिकों ने विरोध भी किया और समाधान के लिए एसडीएम कार्यालय भी पहुंचे, लेकिन अधिकारियों ने नियम का हवाला देकर कार्रवाई को जायज ठहराया।

### चलती बाइक से गिरी महिला की हुई मौत

**राजनांदगांव।** बाइक में सवार होकर महिला अपने लड़की के गांव जाने के लिए निकली थी। इस दौरान रास्ते में वह वाहन से गिर गई, जिसे उपचार हेतु चिकित्सालय ले जाया गया, जहां उसकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार मोहारा पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जरवाही से अपने पड़ोसी युवक के साथ बाइक में सवार होकर लीलाबाई अपनी लड़की के गांव घोटिया जाने के लिए 15 जुलाई को निकली थी। वे घोटिया गांव के प्रवेश द्वार के पास पहुंचे ही थे कि वाहन चालक की लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने से महिला बाइक से फिसलकर नीचे सड़क पर जा गिरी। घायल महिला को उपचार के लिए डोंगरगढ़ चिकित्सालय ले जाया गया। अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### ट्रांसफर रुकवाने और बहन का नाम रिकार्ड से हटाने मांगी थी घूस

# शिक्षक को 2 लाख और पटवारी को 20 हजार रिश्वत लेते एसीबी ने दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरबा

9 जुलाई को प्राथमिक शाला केसला जिला कोरबा के प्रधानपाठक रामायण पटेल द्वारा एसीबी इकाई बिलासपुर में इस आशय की शिकायत की गई थी कि उसकी पत्नी उसी स्कूल में शिक्षिका के पद पर पदस्थ है। विनोद कुमार सांडे जो कि माध्यमिक साला बेला जिला कोरबा में शिक्षक के पद पर पदस्थ है, उसके द्वारा उसकी पत्नी का ट्रांसफर अन्य दूर के स्कूल में होने की संभावना को बताई। इसके बाद अपना परिचय डीईओ और बीईओ से होना बताकर उसकी पत्नी का ट्रांसफर दूर के स्कूल में होने से बचने और नजदीक के स्कूल ओमपुर में करा देने के एवज में 2 लाख रुपए की मांग की जा रही है। वह अपनी पत्नी का ट्रांसफर ओमपुर करने के एवज में वह आरोपी को 2 लाख रुपए रिश्वत ले रूप में नहीं देना चाहता बल्कि उसे उसे पकड़वाना चाहता है।

एसीबी ने कोरबा जिले के शिक्षा विभाग में पदस्थ एक शिक्षिका का ट्रांसफर दूर होने की संभावना और नजदीक कराने की बात कहकर 2 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए शिक्षक को पकड़ लिया है। एसीबी ने जांजगीर- चांपा में एक पटवारी को बहन का नाम हटाने के लिए ली गई 20 हजार की रिश्वत के साथ भी दबोचा है।



### सत्यापन के बाद की गई कार्रवाई

शिकायत का सत्यापन कराए जाने पर शिकायत सही पाई गई जिस पर ट्रैप की योजना बनाकर विनोद को प्रार्थी से 2 लाख रुपए कोरबा स्थित निवास में लेने के दौरान 17 जुलाई को पकड़ा गया। पकड़े गए आरोपी से रिश्वत की रकम जब्त कर एसीबी के द्वारा उसके विरुद्ध धारा 7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 के तहत कार्रवाई कर रही है। एसीबी के अफसरों ने कहा कि कार्रवाई के उपरांत आरोपी को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

### जमीन रिकार्ड दुरुस्त करने पटवारी ने मांगी थी रकम

**जांजगीर-चाम्पा।** एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने पुटपूरा पटवारी को 20 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा है। चंदनिया पारा जांजगीर निवासी सत्येंद्र



राठौर और उसके पारिवारिक सदस्यों के नाम पर ग्राम पुटपुरा में 4 एकड़ जमीन है। जमीन के रिकार्ड में उसकी बुआ का भी नाम है, लेकिन बुआ द्वारा हक छोड़ रजिस्ट्री के माध्यम से अपने हिस्से की जमीन को हकत्याग कर दिया गया है। हक छोड़ रजिस्ट्री दस्तावेज को पटवारी को देने के बाद भी बुआ का नाम वर्तमान बी 1 और पंचशाला रिकॉर्ड से न हटने से सत्येंद्र अपनी बुआ का नाम रिकॉर्ड से हटवाने के लिए पुटपूरा पटवारी बालमुकुंद राठौर से मिला। पटवारी द्वारा उक्त कार्य करने के एवज में उससे 20 हजार रुपए रिश्वत की मांग की गई। 2 जुलाई को एसीबी इकाई बिलासपुर में मामले शिकायत की। 17 जुलाई को योजना के तहत सत्येंद्र राठौर केमिकल लगे नोट लेकर जांजगीर स्थित पटवारी कार्यालय पहुंचा। सत्येंद्र द्वारा रकम देते ही एसीबी ने पटवारी बालमुकुंद राठौर को रंगे हाथ पकड़ लिया।

### काम करने की बात कहकर गया, फिर नहीं लौटा

## सरकारी क्वार्टर में जवान ने फांसी लगा, की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

पुलिस कॉलोनी परपा स्थित सरकारी क्वाटर में निवासरत जवान ने गुरूवार सुबह अज्ञात कारणों से अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के दौरान घर पर पत्नी व बच्चा भी मौजूद था, जिन्हें उसने काम करना है कहकर कमरे में गया और फांसी लगा ली। जानकारी के मुताबिक परपा थाना के पीछे स्थित शासकीय क्वार्टर में रहने वाले आरक्षक के सुबह अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या करने की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी व



वरिष्ट अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी जुटा रहे है। जवान संदीप बाकला (42) मूलतः जशपुर जिले का रहने वाला था। हाल ही में उसका यातायात विभाग से लोहण्डीगुड़ा थाना में स्थानातंरण किया गया था। गुरूवार सुबह घर पर पत्नी व दो साल का बच्चा मौजूद था, इसी दौरान उसने अपनी पत्नी को किसी काम की बात कहते हुए अपने कमरे में चला गया ,जहां जाने के बाद अंदर से कमरे को बंद करते हुए फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने जब काफी देर तक नहीं निकलने पर दरवाजा खटखटाया, लेकिन दरवाजा नहीं खुलने पर आवाज लगाई और आसपास के लोगों को बुलाया गया। जहां दरवाजा तोड़कर अंदर जाने पर संदीप फंदे पर लटका हुआ था, जिसके गले की रस्सी को काटकर उसे मेकाज लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौके पर किसी तरह का सुसाइड नोट नहीं मिला है। परपा टीआई मोहम्मद तारिक हरीश ने बताया कि शव को पीएम के बाद गृहग्राम जशपुर रवाना कर दिया गया है।

### वीडियो वायरल होने के बाद मचा हड़कंप

# चाकू लेकर 11 वर्षीय छात्र पहुंचा स्कूल, बच्चों और शिक्षकों को धमकाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

ब्लॉक मुख्यालय के अंतिम छोर पर स्थित ग्राम सरकड़ा के मिडिल स्कूल में एक 11 वर्षीय नाबालिग छात्र अपने स्कूल बैग में सब्जी काटने का चाकू लेकर आया और अपने साथियों को धमकाने लगा। जब कक्षा शिक्षक को इसकी जानकारी हुई और उसने चाकू न लाने की हिदायत दी, तो छात्र ने उन्हें भी धमकाया। इस घटना से स्कूली छात्रों में भय और शिक्षकों में डर का माहौल व्याप्त हो गया। हालांकि बच्चा चाकू लेकर क्यों स्कूल आया था, इसका कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।स्कूल की प्रधान पाठिका लता सोनी ने सजगता दिखाते हुए तत्काल छात्र के बैग की तलाशी ली, जिसमें से चाकू बरामद हुआ। इसकी सूचना तुरंत स्कूल प्रबंधन समिति, ग्राम सरपंच और अन्य जनप्रतिनिधियों को दी गई। शिक्षकों द्वारा सबूत के तौर पर उस चाकू का फोटो-वीडियो भी लिया गया और प्रबंधन समिति को सौंपा गया। इसी बीच, इस घटना का एक वीडियो भी वायरल हो गया है, जिससे मामला और गरमा गया।



### सुरक्षा नियमों को सख्ती से लागू किया जाए

यह घटना न केवल स्कूलों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि कम उम्र में ही बच्चों में हिंसा की प्रवृत्ति कैसे जन्म ले रही है। अक्सर बच्चे मोबाइल और टीवी देखकर ऐसी हरकतें कर बैठते हैं। यह आवश्यक है कि शिक्षा विभाग, विद्यालय प्रबंधन और अभिभावक मिलकर बच्चों की मानसिक स्थिति पर समय रहते ध्यान दें और स्कूलों में सुरक्षा नियमों को सख्ती से लागू किया जाए। वहीं, अभिभावकों को भी यह तय करना होगा कि उनका बच्चा घर में क्या करता है। लापरवाही के कारण भी ऐसी स्थितियां निर्मित होती हैं।

### बच्चे-पिता को दी समझाइश

मामले की जानकारी मिलते ही ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रामेन्द्र जोशी और फिंगेश्वर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की और नाबालिग छात्र के साथ उसके पिता को समझाइश दी।

## इलाज कराने निकली जनपद सदस्य हुई लापता पति ने लिखाई रिपोर्ट

**फरसगांव।** थाना क्षेत्र के ग्राम आलोर ख़ासपारा निवासी जयलाल कोर्राम ने



बुधवार को फरसगांव थाने में आकर अपनी पत्नी श्रीमती रैयमती कोर्राम के गुम होने का रिपोर्ट दर्ज करवाया है। प्रार्थी जयलाल कोर्राम ने बताया कि उसकी पत्नी फरसगांव जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 08 की जनपद सदस्य है। वह 9 जुलाई को ईलाज करवाने कोंडागांव जा रही हुई कहकर निकली जो अब तक वापस नहीं आई है। उसका मोबाइल फोन भी बंद है। आसपास गांवों, रिश्तेदारों के घर खोजबीन करने के बाद भी नहीं मिलने पर थाने में आकर गुम होने का रिपोर्ट दर्ज करवाया है। पुलिस द्वारा गुम इंसान कायम कर गुम जनपद सदस्य की खोजबीन कर रही है।

# तेज रफ्तार कार पुल के पिलर से टकराई, दो महिलाओं की मौत

### नेशनल हाइवे 30 पर हादसा,चालक की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

नेशनल हाइवे 30 पर गुरुवार की शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि कार का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा फरसगांव थाना क्षेत्र के सारबेड़ा के पास। एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पुल के पिलर से जा टकराई। मिली जानकारी के अनुसार, कार में भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष जैनेंद्र ठाकुर का परिवार सवार था, जो रायपुर से वापस कोंडागांव लौट रहा था। दुर्घटना में जैनेंद्र ठाकुर की पत्नी राजेश्वरी ठाकुर और नगर पालिका कोंडागांव की कर्मचारी शर्मीला सरकार की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, कार चला रहे चालक मानस ठाकुर को गंभीर चोटें





आई हैं, जिसे उपचार के लिए तत्काल सीएचसी फरसगांव लाया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### हादसा के बाद लगा जाम

हादसे के चलते नेशनल हाइवे 30 पर कुछ समय के लिए जाम की स्थिति बन गई थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू किया और सड़क को साफ करवाया। घायल मानस ठाकुर को उपचार हेतु तत्काल उपचार हेतु फरसगांव अस्पताल लाया गया , जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर उपचार हेतु कोंडागांव अस्पताल रिफर किया गया । वहीं मृतिकाओं की शव को पोस्टमार्टम हेतु चीरघर में रखा गया है।

### सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने 30 दिनों के भीतर मामले को निपटाने का दिया निर्देश

# आयुष व भारती यूनिवर्सिटी के बीच विवाद, चीफ सेक्रेटरी करें निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

छत्तीसगढ़ में एक सरकारी और प्राइवेट यूनिवर्सिटी के बीच अधिकार को लेकर विवाद छिड़ गया है। भारती यूनिवर्सिटी ने बेचलर ऑफ फिजियोथैरेपी फैकल्टी प्रारंभ करने के लिए राज्य सरकार से अनुमति मांगी थी। राज्य सरकार ने नई फैकल्टी के सशर्त अनुमति दे दी। राज्य सरकार ने कहा कि इसके लिए यूनिवर्सिटी प्रबंधन को आयुष यूनिवर्सिटी से संबद्धता लेनी होगी। राज्य सरकार के निर्णय को चुनौती देते हुए भारती यूनिवर्सिटी ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। मामले की सुनवाई बाद जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा ने चीफ सेक्रेटरी को एक महिने के भीतर



निर्णय लेने का निर्देश दिया है। भारती यूनिवर्सिटी की ओर से दायर याचिका पर पैरवी करते हुए अधिवक्ता संदीप दुबे ने कोर्ट को बताया कि यूनिवर्सिटी अपने कैंपस में नया फैकल्टी प्रारंभ करने जा रही है बेचलर ऑफ फिजियोथैरेपी। इसके लिए राज्य सरकार समक्ष आवेदन लगाया था। इस दौरान फैकल्टी के अनुरूप यूनिवर्सिटी कैंपस में इन्फ्रास्ट्रक्चर भी तैयार कर लिया है और फीस भी जमा करा दी है। कमेटी ने जांच के बाद अपनी रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंप दी है। कमेटी ने 50 सीट की अनुशंसा कर दी है। राज्य सरकार ने वर्ष 2022 में आयुष यूनिवर्सिटी से संबद्धता की शर्त पर यूनिवर्सिटी में नई फैकल्टी प्रारंभ करने की अनुमति दे दी। याचिकाकर्ता के वकील ने अधिकार क्षेत्र का उल्लेख करते हुए सिंगल बेंच को बताया कि एक यूनिवर्सिटी दूसरे यूनिवर्सिटी से कैसे संबद्ध होगा। हम अपने आपमें स्वतंत्र संस्थान है। हम नई फैकल्टी प्रारंभ कर रहे हैं, नई कालेज तो खोल नहीं रहे। राज्य शासन की ओर से जवाब के बाद हाईकोर्ट ने चीफ सेक्रेटरी को कोर्ट के आदेश की प्रति प्राप्त होने की तिथि से 30 दिनों के भीतर मामले का निराकरण करने का निर्देश दिया है।

### पुनर्विचार याचिका खारिज

हाईकोर्ट ने सत्र न्यायालय द्वारा विस्फोटक अधिनियम के आरोप तय किए जाने के खिलाफ पेश पुनर्विचार याचिका को खारिज कर दिया है। कोर्ट से स्थगन होने के कारण मामले में पिछले 28 वर्ष से सुनवाई लंबित है। जस्टिस बीडी गुरु ने अपने आदेश में कहा कि आरोप तय करने के प्रारंभिक चरण में हस्तक्षेप न करना वैधानिक दायित्व है। याचिकाकर्ता हुन्नैद हुसैन रायपुर, केजूराम देवांगन निवासी ग्राम मुशवाड़ी, थाना सिमगा, तहसील और जिला रायपुर ने विस्फोटक अधिनियम के तहत विचरण न्यायालय द्वारा आरोप तय किए जाने के विरुद्ध 1997 में एमपी हाईकोर्ट में पुनः विचार करने याचिका पेश की थी, जहां मामले की सुनवाई पर रोक लगाई गई। राज्य गठन के बाद प्रकरण को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट प्रेषित किया गया था। 25 वर्ष बाद छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने याचिका पर निर्णय पारित किया है। आवेदक हुन्नैद हुसैन द्वारा वर्तमान पुनर्विचार याचिका दायर की गई है।


रायपुर
शुक्रवार, 18 जुलाई 2025
श्रावण कृष्ण पक्ष अष्टमी
वर्ष: 24, अंक: 2
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य: 5.00**

मौसम
अधि. 35.0
न्यून. 25.7

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

- 8वीं कक्षा सोशल साइंस बुक के पार्ट-1 'एक्सप्लोरिंग सोसाइटी: इंडियन एंड बियॉन्ड' पर विवाद
- किताब में दिया डिसक्लेमर- अतीत की घटनाओं के लिए अब किसी को भी नहीं ठहरा सकते जिम्मेदार

13वीं से 17वीं सदी तक के इतिहास को किया कवर




# एनसीईआरटी के पाठ्यक्रम में बदलाव... बाबर बर्बर व हिंसक विजेता, अकबर क्रूर और सहिष्णु, औरंगजेब ने तोड़े मंदिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद अर्थात एनसीईआरटी की आठवीं क्लास की सामाजिक विज्ञान की किताब में बदलाव किया गया है। बदला हुआ यह पाठ्यक्रम मौजूदा शैक्षणिक सत्र से ही लागू होगा। इसी सप्ताह एनसीईआरटी ने यह किताब जारी की है और इसके बाद से इसमें पेश किए गए तथ्यों को लेकर विवाद शुरू हो गया है। मुगलों के इतिहास में क्रूरता को शामिल करते हुए बाबर सहित अकबर ▶▶|शेष पेज 7 पर

### केवल तथ्य पेश करें विचार नहीं

अतीत में जो कुछ हुआ, उसे तथ्यों के साथ पेश करें। इतिहास के नाम पर अपने विचार ना थोपें। केवल सही जानकारी दें और लोगों को सही-गलत का निर्धारण करने दें।

- राजीव गुप्ता, अध्यक्ष निजी स्कूल संघ

**एनसीईआरटी : आठवीं कक्षा के सामाजिक विज्ञान में बदलाव, इसी सप्ताह जारी हुई नई किताब**




### प्रत्येक इतिहासकार का अपना नजरिया

किसी भी घटना को लेकर इतिहासकार का अपना नजरिया होता है। यह दौर अनवेषकों और राष्ट्रवादी इतिहासकारों का है। अत: उन्होंने अपने विचार मुगलों के संदर्भ में रखे।


- डॉ. नितेश मिश्रा, प्राध्यापक प्राचीन भारतीय इतिहास विभाग, रविवि

**इंग्लिश माध्यम किताब के अंशों का हिंदी अनुवाद:** चित्तौड़ के किले पर कब्जे के दौरान अकबर की उम्र 25 साल थी और उन्होंने 30 हजार नागरिकों के जनसंहार के साथ बच्चों और महिलाओं को गुलाम बनाने का फरमान जारी किया था। अकबर के हवाले से कहा गया है, "हमने काफिरों के कई किलों और कस्बों पर कब्जा कर लिया है और ▶▶|शेष पेज 7 पर

**विवाद के बाद एनसीईआरटी ने जारी किया बयान:** विवाद बढ़ने के बाद एनसीईआरटी ने बयान जारी कर जवाब दिया है। एनसीईआरटी ने कहा है, "आठवीं क्लास के लिए सोशल साइंस की नई किताब 'एक्सप्लोरिंग सोसाइटी, इंडिया एंड बियॉन्ड' अब उपलब्ध है। यह किताब राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और स्कूली शिक्षा के लिए राष्ट्रीय ▶▶|शेष पेज 7 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप



### आकाश प्राइम डिफेंस सिस्टम का परीक्षण


**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने लद्दाख में स्वदेशी रूप से विकसित एयर डिफेंस सिस्टम 'आकाश प्राइम' का सफल परीक्षण किया। डीआरडीओ ने इसका वीडियो गुरुवार को जारी किया। इस एडवांस मिसाइल सिस्टम को रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन ने विकसित किया है।

### स्कूल में छात्र की करंट से मौत, जांच के आदेश

**कोल्लम।** कोल्लम जिले में बृहस्पतिवार को एक स्कूल परिसर में करंट लगने से 13 वर्षीय एक छात्र की मौत हो गई, जिसके बाद शिक्षा मंत्री ने घटना की जांच के आदेश दिए। मृतक की पहचान तेवलाक्करा स्थित उच्च माध्यमिक बाल विद्यालय के कक्षा आठवीं के छात्र मिथुन के रूप में हुई है। घटना सुबह करीब सवा नौ बजे उस समय हुई, जब छात्र साइकिल शेड पर गिरी चप्पल उठाने की कोशिश कर रहा था।

### बस की ट्रक से टक्कर में दो मरे, 29 घायल

**अलीगढ़।** टप्पल थाना अंतर्गत आगरा-दिल्ली यमुना एक्सप्रेवे पर निजी डबल डेकर बस की एक



चलते ट्रक से टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में दो व्यक्तियों की मृत्यु हो गई, जबकि 29 अन्य घायल हो गए। मृतकों में बस का चालक भी शामिल है। बस कानपुर से दिल्ली जा थी। दुर्घटना में घायल चार लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### मालगाड़ी से उलझा ट्रॉली का छाता, श्रमिक की मौत

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के रायगड़ रेलवे स्टेशन यार्ड में ट्रॉली का छाता एक मालगाड़ी में उलझ जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। दो अन्य घायल हो गए। एक अनुबंधित कर्मचारी मालगाड़ी की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई। एक अन्य श्रमिक और एक ट्रॉलीमैन को मामूली चोटें आईं। उन्हें पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी जाएगी।

### दो सगे भाइयों समेत तीन बच्चों की मौत

**राजकोट।** गुजरात के राजकोट जिले के एक गांव में झील में डूबने से दो भाइयों समेत तीन बच्चों



की मौत हो गई। यह घटना जामकंडोरना तालुका के गांव पडारिया में उस समय हुई, जब बच्चे झील में नहाने गए थे। बच्चे जैसे ही झील में उतरे तो अचानक गहरे पानी में जाने से वे डूब गए। स्थानीय गोताखोरों ने उनके शवों को बाहर निकाला।

---

सदन में गरजे कांग्रेस विधायक, हंगामे के बाद सभी दिनभर के लिए सस्पेंड

# डीएपी पर हंगामा, नाराज अध्यक्ष बोले- विपक्ष ने 25 साल की परंपराओं की उड़ा दी धज्जियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में खरीफ सीजन में डीएपी खाद की कमी को लेकर गुरुवार को विधानसभा में जमकर हंगामा हुआ। मंत्री के जवाब से अंसतुष्ट कांग्रेस विधायकों ने भाजपा को किसान विरोधी सरकार बताया और सदन में जमकर नारेबाजी की। लगातार नारेबाजी और आग्रह को अनसुनी करने से नाराज विधानसभा अध्यक्ष डा. रमन सिंह ने सभी को पूरे दिन के लिए सदन से सस्पेंड कर दिया। डा. रमन ने कहा, विपक्ष ने 25 साल की स्वस्थ संसदीय परंपराओं की धज्जियां उड़ा दी है।

मामला प्रश्नकाल का है। कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने प्रश्न किया कि डीएपी खाद भंडारण को लेकर जो लक्ष्य निर्धारित किया गया था, 3 लाख 10 टन का, जबकि 1 लाख 48 हजार टन का ही भंडारण हुआ। आधे से कम भंडारण हुआ है, इसकी आपूर्ति का क्या प्लान है? कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने जवाब में कहा, आपूर्ति करने के लिए विभागीय और मुख्यमंत्री स्तर से लगातार संबंधितों से सतत संपर्क किया जा रहा है। आपूर्तिकर्ता कंपनियों से भी विभागीय अधिकारी संपर्क में हैं। डीएपी को लेकर जो परिस्थितियां प्रदेश में बनी हैं, इस बारे में पहले भी कह चुका हूं और आज भी ये कह रहा हूं कि जहां जहां डीएपी की कमी है वहां दूसरी खाद को प्रमोट कर रहे हैं। इसके अलावा डीएपी नैनो भी आ गया है, उसका उपयोग करने के लिए भी किसानों को प्रोत्साहित कर रहे हैं। जैसे-जैसे लोगों तक यह पहुंच रहा है, इससे कई समस्या दूर हो रही है। उर्वरक रैक प्वाइंट में पहुंचने वाला है।

### उर्वरक रैक पहुंचने वाला है प्वाइंट में, समस्या होगी दूर








### कांग्रेसी विधायकों ने मांगा कृषि मंत्री का इस्तीफा

सदन की कार्यवाही हंगामे की वजह से स्थगित की गई। उसके बाद कार्यवाही शुरू होते ही फिर सवाल जवाब के साथ कांग्रेस विधायकों का हंगामा जारी रहा। नारेबाजी करते हुए विपक्षी विधायक गर्भगृह तक पहुंच गए। उन्होंने कृषि मंत्री का इस्तीफा मांगा और नारेबाजी करने लगे। जिसके विधानसभा अध्यक्ष ने कांग्रेस विधायकों को निलंबित कर दिया।

मंत्री ने कहा-

### सिर्फ डीएपी की कमी इसका भी विकल्प दे रहे

विधायक के सवाल पर मंत्री ने जवाब दिया कि 20 जुलाई तक 18 हजार 885 मीटिक टन आपूर्ति होने वाली है। जिनको विभिन्न जगहों में भेजा जाएगा। आने वाले पांच दिनों में 14 रैक एनपीके, डीएपी की खेप पहुंच जाएगी। 17 जुलाई तक 718 मीट्रिक टन डीएपी खरसिया पहुंच जाएगा। मंत्री ने कहा, डीएपी की कमी ना सिर्फ प्रदेश में बल्कि पूरे देश में है। उसको देखते हुए नैनो डीएपी का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। विधायक ने कहा भंडारण आधा होने पर कितना परसेंट सोसाइटी को दिया गया और कितना परसेंट व्यापारियों को दिया गया। इस पर मंत्री ने जवाब दिया ▶▶|शेष पेज 7 पर

### कांग्रेस विधायकों ने की नारेबाजी

मंत्री के जवाब से असंतुष्ट विपक्षी विधायकों ने हंगामा शुरू कर दिया। विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह ने विधायकों को शांत कराने की कोशिश की। उन्होंने कहा, मंत्री से आग्रह है कि डीएपी शत प्रतिशत किसानों को देने की व्यवस्था कर देंगे तो आगे किसी भी तरह की परेशानी किसानों को नहीं होगी। मंत्री ने इस पर जवाब दिया कि आने वाले समय में पूरा डीएपी किसानों को ही दिया जाएगा। आने वाले एक सप्ताह के अंदर कमियों को दूर कर लिया जाएगा। विधायक ने फिर सवाल पूछा कि मंत्री को क्या ये शिकायत मिली कि व्यापारी 1800, 1900 और 2100 में बेच रहे हैं। यदि ऐसी शिकायत मिली है, तो कहां-कहां इस पर कार्रवाई की गई। इसके बाद सदन में हंगामा बढ़ गया। विपक्षी विधायकों ने भाजपा सरकार को किसान विरोधी बताया और किसानों को लूटना बंद करो के नारे लगाना शुरू कर दिया।

नेता प्रतिपक्ष महंत बोले-

### कांग्रेस किसानों के साथ



निलंबन कार्यवाही के बाद कांग्रेस विधायकों ने विधानसभा परिसर में नारेबाजी की। नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत ने कहा, हमारी लड़ाई किसानों के लिए है। हम मांग कर रहे हैं किसानों को डीएपी की खाद दो। निजी क्षेत्र को कम खाद देने की मांग कर रहे हैं। हमारी सरकार सहकारी संस्थाओं को ज्यादा खाद देती थी, लेकिन भाजपा सरकार निजी संस्थाओं को ज्यादा डीएपी खाद दे रही है। हम ये समझ रहे हैं कि किसानों का धान उत्पादन कम करने की साजिश तो नहीं है।

पूर्व सीएम भूपेश ने कहा-

### निजी संस्थानों को ज्यादा डीएपी दे रही सरकार




पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा, सरकार से जवाब आया है कि डीएपी की मांग 3 लाख 10 हजार मीट्रिक टन थी और उसके विरुद्ध 1 लाख 8 हजार मीट्रिक टन की आपूर्ति हुई है। दूसरा हमारा प्रश्न था कि 1 लाख 8 हजार मीट्रिक टन में सोसाइटी में कितना गया और निजी संस्थाओं में कितना मिला। मंत्री इस पर गोलमोल जवाब देते रहे। निजी संस्थानों को लक्ष्य से ज्यादा डीएपी दिया गया है, इसी बात को मंत्री घूमा रहे थे। सदन स्थगित हुआ था, इसके बाद भी मंत्री गोलमोल उत्तर देने लगे। इसके विरोध में हम वेल में आ गए और नेता प्रतिपक्ष सहित सभी विधायक निलंबित हो गए।

---

36 घंटे से मूसलाधार, भूस्खलन भी

# भारी बारिश से रुकी अमरनाथ यात्रा, महिला श्रद्धालु की मौत



एजेंसी ▶▶| जम्मू

कश्मीर घाटी में पिछले 36 घंटे से हो रही भारी बारिश के कारण गुरुवार को अमरनाथ यात्रा स्थगित कर दी गई। मौसम विभाग ने जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों में और भारी बारिश होने की चेतावनी दी है। यात्रा स्थगित करने का कदम गांदरबल जिले में बालटाल मार्ग पर भूस्खलन में एक महिला श्रद्धालु की मौत और तीन अन्य के घायल होने की घटना के एक दिन बाद उठाया गया है।

कश्मीर के संभागीय आयुक्त विजय कुमार बिधूड़ी ने कहा, 17 जुलाई 2025 को पहलगाम और बालटाल दोनों आधार शिविरों से श्री अमरनाथजी यात्रा स्थगित कर दी गई है। पिछले दो दिन से लगातार हो रही भारी बारिश के कारण दोनों मार्गों पर मरम्मत कार्य करना आवश्यक हो गया है।

### 2.35 लाख तीर्थयात्री अब तक पहुंचे

तीन जुलाई को यात्रा शुरू होने के बाद से अब तक 2.35 लाख से अधिक तीर्थयात्री 3,880 मीटर ऊंचाई पर स्थित गुफा मंदिर में दर्शन कर चुके हैं। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा द्वारा दो जुलाई को पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाए जाने के बाद से अब तक कुल 1,01,553 श्रद्धालु जम्मू आधार शिविर से घाटी के लिए रवाना हुए हैं।

### मौसम ठीक रहा तो आज फिर शुरू होगी यात्रा

कश्मीर के संभागीय आयुक्त विजय कुमार बिधूड़ी ने कहा, अगर मौसम ठीक रहा तो पूरी उम्मीद है कि यात्रा शुक्रवार फिर से शुरू हो जाएगी। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि दो दिन के मौसम परामर्श में जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश की चेतावनी दी गई है, जिसमें कश्मीर के यात्रा मार्ग भी शामिल हैं। इस साल यह पहली बार है जब जम्मू से यात्रा स्थगित की गई है।

---

विदेशी मीडिया के भ्रामक कवरेज पर एएआईबी

# हादसे की जांच से पहले निष्कर्ष निकालना गैर-जिम्मेदाराना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया विमान हादसे को लेकर कुछ अंतरराष्ट्रीय मीडिया संस्थानों की तरफ से लगातार फैलाए जा रहे असत्य और अपुष्ट दावों पर भारत की विमान दुर्घटना जांच एजेंसी एएआईबी ने कड़ी आपत्ति जताई है। एजेंसी ने इसे गैर-जिम्मेदाराना और जांच की निष्पक्षता को नुकसान पहुंचाने वाला बताया है। एएआईबी की यह प्रतिक्रिया द वॉल स्ट्रीट जर्नल की उस रिपोर्ट के बाद आई है, जिसमें दावा किया गया कि दुर्घटनाग्रस्त हुए विमान के कॉकपिट रिकॉर्डिंग में एक पायलट की तरफ से जानबूझकर इंजन में ईंधन की आपूर्ति बंद करने की बात सामने आई है। विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो ने अपने पत्र में कहा, एएआईबी विमान (दुर्घटनाओं और घटनाओं की जांच) ▶▶|शेष पेज 7 पर



### मनगढ़ंत निष्कर्ष निकालने की कोशिश

एएआईबी ने अपने बयान में कहा, हमने देखा है कि कुछ अंतरराष्ट्रीय मीडिया संस्थाएं जांच पूरी होने से पहले ही मनगढ़ंत निष्कर्ष निकालने की कोशिश कर रही हैं। यह बेहद गैर-जिम्मेदाराना है। एजेंसी ने कहा, 'जांच अभी पूरी नहीं हुई है। ऐसे में किसी निष्कर्ष पर पहुंचना जल्दबाजी होगी। कृपया भ्रामक सूचनाएं फैलाने से बचें, क्योंकि इससे जांच की निष्पक्षता प्रभावित हो सकती है। अंतिम रिपोर्ट में ही हादसे के असली कारणों और सुधार की सिफारिशों का खुलासा किया जाएगा।

### एएआईबी की पहली रिपोर्ट में क्या?

12 जून को अहमदाबाद में एयर इंडिया के विमान हादसे की जांच कर रही एएआईबी ने अपने प्रारंभिक रिपोर्ट में बताया कि हादसे वाले बोइंग ड्रीमलाइनर विमान के दोनों इंजन टेकऑफ के कुछ ही सेकंड बाद बंद हो गए क्योंकि ईंधन की आपूर्ति रुक गई थी। एअर इंडिया विमान के ब्लैक बॉक्स की जांच में पता चला कि उड़ान के अंतिम क्षणों में, कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर से पता चला कि एक पायलट को दूसरे से यह पूछा कि उसने ईंधन स्विच को बंद क्यों किया? इस पर दूसरे पायलट ने जवाब दिया कि उसने ऐसा नहीं किया। जांच में पता चला कि उड़ान भरने के तुरंत बाद ईंधन स्विच कटऑफ में बदल गए थे, जिससे विमान के इंजनों में ईंधन की आपूर्ति रुक गई। जो हादसे के मुख्य वजहों में एक माना जा रहा है।


---

*बाबा के सहयोगियों और जमीन विक्रेताओं से पूछताछ*

# छांगुर बाबा व नीतू के 12 ठिकानों पर ईडी की दबिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/लखनऊ

प्रवर्तन निदेशालय ने 'छांगुर बाबा' से संबंधित कथित धर्मांतरण गिरोह से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश और मुंबई में कई जगहों पर छापे मारे। अधिकारियों ने बताया कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जिले में 12 और मुंबई में दो ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। यह कार्रवाई बलरामपुर में चर्चा का विषय बनी हुई है।



### छांगुर बाबा जेल में है बंद

बलरामपुर जिले के निवासी जलालुद्दीन का असली नाम करीमुल्ला शाह है। उसका बेटा महबूब और उसके साथियों नवीन उर्फ जमालुद्दीन और नीतू उर्फ नसरीन को हाल में उत्तर प्रदेश आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने गिरफ्तार किया था। फिलहाल ये सभी जेल में बंद हैं।

### ईडी का दावा, बैंक खातों में 106 करोड़

इससे पहले, ईडी ने कहा था कि जलालुद्दीन ने अपने और अपने साथियों से जुड़े 40 बैंक खातों में लगभग 106 करोड़ रुपए जमा किए, जिनमें से अधिकांश राशि पश्चिम एशिया से मिली थी। एजेंसी ने आरोप लगाया कि जलालुद्दीन ने एक बड़ा नेटवर्क बनाया हुआ था जो बलरामपुर स्थित चांद औलिया दरगाह के परिसर से संचालित होता था। इसी जगह पर वह नियमित रूप से भारतीय और विदेशी नागरिकों की बड़ी सभाएं आयोजित करता था।

---

जन्मदिन समारोह से लौट रहे थी तीन दंपति

# कार और बाइक की टक्कर बच्चे समेत सात की मौत

एजेंसी ▶▶| नासिक

महाराष्ट्र के नासिक जिले में कार और मोटरसाइकिल की टक्कर में तीन दंपति और दो-वर्षीय एक बच्चे की मौत हो गई तथा दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। यह दुर्घटना जिले के डिंडोरी कस्बे के निकट वाणी-डिंडोरी मार्ग पर एक नर्सरी के पास हुई। अधिकारी ने बताया कि ये सभी रिश्तेदार थे और एक अन्य रिश्तेदार के जन्मदिन समारोह में शामिल होने के बाद कार से सारसाले लौट रहे थे।



### कार का टायर फटा फिर बाइक से टकराई

कार नासिक से वाणी जा रही थी, तभी उसका आगे का एक टायर फट गया। चालक ने कार से नियंत्रण खो दिया और सामने से आ रही मोटरसाइकिल से टकराने के बाद दोनों वाहन सड़क किनारे नहर में गिर गए।

---

सुप्रीम कोर्ट ने सालभर में ही बदला अपना फैसला

# खुली सुनवाई के बाद मां को लौटा दी बच्चे की कस्टडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में एक वैवाहिक विवाद और बच्चे की कस्टडी से जुड़े मामले में अपने ही फैसले को सालभर के अंदर पलट दिया है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस प्रसन्ना बी वराले की पीठ ने कहा कि पिछले साल अगस्त में पिता को दिए गए कस्टडी के आदेश से बच्चे के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ा है और बच्चा चिंता एवं अवसाद से ग्रस्त है। इसलिए, मां की पुनर्विचार याचिका को स्वीकार करते हुए बच्चे की कस्टडी अब मां को दी जाती है।

### नजरअंदाज नहीं कर सकते

पीठ ने कहा, हम उस आघात को नजरअंदाज नहीं कर सकते जो अदालतों द्वारा पिता को अभिरक्षा सौंपने के आदेशों के परिणामस्वरूप बच्चे को हो रहा है। न्यायालय ने आगे कहा कि यद्यपि समीक्षा अधिकारिता का संयम से प्रयोग किया जाना चाहिए, लेकिन पूर्व के फैसले के कारण बच्चे का बिगड़ता मानसिक स्वास्थ्य न्यायिक हस्तक्षेप के लिए एक पर्याप्त और बाध्यकारी कारण है।



**माता-पिता की शादी 2011 में हुई थी :** फैसले के अनुसार बच्चे के माता-पिता की शादी 2011 में हुई थी। बच्चे का जन्म 2012 में हुआ था। इसके एक साल बाद ही पति-पत्नी अलग हो गए। उस समय बच्चे की कस्टडी मां को सौंप दी गई थी। उस मां ने 2016 में दूसरी शादी कर ली। उसके दूसरे पति से भी दो बच्चे थे और नई शादी से भी एक बच्चा है।

### पिछले साल बरकरार रखा था हाईकोर्ट का आदेश

इससे पहले पिछले साल शीर्ष अदालत ने पिता के पक्ष में केरल हाई कोर्ट के आदेश को बरकरार रखा था। उस समय मामले की सुनवाई करते हुए बच्चे को हुई गंभीर मनोवैज्ञानिक क्षति को ध्यान में नहीं रखा गया था। लिहाजा, उन परिस्थितियों पर विचार करते हुए शीर्ष अदालत ने अब बच्चे की कस्टडी मां को दे दी और जैविक पिता के बच्चे से मिलने के अधिकार में भी संशोधन किया। अपने पुराने फैसले को पलटते हुए पीठ ने कहा, वैवाहिक विवाद के मामलों में बच्चे की कस्टडी पर अदालती फैसले 'कठोर' और 'अंतिम' नहीं हो सकते।

---

### ब्रिटेन में 16 साल की उम्र में दे सकेंगे वोट

**लंदन।** ब्रिटेन में अब वोट डालने की न्यूनतम उम्र अब 18 से घटकर 16 साल हो गई है। सरकार ने ऐलान किया है कि अब 16 और 17 साल के युवा भी अगले आम चुनाव में वोटिंग कर सकते हैं। ब्रिटेन में मतदान की उम्र में आखिरी बार बदलाव 1969 में हुआ था, जब इसे 21 से घटाकर 18 साल किया गया था। इससे पहले 16-17 साल के युवा केवल स्कॉटलैंड और वेल्स में कुछ चुनावों में ही वोट डाल सकते थे, लेकिन अब वे पूरे ब्रिटेन में स्थानीय, क्षेत्रीय और आम चुनावों में हिस्सा ले सकेंगे। इसके अलावा ब्रिटेन की सरकार ने एक नया नियम बनाया है, जिसके तहत अब कोई भी राजनीतिक पार्टी विदेश से 500 पाउंड (करीब 58,000 रुपए) से ज्यादा का चंदा नहीं ले सकेगी।



# हाथ में चाय का कप, गोद में शेर का बच्चा इस रेस्टोरेंट में मिलेगा गजब का रोमांच

**बीजिंग।** सोचिए आप किसी रेस्टोरेंट में चाय पीने जाएं और आपके सामने सिर्फ खाना ही नहीं, बल्कि एक शेर का छोटा बच्चा भी हो, जिसे आप गोद में उठाकर दुलार सकते हैं! चीन में ऐसा हो रहा है और यह खबर इन दिनों इंटरनेट पर खूब वायरल हो रही है। यह अजीबो-गरीब अनुभव मिल रहा है चीन के शांक्सी प्रांत के ताइयुआन शहर में बने एक रेस्टोरेंट में, जिसका नाम है वानहुई रेस्टोरेंट। यहां खाना खाने आए लोग न सिर्फ शेर के बच्चों को गोद में लेते हैं, बल्कि उनके साथ फोटो भी खिंचवाते हैं। सोशल मीडिया पर इस रेस्टोरेंट के वीडियो और तस्वीरें खूब शेयर हो रही हैं।

### खाने के साथ जानवरों का अनुभव बेच रहा है रेस्टोरेंट

यह रेस्टोरेंट जून महीने में शुरू हुआ था और अब हर दिन सिर्फ 20 लोगों को टिकट बेचता है। एक टिकट की कीमत करीब 1,078 युआन यानी 12,500 रुपये है। इस टिकट में चार कोर्स वाला एक खास मील (खाना) मिलता है और साथ में शेर के बच्चे, लामा, कछुए और हिरन जैसे जानवरों के साथ वक्त बिताने का मौका भी। रेस्टोरेंट के मालिकों ने इसे एक नया टीटाइम एक्सपीरियंस बताया है, जिसमें लोग आराम से बैठकर जानवरों के साथ समय बिता सकते हैं, उन्हें गोद में लेकर तस्वीरें ले सकते हैं और एक खास माहौल का मजा ले सकते हैं।

### जानवरों के साथ ऐसा बर्ताव ठीक है?



लेकिन, इस अनोखे रेस्टोरेंट की जितनी तारीफ हो रही है, उससे कहीं ज्यादा आलोचना भी हो रही है। कई लोगों का कहना है कि जानवरों को इस तरह इंसानों की मनोरंजन की चीज बनाना ठीक नहीं है। सोशल मीडिया पर ज्यादातर लोग नाराज़ हैं और कह रहे हैं कि यह जानवरों की आज़ादी और सेहत के लिए बहुत खतरनाक हो सकता है। कुछ लोगों ने सवाल उठाए कि इतने छोटे शेर के बच्चों को रोज इतने लोगों के बीच घुमाना क्या उनके लिए सुरक्षित है? उन्हें किस हाल में रखा जा रहा है? क्या उन्हें ठीक से खाना, नींद और देखभाल मिल रही है?
**सिर्फ अमीरों का खेल, आम लोगों में नाराजगी :** वीबो और वीचैट जैसे प्लेटफॉर्म पर कई यूज़र्स ने इस सर्विस को खतरनाक और अमानवीय बताया. एक यूज़र ने लिखा, ये सब अमीरों के खेलने की चीज़ें हैं। आम लोग तो ठीक से चाय भी नहीं पी सकते और ये लोग शेरों को गोद में लिए बैठे हैं।

### पहले भी हो चुका है ऐसा मामला

चीन में जानवरों को लेकर ऐसी घटनाएं पहले भी सामने आ चुकी हैं। कुछ हफ्ते पहले चोंगकिंग शहर के एक होटल में रेड पांडा वेक-अप सर्विस नाम की स्कीम शुरू की गई थी। इस स्कीम में होटल के मेहमानों को सुबह-सुबह रेड पांडा आकर उठाते थे। बाद में इस होटल के खिलाफ जांच शुरू हुई, क्योंकि जानवरों को इस तरह इस्तेमाल करना गलत माना गया।

## रोचक खबरें

### एक ही देश में ब्रेकफास्ट और डिनर साथ-साथ हर आदमी के घड़ी में दिखता है अलग समय

**मास्को।** दुनिया भर के तमाम देशों में कुछ अजीब है तो कहीं ऐसी खूबसूरती है कि उससे नजरें ही ना हटें। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि एक देश ऐसा भी है जहां एक ही समय पर आधे हिस्से में दिन और आधा हिस्सा रात की काली परछाई में डूबा रहता है। कितना अजीब लगता होगा, जब आधे लोग सोकर काम पर जाते होंगे तो आधे सोने की तैयारी में जुटते होंगे। दुनिया भर में कुल 195 देश हैं जो अलग-अलग टाइम जोन को फॉलो करते हैं, जिस कारण से हर देशों में घड़ी का समय एक जैसा नहीं होता। लेकिन, आज हम ऐसे देश की बात करेंगे जहां 11 टाम जोन है। ये सुनकर शायद आप हंस पड़ें कि, इस देश के लोग एक ही समय पर ब्रेकफास्ट और डिनर दोनों करते हैं। हम बात कर रहे हैं सबसे ताकतवर देशों में से एक रूस की।



**एक साथ दिन-रात कैसे :** रशिया या रूस दुनिया का इकलौता देश है जहां सुबह और रात दोनों एक साथ होती है। आइए जानते हैं कि ऐसा कैसे संभव हो सकता है? इससे पहले आपको बता दें कि यह सिलसिला लगभग 76 दिनों तक चलता है। इसी कारण से रूस को मध्यरात्रि सूर्य का देश कहा जाता है। यहां के एक शहर मरमंस्क में गर्मियां लंबी होती हैं। इस दौरान सूरज इतना तेज चमकता है कि लोग दिन और रात में फर्क करना ही भूल जाते हैं।

**कितने घंटे का फर्क :** 11 टाइम जोन होने के कारण जब रूस के पूर्व में दोपहर के 1 बज रहे होते हैं तो इसके पश्चिम में पिछली रात के करीब 12 बज रहे होते हैं। इसके चलते एक ही देश के अलग-अलग हिस्सों में रहने वाले लोग एक ही समय पर दिन और रात का अनुभव करते हैं। बहुत कम ही लोग जानते होंगे कि रूस को फादर ऑफ वोदका कहा जाता है, क्योंकि इसका इस्तेमाल करने वाला ये दुनिया का पहला देश था। इसके अलावा इस देश में पुरुषों की तुलना में महिलाओं की संख्या ज्यादा है।

### सांप को देखते ही पकड़कर जिंदा चबा गया युवक, देखते ही चीखने लगी मां

**लखनऊ।** दुनिया में कई प्रजाति के सांप पाए जाते हैं। इनमें कई बेहद जहरीले और खतरनाक होते हैं। अगर यह किसी को काट लें, तो बचना बेहद मुश्किल होता है। यही वजह को सांप को देखकर बड़े-बड़े लोगों की हालत खराब हो जाती है। लेकिन, इन दिनों एक ऐसा मामला है, जिसने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। यह पूरा मामला उत्तर प्रदेश के बांदा का है। यहां पर एक युवक ने कुछ ऐसा किया है, जिसे आनकर आपकी रूह कांप जाएगी। बांदा के बबेरू थाना क्षेत्र हरदौली गांव में 35 वर्षीय युवक नशे में जिंदा सांप को मुंह में डालकर चबा डाला। उसने सांप के कई टुकड़े कर उसे निगल भी गया। यह देखकर परिजनों के होश उड़ गए। युवक का नाम अशोक है। उसकी मां ने यह चीख-पुकार मचाई और किसी तरह बेटे के मुंह से सांप को बाहर निकाला। लेकिन, तब तक वह दो-तीन टुकड़े निगल चुका था। इसके बाद आनन-फानन में परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर। जहां डॉक्टरों की टीम उसका इलाज कर रही है। परिजनों ने बताया कि अशोक शराब के नशे में घर के पास घूम रहा था, तभी उसे एक जिंदा सांप दिखा। नशे की हालत में उसने सांप को पकड़ लिया और उसे सीधे मुंह में डालकर दांतों से काटने लगा। यह भयावह नजारा देखकर आसपास के लोग हैरान रह गए।



### इंसान की पलकों पर रहते हैं बेहद छोटे जीव, रात में बढ़ाते हैं अपनी आबादी

**न्यूयार्क।** आपने किलनी या जुएं जैसे जीवों को देखा होगा। किलनी जहां कुत्तों के शरीर पर पड़ी रहती है, वहीं जुएं इंसान के सिर पर मौजूद होती हैं। ये दूसरे जीवों पर रहकर जीवन यापन करते हैं और खाना लेते हैं। पर क्या आप जानते हैं कि हमारे शरीर पर सिर्फ जुएं ही नहीं, कुछ ऐसे भी जीव रहते हैं जो नजर नहीं आते। ये जीव इतने छोटे होते हैं कि इन्हें खुली आंखों से देखना नामुमकिन होता है। इनमें से एक जीव हमारी आंखों की पलकों पर रहता है और वहीं अपनी आबादी भी बढ़ाता है। क्या आपको बार-बार आंखों में जलन, खुजली या सूखापन महसूस होता है? अगर हां, तो हो सकता है इसका कारण वह न हो जो आप सोच रहे हैं। अमेरिका में 2 करोड़ से अधिक लोग 'ड्राई आई डिजीज' यानी आंखों के सूखने की समस्या से पीड़ित हैं। लेकिन, विशेषज्ञों के मुताबिक इस समस्या के पीछे एक अदृश्य और डरावना कारण भी हो सकता है- आपकी पलकों और भौहों में छिपे हुए छोटे-छोटे कीटाणु, जिन्हें आईलैश माइट्स या डेमोडेक्स कहा जाता है।



**हर इंसान की त्वचा में होते हैं मौजूद :** डॉ. एश्ले ब्रिसेट, न्यूयॉर्क की एक आंखों की विशेषज्ञ और सर्जन, बताती हैं कि ये आठ पैरों वाले सूक्ष्म जीव आमतौर पर हर इंसान की त्वचा में मौजूद होते हैं और ये हमारे बालों की जड़ों व ऑयल ग्लैंड्स में रहते हैं। ये कीटाणु हमारी पलकों पर मौजूद बैक्टीरिया को खाते हैं और रात के समय हमारे चेहरे पर ही प्रजनन करते हैं। ये कीटाणु आमतौर पर नुकसान नहीं पहुंचाते, लेकिन जब इनकी संख्या बढ़ जाती है, तो ये आंखों में सूजन, लालपन, खुजली, स्टाई (आंख पर फुंसी) और पलकों से बाल झड़ने जैसी समस्याएं पैदा कर सकते हैं।

# 25 किलो वजनी उल्कापिंड की हुई रिकॉर्ड तोड़ नीलामी, 4.3 मिलियन डॉलर में बिका

**वॉशिंगटन।** लाल ग्रह से धरती पर गिरे इस पत्थर की बोली नीलामी में उम्मीद से कहीं ज्यादा लगी। इस खुरदुरे पत्थर का आधिकारिक नाम एनडब्ल्यूए 16788 है। यह उत्तर-पश्चिम अफ्रीका में बरामद हुआ था, जिस कारण से इसके नाम के आगे एनडब्ल्यूए लगा है। हालांकि, इस पत्थर की नीलामी में भीड़ उतनी नहीं दिखी, जितने का अंदाजा लगाया जा रहा था।




### कौन है पत्थर का मालिक?

अब सवाल आता है कि 25 किलो के इस टुकड़े का मालिक कौन है? ऐसी संभावना है कि हम और आप कभी जान ही नहीं पाएंगे कि इस टुकड़े को खरीदा किसने। यह खरीदने वाले पर निर्भर करता है कि वह अपनी पहचान सार्वजनिक करना चाहता है या नहीं। कैसंड्रा हटन का कहना है कि, कई सारे लोग गुमनाम रहना ही पसंद करते हैं। कैसंड्रा सोथबीज में विज्ञान और प्राकृतिक इतिहास की उपाध्यक्ष हैं।

### अनुमान से था ज्यादा

नीलामी शुरू होने से पहले इसकी कीमत 2 मिलियन डॉलर तय की गई थी, लेकिन लाइव बोली के दौरान यह थोड़ी धीमी रही। लेकिन, फिर भी लाल ग्रह के इस पत्थर 4.3 मिलियन डॉलर में बिका जो पहले लगाए गए 4 मिलियन के अधिकतम अनुमान से ज्यादा था। बाकी लगे एक्स्ट्रा शुल्क को मिलाकर इसकी कीमत 5.3 मिलियन डॉलर हो जाती है। बता दें कि एनडब्ल्यूए 16788 सिर्फ आकार के मामले में ही नहीं, बल्कि खूबसूरती के मामले में भी मंगल के दूसरे उल्कापिंडों से अलग है, जो मंगल की सतह जैसा दिखता है।




### नीलामी में क्या-क्या बिका?

16 जुलाई को हुई इस नीलामी में सिर्फ मंगल ग्रह का ये पत्थर ही नहीं, बल्कि कई सारी दुर्लभ चीजों की नीलामी भारी कीमतों में हुई। इस नीलामी का दूसरा सबसे बड़ा आकर्षण रहा सेराटोसॉरस का कंकाल जो 2.6 करोड़ डॉलर में बिका। इसके अलावा 1.4 करोड़ डॉलर में 6.7 करोड़ साल पुराना टायरानोसॉरस रेक्स का पैर, मेगालोडन शार्क का दांत 18000 डॉलर, निएंडरथल औजार का एक सेट 45 हजार डॉलर में बिका।

### कैसंड्रा ने क्या कहा?

सोथबीज की कैसंड्रा ने बताया कि, बोली लगाने वालों से ही हमें पता चलता है कि चीजों की कीमत क्या है। बाकी के सारे अनुमान लोगों को सिर्फ संकेत देने के लिए होते हैं। इसके आगे उन्होंने कहा, पिछली गर्मियों में मैनें स्टेगोसॉरस एपेक्स बेचा था। स्टेगोसॉरस के लिए अंदाजा 4 से 6 मिलियन डॉलर का था, लेकिन इसकी बोली 44.6 मिलियन डॉलर में बिका था।

### भारत में हुई धरती की सबसे अजीबो-गरीब घटना

# लद्दाख के आसमान में दिखा नॉर्दर्न लाइट्स जैसा नजारा

## पिछले 2 दशकों में देखी गई किसी भी घटना से बिल्कुल अलग थी

**नई दिल्ली।** पिछले साल मई के महीने में लद्दाख के ऊपर दूर हिमालय के आसमान में एक बड़ा अनोखा खगोलीय नजारा देखा गया था जिसे ऑरोरा कहते हैं। आमतौर पर यह ध्रुवों पर ही दिखाई देते हैं, लेकिन लद्दाख में इनका देखा जाना काफी हैरान करने वाला है। इस घटना के एक साल बितने के बाद भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान के खगोलविदों ने उन घटनाओं का खुलासा किया है जिसकी वजह से ये दुर्लभ नजारा देखने को मिला था। दरअसल, सूरज से लगातार 6 बड़े कोरोनल मास इजेक्शन की वजह से रिकॉर्ड तोड़ सौर तूफान आया था। ये बिजली ग्रिड को भी बर्बाद कर सकते हैं। लेकिन, 10 मई 2024 को हुई घटना पिछले 2 दशकों में देखी गई किसी भी घटना से बिल्कुल अलग थी।

### कैसे मिला डाटा?

आईआईए के फैकल्टी मेंबर डॉ.वागीश मिश्रा ने बताया कि आपस में जुड़े 6 सीएमई का ये अनोखा क्रम था जो सोलर फ्लेयर्स से जुड़ा था। नासा और ईएसए द्वारा चलाए जा रहे स्पेस ऑब्जर्वेटरी से मिले डाटा का इस्तेमाल कर के लद्दाख के हामले में मौजूद आईआईए की भारतीय वैज्ञानिकों ने खाय मॉडल बनाया। इस पूरे अध्ययन को एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स जर्नल में छापा गया है।



### आदित्य एल-1 मिशन

अध्ययन की सह लेखिका अंजलि अग्रवाल ने कहा, यह काम अंतरिक्ष में मौसमों के पूर्वानुमान की शुरुआत है। भारत का आदित्य एल-1 मिशन शुरू हो चुका है। टीम को उम्मीद है कि वह सूरज के पास के डाटा धरती के नजदीकी जांच का इस्तेमाल करके अपने मॉडल को और बेहतर बनाएंगे।

### वैज्ञानिक क्यों थे हैरान?

मुख्य लेखक और पीएचडी शोधकर्ता सौम्यरंजन खुंटिया ने बताया, शुरुआत में सीएमई ने भारी गर्मी छोड़ी, लेकिन आगे बढ़ते-बढ़ते उन्होंने गर्मी को सोखना और बनाए रखना शुरू कर दिया। आपको बता दें कि धरती के करीब नासा के विंड अंतरिक्ष यान डिवाइस ने अजीब चीज देखी थी। आखिरी सौर बादल में जुड़वां चुंबकीय संरचनाएं देखे थे, जिसे दोहरी प्रवाह रस्सियां कहते हैं। इन्होंने ऐसे एक दूसरे पर असर डाला जिससे लद्दाख में खूबसूरत उत्तरी रोशनी या ऑरोरा बनी।

### कहने को जंगली पेड़, लेकिन इसका तना भी नहीं बचता




**छतरपुर।** मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में एक ऐसा जंगली पेड़ भी पाया जाता है, जिसे लोग बड़े चाव से खाते हैं। दरअसल, जिले के जंगलों में खजूरी या खजरी नाम के पेड़ पाए जाते हैं। बरसात के मौसम में इसमें फल भी पकते हैं। हालांकि, इसमें कांटे भी होते हैं। लेकिन, फिर भी यहां इस पेड़ के तने को फल के तौर पर खाया जाता है। साथ ही इसकी सब्जी भी बनाई जाती है, जो काफी स्वादिष्ट होती है। ग्रामीण बताते हैं कि यहां पर खजूरी के पेड़ खूब पाए जाते हैं, जिन्हें क्षेत्रीय भाषा में खजरी के नाम से जाना जाता है। बरसात के मौसम में इसमें फल भी पकने शुरू हो जाते हैं, जिसे लोग खूब पसंद करते हैं। इस कांटेदार पेड़ का फल ही नहीं खाया जाता है, बल्कि इसका तना भी फल के तौर पर खाया जाता है। वैसे तो पूरे साल आपको छतरपुर जिले में खजूरी के पेड़ दिख जाएंगे, लेकिन बरसात के मौसम में इस पेड़ की मांग ज्यादा हो जाती है। क्योंकि, इस मौसम में छोटी-छोटी खजूरी के पेड़ ज्यादा देखने को मिल जाते हैं और इन्हीं छोटी खजूरी के तने को फल के तौर पर खाया जाता है। लोग इसे देखते ही कुल्हाड़ी लेकर टूट पड़ते हैं।
**तने को निकालना काफी मेहनत का काम :** ग्रामीण बताते हैं कि खजूरी पेड़ के तने को निकालने में बहुत मेहनत लगती है। पहले इसके कांटों को धीरे-धीरे छांटना होता है और फिर इसके तने को छांटा जाता है। तब जाकर खाने वाला हिस्सा निकलता है। कड़ी मेहनत और रिस्क के बाद इस पेड़ का खाने वाला हिस्सा मिल पाता है।

### 2012 में शुरू की गई थी और आज भी यह कंपनी की सबसे लोकप्रिय सेवाओं में से है एक

# यहां किराए पर मिलती हैं दादी-नानी, 1 घंटे के लिए लोग देते हैं 1800 रुपए

**टोक्यो।** आजकल संयुक्त परिवार घटने लगे हैं। लोग अपने दादा-दादी या नाना-नानी से दूर होते जा रहे हैं। इस वजह से वो अकेलेपन की जिंदगी बिता रहे हैं। बड़े-बुजुर्गों के साथ से घर तो भरा ही रहता है, साथ ही इंसान कई अलग-अलग प्रकार के अनुभवों को भी सीख लेता है जो उसकी जिंदगी के लिए बेहद जरूरी होते हैं। जापान में जो लोग नहीं सीख पाते, उनके लिए एक कंपनी ने खास सेवा शुरू की है। यहां पर अब लोग दादी-नानी को किराये पर ले सकते हैं। क्या आपने कभी चाहा है कि आपकी परेशानियों को कोई समझदार व्यक्ति सुने, आपको सलाह दे या आपके लिए एक स्वादिष्ट घर का बना खाना तैयार करे? जापान में अब यह मुमकिन है। जापान की क्लायंट सर्विसेज नाम की एक कंपनी 'ठीक है दादी' नाम की एक अनूठी सेवा प्रदान करती है, जिसमें 60 से 94 वर्ष की उम्र की महिलाओं को किराए पर लिया जा सकता है। 'ठीक है दादी' सेवा 2012 में शुरू की गई थी और आज भी यह कंपनी की सबसे लोकप्रिय सेवाओं में से एक है।



### जीवन की ठंडी छांव और अपनापन भी लाती हैं साथ

कंपनी के अनुसार, ये दादियां न केवल उम्र में बड़ी हैं, बल्कि अनुभव में भी अमूल्य हैं। उनके पास घर के काम, बच्चों की देखभाल, पारंपरिक खाना बनाने और जीवन की समझ जैसी कई योग्यताएं हैं। वे सिर्फ सेवा देने नहीं आतीं, बल्कि जीवन की ठंडी छांव और अपनापन भी साथ लाती हैं। ग्राहकों को सिर्फ अपनी ज़रूरतें बतानी होती हैं, जैसे कि किसी को खाना बनाना सिखाना है, किसी को अकेलापन महसूस हो रहा है या किसी भावनात्मक समस्या में मार्गदर्शन चाहिए और कंपनी उपयुक्त दादी को उनके पास भेज देती है।

### अजीबोगरीब ढंग से इस्तेमाल कर रहे ग्राहक

कुछ ग्राहकों ने इस सेवा का उपयोग असामान्य तरीकों से किया है। एक व्यक्ति ने बताया, 'मैं अपने बॉयफ्रेंड से ब्रेकअप करना चाहती थी, लेकिन अकेले हिम्मत नहीं हो रही थी, इसलिए मैंने एक दादी को साथ चलने के लिए बुलाया।' वहीं, एक अन्य ने कहा, मेरी शादी में रिश्तेदार कम थे, तो मैंने एक दादी को परिवार की सदस्य के रूप में आमंत्रित किया। 'ठीक हे दादी' सेवा में शामिल दादियां सिर्फ खाना बनाना या घर साफ़ करना ही नहीं जानतीं, कई तो बेहतरीन सलाहकार भी हैं। जीवन के अनुभवों से सीख कर, वे आज के युवा को रिश्तों, कॅरियर या मानसिक तनाव से निपटने की सलाह देती हैं। कई दादियां बेहतरीन हैंडराइटिंग में भी माहिर हैं, जो उन्हें पारंपरिक जापानी संस्कृतियों के समारोहों में विशेष बनाती हैं।



# अमेरिका ने रोका रूसी सस्ता तेल, तो तैयार है प्लान

## भारत सरकार का आया बयान | पुरी बोले- 'अगर ऐसा कुछ होता है, तो हम निपट लेंगे'

**वाशिंगटन।** अमेरिका की ओर से बीते कुछ दिनों में रूस और उसके साथ व्यापारिक साझेदारी रखने वाले देशों को लगातार टैरिफ की धमकियां (यूएस टैरिफ वारनिंग) दी जा रही हैं। पहले डोनाल्ड ट्रंप ने रूस पर यूक्रेन के साथ जारी युद्ध को 50 दिन में रोकने या भारी टैरिफ का सामना करने की धमकी दी गई, तो वहीं इसके अगले ही दिन नाटो ने रूस के साथ व्यापार करने वाले देशों पर 100% टैरिफ की चेतावनी दी और उनके निशाने पर खासतौर पर भारत, ब्राजील और चीन रहे। अमेरिकी धमकियों के बीच रूसी तेल का सबसे बड़े खरीदार भारत की ओर से बड़ा बयान जारी किया गया है। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने गुरुवार को कहा कि, 'अगर ऐसा कुछ होता है, तो हम उससे निपट लेंगे।'

### रूस पर बैन से बाधित नहीं होती तेल आपूर्ति

रूस के बहाने भारत समेत अन्य बड़े देशों अमेरिका द्वारा तेल को लेकर साधे जा रहे निशाने के बीच नरेंद्र मोदी सरकार में पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि रूसी आयात पर प्रतिबंध लगने पर भी भारत के पास तेल आयात के कई रास्ते हैं। उन्होंने कहा कि अगर रूस पर टैरिफ प्रतिबंधों के कारण आपूर्ति प्रभावित होती भी है, तो भारत वैकल्पिक स्रोतों से अपनी तेल जरूरतों को पूरा करने में पूरी तरह सक्षम है।



### ऐसे बनाए जा रहे नए रास्ते

केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री की ओर से आगे कहा गया कि तेल मार्केट में गुयाना जैसे कई नए सप्लायर्स की एंट्री हो रही है, इसके अलावा ब्राजील और कनाडा जैसे मौजूदा उत्पादकों से भी आपूर्ति जारी है। पुरी के मुताबिक, भारत रूसी आयात से जुड़ी किसी भी समस्या से निपटने के लिए ऐसे ही दूसरे देशों से आपूर्ति करना जारी रखेगा. इसके अलावा भारत भी एक्सप्लोरेशन और प्रोडक्शन एक्टिविटीज लगातार बढ़ा रहा है। दिल्ली में एक कार्यक्रम के दौरान पुरी ने ये आश्वाशन देते हुए कहा कि 'मैं बिल्कुल भी चिंतित नहीं हूं, अगर कुछ होता है, तो हम उससे निपट लेंगे।'

### 40 देशों से भारत कर रहा खरीदारी

रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि भारत ने अपनी जरूरत के तेल की आपूर्ति के लिए स्रोतों में विविधता लाने का काम किया है और इसका असर ये हुआ है कि पहले हम जहां 27 देशों से खरीदारी करते थे, वहीं अब लगभग 40 देशों से खरीदारी कर रहे हैं। आंकड़ों पर नजर डालें इस समय रूस भारत का शीर्ष तेल आपूर्तिकर्ता बना हुआ है और भारत की कुल आपूर्ति का लगभग 35% हिस्सा वहीं से आता है। इसके बाद इराक, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात का नंबर आता है।

### ट्रंप और नाटो ने दी है ये धमकी

*गौरतलब है कि इस सप्ताह के पहले दिन सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस को बड़ी धमकी दी थी। ट्रंप ने नाटो के साथ बैठक के दौरान रूस से 50 दिन के भीतर यूक्रेन के साथ युद्ध रोकने या फिर 100 फीसदी तक टैरिफ का सामना समेत अन्य व्यापारिक प्रतिबंधों की धमकी दी थी। इसके बाद नाटो सेक्रेटरी मार्क रूट ने चेतावनी देते हुए कहा था कि जो भी देश रूस के साथ व्यापार करते हैं, उन्हें भी भारी-भरकम टैरिफ का सामना करना पड़ सकता है। मार्क रूट ने खासतौर पर भारत, चीन और ब्राजील पर निशाना साधा था।*

---

## बगदाद से लगभग 160 किलोमीटर कुत शहर में हुआ हादसा

# इराक के शॉपिंग मॉल में भीषण आगजनी, 60 लोगों की हुई मौत

एजेंसी ▶▶| बगदाद

इराक के शॉपिंग माल में भीषण आग लगने की जानकारी सामने आ रही है। इराक की राज्य मीडिया ने गुरुवार को बताया कि उसके पूर्वी शहर कुत के एक शॉपिंग मॉल में भीषण आग लग गई। एपी न्यूज के अनुसार इस दुर्घटना में मरने वालों की संख्या अब तक 60 तक पहुंच चुकी है। काफी संख्या में लोग घायल हो गए। वीडिओ में देखा जा सकता है कि आग एक तल से होते हुए सभी तलों तक पहुंच चुकी है और पूरी इमारत को अपनी चपेट में ले चुकी है। सबकुछ तेजी से जलकर खाक होता दिख रहा है। यहां आसपास सिर्फ और सिर्फ चीख-पुकार है। बिल्डिंग से कुछ मीटर दूर लोग बेबस होकर आग का तांडव देखने को मजबूर हैं।

### वीडियो आया सामने, आसपास सिर्फ और सिर्फ चीख-पुकार

### लोग बेबस होकर देखते रहे आग का तांडव





### ऐसे लगी आग

खलीज टाइम्स की खबर के अनुसार हाइपर मॉल में आग बुधवार देर रात भड़की, लेकिन इसके कारण का अब तक पता नहीं चल सका है। यह जानकारी गवर्नर मोहम्मद अल मियाही ने दी। कुत शहर बगदाद से लगभग 160 किलोमीटर (100 मील) दक्षिण-पूर्व में स्थित है, वहां के अस्पतालों में तड़के 4 बजे तक एम्बुलेंस घायल लोगों को पहुंचा रही थीं, जिससे अस्पताल के बेड भर गए।

### दर्जनों लापता, लोगों में दहशत का माहौल

ईराकी मीडिया के अनुसार इस भीषण आग में कम से कम 60 लोगों की मौत हो गई है और दर्जनों लोग लापता बताए जा रहे हैं। वीडियो देखकर आग की भयावहता का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। मौके पर राहत और बचाव का काम जारी है। मगर आग बहुत बेकाबू हो चुकी है। मॉल और उसके आसपास के इलाके को आग लगने के बाद खाली कराया गया है। यातायात को अवरुद्ध कर दिया गया है। लोगों में दहशत का माहौल है।

### 5 दिन पहले खुला था मॉल

रिपोर्ट के अनुसार यह मॉल सिर्फ पांच दिन पहले ही खोला गया था। शुरुआती रिपोर्टों में कहा गया है कि आग की शुरुआत पहली मंजिल से हुई थी। एक संवाददाता ने बताया कि अस्पताल में जले हुए शव देखे गए। गवर्नर मियाही ने इस घटना के बाद प्रांत में तीन दिन के शोक की घोषणा की है और कहा है कि स्थानीय प्रशासन मॉल और इमारत के मालिक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेगा। वासीट प्रांत के गवर्नर मोहम्मद अल मियाही ने सरकारी समाचार एजेंसी आईएनए को बताया, 'एक बड़े शॉपिंग सेंटर में लगी दुखद आग में मारे गए और घायल हुए लोगों की संख्या लगभग 50 तक पहुंच गई है।'

### पहले भी इराक में हो चुकी हैं ऐसी घटनाएं

इराक में पहले भी इस तरह की भयावह घटनाएं हो चुकी हैं। उस दौरान इराक में भवनों के निर्माण के मानक उत्कृष्ट न होने के कारण आग लगने की बातें सामने आई थीं। जुलाई 2021 में इराक के नसीरियाह शहर के एक अस्पताल में लगी आग में 60 से 92 लोगों की जान गई थी। वहीं, 2023 में निनवे प्रांत के हमदानिया इलाके में एक शादी समारोह के दौरान हॉल में लगी आग में 100 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। उस दौरान आतिशबाजी हो रही थी और तभी छत के पैनलों में आग लग गई थी।

---

## बेंगलुरु भगदड़ मामला, कर्नाटक सरकार ने दी मंजूरी

# आरसीबी को बड़ा झटका चलेगा क्रिमिनल केस




एजेंसी ▶▶| बेंगलुरू

बेंगलुरु भगदड़ मामले में कर्नाटक सरकार ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) और कर्नाटक राज्य क्रिकेट एसोसिएशन (केएससीए) के खिलाफ आपराधिक मामले दायर करने की मंजूरी दे दी है। ये फैसला मंत्रिमंडल की बैठक में जस्टिस माइकल डी'कुन्हा आयोग की रिपोर्ट को स्वीकार करने के बाद लिया गया है। आयोग की इस रिपोर्ट में कई अनियमितताओं और गड़बड़ियों का खुलासा किया गया है, जिसके आधार पर ये कार्रवाई की जा रही है। जस्टिस माइकल डी'कुन्हा की अध्यक्षता में गठित आयोग ने आरसीबी और केएससीए से जुड़े विभिन्न मुद्दों की गहन जांच की थी। इस जांच में वित्तीय अनियमितताओं, प्रबंधन में पारदर्शिता की कमी और अन्य गंभीर उल्लंघनों के सबूत सामने आए। मंत्रिमंडल की बैठक में इस रिपोर्ट को सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया और इसके आधार पर आरसीबी और केएससीए के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज करने का फैसला लिया गया है। ये कदम खेल प्रशासन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### सामने आया विराट कोहली का भी नाम

रिपोर्ट में कहा गया है कि 4 जून को हुई इस पूरी घटना में विराट कोहली का भी नाम सामने आया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि विराट कोहली ने एक वीडियो में फैन्स से फ्री में विक्ट्री परेड में आने की अपील की थी। गौरतलब है, इस भगदड़ में 11 लोग की जान गई थी, जबकि 33 घायल हुए थे। घायलों में 7 पुलिसकर्मी भी थे।

---

## रूस से जंग के बीच...

# यूक्रेन में बड़ा फेरबदल, यूलिया स्विरिदेंको बनीं नई प्रधानमंत्री

एजेंसी ▶▶| कीव

यूक्रेन की संसद ने गुरुवार को यूलिया स्विरिदेंको को देश की नई प्रधानमंत्री के रूप में पुष्टि कर दी है। यह फैसला राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की द्वारा शुरू की गई एक बड़ी सरकारीय फेरबदल का हिस्सा है। यूलिया स्विरिदेंको पहले यूक्रेन की डिप्टी प्रधानमंत्री और आर्थिक विकास मंत्री रह चुकी हैं। गर्मियों 2024 से ही उन्हें प्रधानमंत्री पद का संभावित उम्मीदवार माना जा रहा था। वे राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की और उनके ताकतवर सलाहकार एंड्री यरमक की लंबे समय से करीबी रही हैं। अब यरमक का प्रभाव और अधिक बढ़ने की उम्मीद है। स्विरिदेंको ने डेनिस शिमहाल की जगह ली है, जो अब तक यूक्रेन के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले प्रधानमंत्री रहे हैं। अब शिमहाल को देश का नया रक्षा मंत्री बनाया गया है। प्रधानमंत्री बनने के बाद स्विरिदेंको ने सोशल मीडिया पर एक स्पष्ट संदेश दिया। उन्होंने लिखा, 'हमारी सरकार आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ेगी- सैन्य, आर्थिक और सामाजिक रूप से। युद्ध हमें संकोच की इजाजत नहीं देता, हमें तेजी से काम करना होगा।'



### यूरोपीय संघ से बातचीत में अहम चेहरा

वह ब्रसेल्स के अधिकारियों के बीच भी एक जानी-पहचानी हस्ती हैं। उन्होंने अक्सर यूरोपीय संघ और अन्य यूरोपीय देशों के साथ वार्ताओं का नेतृत्व किया है।

---

# पहलगाम के आतंकवादियों की हुई पहचान : सिन्हा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि पहलगाम हमला करने वाले आतंकवादियों की पहचान कर ली गई है और जल्द ही उनका खातमा किया जाएगा। उनकी जिंदगी ज्यादा दिन की नहीं बची है। उप राज्यपाल ने गांधी स्मृति में 'जम्मू-कश्मीरः शांति की ओर' विषय पर जोर देकर कहा कि कश्मीर में शांति में खलल डालने की कोई भी कोशिश कामयाब नहीं होगी। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बताया कि एनआईए पहलगाम आतंकी हमले की जांच कर रही है और हत्याओं को अंजाम देने वालों की पहचान हो गई है और उन्हें बख्शा नहीं जाएगा।'जम्मू-कश्मीर मार्च टुवार्ड्स पीस' कार्यक्रम के दौरान एलजी ने 22 अप्रैल 2025 को 26 निर्दोषों की हत्या कर दी गई थी। इन हत्याओं के पीछे पाकिस्तान और उसके आतंकवादियों का हाथ था। मीडिया के जरिए उनकी फोटो और नाम पब्लिक कर दिए गए हैं। उनकी जिंदगी अब ज्यादा लंबी नहीं है।



---

## पिस्टल लहराते 5 शूटर रूम नं-209 में घुसे, गोली मारी और आराम से निकल गए

# गैंगस्टर का लाइव मर्डर, पटना हॉस्पिटल में घुसकर मारी गोली

एजेंसी ▶▶| पटना

बिहार में अपराधियों के बुलंद हौसले की एक और खबर आई है। गुरुवार को राजधानी पटना के प्रसिद्ध पारस अस्पताल के आईसीयू में दिनदहाड़े घुसकर इलाज के लिए आए गैंगस्टर चंदन मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस हत्याकांड का वीडियो सामने आया है, जिसमें 30 से 40 साल के लग रहे पांच लोग बंदूक लेकर बेखौफ आईसीयू में घुस रहे हैं। घटना दोपहर की है। जानकारी के अनुसार, सभी आरोपी एक गाड़ी से अस्पताल पहुंचे और सीधे कमरा नंबर 209 (आईसीयू) जाकर सिर्फ 25 सेकंड में वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए। चंदन बेऊर जेल से पैरोल पर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती था। चंदन मिश्रा बक्सर का रहने वाला था और केसरी नाम के व्यक्ति की हत्या के मामले में आरोपी था।



### चंदन के रूम से 12 खोखे बरामद

पुलिस को चंदन के रूम से 12 खोखे बरामद हुए हैं। एसएसपी कार्तिक के शर्मा ने बताया कि बक्सर निवासी चंदन कुख्यात अपराधी था और उसके विरोधी गुट ने इस हत्याकांड को अंजाम दिया है। यह पूरी तरह गैंगवार का मामला है। अपराधियों की पहचान कर ली गई है। बता दें बक्सर में चंदन-शेरू गैंग का आतंक था और बाद में शेरू और चंदन में अदावत हो गई थी। शेरू ने अलग होकर अपना ग्रुप बना लिया था। इसी ग्रुप पर हत्याकांड का शक है।

---

## आकाश प्राइम डिफेंस सिस्टम का भारत ने किया सफल परीक्षण

# 5 हजार फीट से मिसाइलों ने लगाए सटीक निशाने



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय सेना ने लद्दाख में 15000 फीट से अधिक ऊंचाई पर आकाश प्राइम वायु रक्षा प्रणाली का सफल परीक्षण किया है जिससे तेज गति से चलने वाले लक्ष्यों पर सीधा प्रहार किया।

आकाश प्राइम को 15 हजार फीट तक की ऊंचाई पर स्थापित किया जा सकता है। लगभग 25-30 किमी की दूरी पर स्थित लक्ष्य को मार सकती है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुश्मन के ड्रोन हमलों को सटीक प्रहारों से नाकाम बनाने वाली भारतीय सेना की एयर डिफेंस यूनिट ने लद्दाख के उच्चतम पर्वतीय क्षेत्र में आकाश प्राइम वायु रक्षा प्रणाली का सफल परीक्षण किया। सतह से हवा में प्रहार करने वाले इस नए मिसाइल सिस्टम का सफल परीक्षण एयर डिफेंस यूनिट ने रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मिलकर किया।

### सेना की हवाई सुरक्षा को मिलेगी और मजबूती

आकाश प्राइम प्रणाली से एयर डिफेंस की तीसरी व चौथी रेजिमेंट का गठन होगा। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान द्वारा ड्रोन के हमले करने के बाद से सेना की हवाई सुरक्षा को और मजबूत करने की दिशा में बड़े पैमाने पर काम हो रहा है। बता दें कि सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के चीनी विमानों के साथ तुर्किये के ड्रोन हमले नाकाम किए थे।



चिंतन

# मानसून आते ही त्राहिमाम क्यों करने लगते हैं हम

गर्मी की शुरुआत होते ही हम लोग मानसून की राह तकने लगते हैं। हर कोई तपते आसमान पर टकटकी लगाए बादलों को खोजने लगता है। बदरा थोड़े से लेट क्या हुए, चौतरफा हवन-यज्ञ शुरू हो जाते हैं ताकि इंद्रदेव को मनाया जा सके और धरती पर राहत की बूंदें गिरें, लेकिन जैसे ही प्रकृति अपना आशीष दिखाती है तो हम त्राहिमाम करने लगते हैं। ताल-तलैया, नदी-नाले उफनने लगते हैं, हम इसे जय प्रलय, हाहाकार जैसे शब्दों से निरूपित करते हैं। हर तरफ से जलभराव से हादसों की खबरें आने लगती हैं। असल में हम मानसून की राह तो देखते हैं, लेकिन उनके आने की तैयारी नहीं करते हैं। अपने आसपास के कुएं, बावड़ी, तालाब, जोहड़ और नदी से गंदगी को साफ करना था, उनमें जम गई गाद को निकालने के स्थान पर प्रशासन महज कुछ खानापूर्ति करता है। आम आदमी न तो इन सब में कोई रुचि लेता है और न ही इस ओर ध्यान देता है। इसलिए जो पानी पूरे साल के लिए धरती को जीवन देता है, वह समस्या लगने लगता है। यह बात समझनी होगी कि नदी, नहर, तालाब और झील आदि पानी के स्रोत नहीं हैं। हकीकत में पानी का स्रोत मानसून है या फिर ग्लेशियर। तालाब और नदी आदि तो उसे सहेजने के स्थान मात्र हैं। हम मानसून की नियामत को सहेजने के इन स्थानों को गर्मी में तैयार नहीं करते, इसलिए भी जलभराव होता है। आज गंगा-यमुना के उद्गम स्थल से लेकर छोटी नदियों के किनारे बसे गांव-कस्बे तक बस यही हल्ला है कि बरसात ने खेत-गांव सब कुछ उजाड़ दिया, लेकिन मानसून के विदा होने के बाद इन सभी इलाकों में पानी की एक-एक बूंद के लिए मारा-मारी देखने को मिलेगी। मानसून के जल का विस्तार हमारी जमीन पर नहीं हुआ है, बल्कि हमने ही जल विस्तार की नैसर्गिक जमीन पर अपना कब्जा जमा लिया है। यही कारण है कि मानसून आते ही तबाही शुरू हो जाती है। अगर आज की ही खबरों को देखें तो प्रयागराज में गंगा-यमुना उफान पर हैं। नदियों के आसपास की 5 लाख आबादी पानी से घिर गई है। श्मशान घाट में पानी भर गया है। सड़कों पर अंतिम संस्कार किया जा रहा है। जम्मू-कश्मीर में लगातार बारिश की वजह से अमरनाथ यात्रा रूट पर लैंडस्लाइड हुई। गंदेरबल जिले में बालटाल मार्ग पर हुए भूस्खलन में एक महिला तीर्थयात्री की मौत हो गई, तीन घायल हो गए। इससे यात्रा दिनभर के लिए रोक दी गई। हिमाचल में अब तक 109 लोगों की बरसात के कारण मौत हो चुकी है। साथ ही भारी बारिश और बादल फटने जैसी घटनाओं से 818 करोड़ रुपये की सरकारी और निजी संपत्ति का नुकसान हो चुका है। राजस्थान में झालावाड़ का ढाबा गांव चारों ओर से पानी से घिर गया है। लोग घर की छतों पर फंसे हैं। नागौर, बहरोड़ में स्कूल-मंदिर-ऑफिस में पानी घुस गया है। मध्य प्रदेश के मऊगंज जिले में लगातार बारिश से ग्रामीण इलाकों में बाढ़ जैसे हालात हैं। लोग सामान लेकर सुरक्षित स्थान की ओर जा रहे हैं। बिहार के अलग-अलग जिलों में बुधवार को बिजली गिरने से 20 लोगों की मौत हो गई। ये सब इसलिए हो रहा है कि हम लोग मानसून के लिए तैयार नहीं है। अगर बरसात से पहले जलसंचय की तैयारी कर लें तो यही बरसात का पानी सालभर के लिए खेतों में अमृत की तरह काम करेगा। इसके लिए जरूरी है कि समाज सरकार के साथ मिलकर प्रयास करें। बरसात के पानी को संभाल कर रखने से भूजल का रिचार्ज भी होगा, जो खेतों एवं कारखानों में पानी की आपूर्ति को सुनिश्चित करेगा। जरूरी है कि जहां स्थान मिले, बरसात के पानी को रोकें और उसे धरती में समाहित होने दें।



सियासत
राजकुमार सिंह

# नीतीश के लिए राह कितनी आसान!

तीन दशक पहले लालू प्रसाद यादव पर भ्रष्टाचार, जंगल राज और वंशवादी राजनीति के आरोप लगाते हुए नीतीश कुमार ने जनता दल तोड़ समाजवादी नेता जॉर्ज फर्नांडिस के नेतृत्व में समता पार्टी बनाते हुए सत्ता के लिए भाजपा से दोस्ती की राजनीतिक राह चुनी। 2005 में लालू-राबड़ी राज को विदा कर नीतीश बिहार के मुख्यमंत्री भी बन गये, पर पिछले दिनों खुद वंशवादी राजनीति की राह पर आगे बढ़ते दिखे। खुद किये गये 'जीतनराम मांझी प्रयोग' को अपवाद मानें तो तब से बिहार की सत्ता पर नीतीश कुमार ही काबिज हैं। महाराष्ट्र के नतीजे ने चुनावी विश्लेषण मुश्किल बना दिया है। फिर भी लगता है कि बिहार में जिसकी भी बहार हो, इस बार नीतीशे कुमार होना मुश्किल है।

बिहार की विडंबना भी देखिए कि दोनों बड़े दल तीसरे नंबर के दल की सत्ता की पालकी उठाने को मजबूर रहे हैं। तीन दशक पहले लालू प्रसाद यादव पर भ्रष्टाचार, जंगल राज और वंशवादी राजनीति के आरोप लगाते हुए नीतीश कुमार ने जनता दल तोड़ समाजवादी नेता जॉर्ज फर्नांडिस के नेतृत्व में समता पार्टी बनाते हुए सत्ता के लिए भाजपा से दोस्ती की राजनीतिक राह चुनी। 2005 में लालू-राबड़ी राज को विदा कर नीतीश बिहार के मुख्यमंत्री भी बन गये, पर पिछले दिनों खुद वंशवादी राजनीति की राह पर आगे बढ़ते दिखे। खुद किये गये 'जीतनराम मांझी प्रयोग' को अपवाद मानें तो तब से बिहार की सत्ता पर नीतीश कुमार ही काबिज हैं। हां, सुविधानुसार दोस्त बदलते रहे हैं। शर्त सिर्फ इतनी रही कि मुख्यमंत्री पद बरकरार रहे। नारा भी रहाः बिहार में बहार है, फिर नीतीशे कुमार है। जिस विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के नीतीश सूत्रधार बताये जा रहे थे, लोकसभा चुनाव से ऐन पहले उसे झटका देकर भाजपाई नेतृत्व वाले राजग में लौट गये। विधानसभा चुनाव से पहले नीतीश के फिर पलटी मारने की चर्चाएं तो बहुत रहीं, पर अभी तक अटकलों से आगे नहीं बढ़ पायीं। हां, इस बीच बेटे निशांत की मुख्यमंत्री आवास में होली से शुरू वंशवाद की चर्चाएं अभी थमी नहीं हैं। चर्चाओं का सच तो साल के अंत में होने वाले चुनावों में ही पता चलेगा, लेकिन इस बार बिहार की बहार में नीतीशे कुमार होने की गारंटी नहीं दिखती।

नीतीश के नेतृत्व में राजग के विधानसभा चुनाव लड़ने की बात भाजपा कई बार कह चुकी है, लेकिन महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के चुनाव- पश्चात हुए हश्र से उठे सवालों के जवाब बिहार में आसान नहीं। राजनीतिक जरूरतों के मद्देनजर भाजपा ने महाराष्ट्र में अपने से कम विधायकों वाली शिवसेना के शिंदे को मुख्यमंत्री बनाया। उन्हीं के नेतृत्व में राजग, जिसे वहां महायुति कहा जाता है, ने विधानसभा चुनाव भी लड़ा, लेकिन सबसे ज्यादा सीटें मिलने के आधार पर भाजपा ने अपने देवेंद्र फडणवीस को मुख्यमंत्री बना दिया, जो पहले शिंदे के नेतृत्व में उप मुख्यमंत्री थे। अब शिंदे उप मुख्यमंत्री हैं। 2020 के विधानसभा चुनाव में नीतीश का जदयू मात्र 43 सीटों पर सिमट गया था। फिर भी भाजपा ने उन्हें मुख्यमंत्री बना दिया, पर नीतीश को लगा कि चिराग पासवान के उम्मीदवारों के जरिये जदयू को 43 सीटों तक समेटने की रणनीति भाजपा की ही थी। चिराग की लोक जनशक्ति पार्टी 137 सीटों पर उम्मीदवार खड़े कर जीत तो मात्र एक सीट ही पायी, लेकिन ढाई दर्जन सीटों पर जदयू को हरवा दिया, जिससे वह तीसरे नंबर का दल बन गया, वरना जदयू सम्मानजनक संख्या के साथ दूसरा बड़ा दल होता। आखिर 2015 के चुनाव में भी जदयू ने 71 सीटें जीती थीं। शायद भाजपा के 'चिराग-दांव' से खफा होकर ही नीतीश बाद में लालू और कांग्रेस के महागठबंधन में चले गये। मुख्यमंत्री नीतीश ही रहे। तेजस्वी को फिर उप मुख्यमंत्री पद से संतोष करना पड़ा। विपक्षी गठबंधन बनाते-बनाते नीतीश लोकसभा चुनाव से ठीक पहले फिर राजग में लौट गये। भाजपा को भी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उनकी वापसी फायदे का सौदा लगी। फायदा हुआ भी,



लेकिन अब साल के आखिर में विधानसभा चुनाव के लिए हर दल नये सिरे से समीकरण बिठाने जुटा है। 243 सदस्यीय बिहार विधानसभा में बहुमत के लिए 122 सीटें चाहिए। पिछली बार भाजपा और जदयू मिलकर 125 सीटें जीत पाये थे और लालू के महागठबंधन ने 110 सीटें जीत कर उन्हें कड़ी टक्कर दी थी। भाजपा की कोशिश है कि इस बार 100 सीटों के आसपास पहुंच कर बिहार में अपना मुख्यमंत्री बनाने का पुराना सपना पूरा कर ले। शेष बहुमत का जुगाड़ छोटे सहयोगी दलों के समर्थन तथा तोड़फोड़ से हो ही जाएगा, पर ऐसा तभी संभव है, जब लालू का राजद या नीतीश का जदयू बहुत खराब चुनावी प्रदर्शन करे। पिछले विधानसभा चुनाव में राजद सबसे ज्यादा 23.1 प्रतिशत वोटों के साथ 75 सीटें जीत कर सबसे बड़ा दल बना था, जबकि 74 सीटें जीतने वाली भाजपा को मात्र 19.5 प्रतिशत वोट मिले थे। 43 सीटों पर सिमट जाने के बावजूद जदयू 15.39 प्रतिशत वोट पाने में सफल रहा था। चुनाव पश्चात ज्यादा सीटों के आधार पर इस बार अगर भाजपा अपना मुख्यमंत्री बनाना चाहेगी तो उप मुख्यमंत्री बनने के लिए नीतीश शायद ही तैयार हों। तब क्या बेटे निशांत की राजनीतिक होली चुनाव पश्चात की संभावनाओं के द्वार खोलने का संकेत थी? भाजपा, जदयू के बिना सरकार बना पाने की स्थिति में नहीं हुई तो उप मुख्यमंत्री बनाकर निशांत की सत्ता राजनीति की सम्मानजनक शुरुआत करवा सकती है। लालू-तेजस्वी का राजद सबसे बड़ा दल बना तो वह भी समाजवादी परिवार के नाम पर एक बार फिर नीतीश की पालकी उठाने के बजाय निशांत को उप मुख्यमंत्री बनाना पसंद करेगा, लेकिन विधानसभा में 'नंबर वन' बनने की लड़ाई आसान नहीं है। अचानक जाति जनगणना की घोषणा से लेकर मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान तक हर कदम को चुनावी दांव से जोड़ कर देखा जा रहा है। अतीत का अनुभव बताता है कि ऐसे दांव का असर भी होता है, लेकिन जाति-संप्रदाय के आधार पर मतदाताओं की गोलबंदी के मद्देनजर बिहार में सिर्फ इतने से बात शायद न बन पाये। इसलिए राजग और 'इंडिया', जिसे बिहार में महागठबंधन कहा जाता है, के आंतरिक समीकरणों पर भी बहुत कुछ निर्भर करेगा।

खुद को 'सुशासन बाबू' कहलाना पसंद करने वाले नीतीश कुमार को पिछले विधानसभा चुनाव में शीर्षासन कराने वाले चिराग इस बार कभी सभी सीटों पर चुनाव लड़ने की बात कह रहे हैं तो कभी राजग की रणनीति के मुताबिक चलने की। समझना मुश्किल नहीं होना चाहिए कि भाजपा के मित्र छोटे दलों की बढ़ती सीटों की मांग जदयू की सीटें घटने का कारण बनी तो नीतीश के फिर मुख्यमंत्री बनने की संभावनाओं को चुनाव से पहले ही ग्रहण लग सकता है। प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी भी कुछ वोट काट कर जदयू की मुश्किलें ज्यादा बढ़ायेगी। जन सुराज पार्टी को भाजपा समर्थक माने जाने वाले लोगों से हरसंभव मदद भी कुछ इशारा कर ही रही है। बेशक महागठबंधन में भी सब कुछ सहज नहीं है। दूसरे बेटे तेज प्रताप को लालू पार्टी और परिवार से बाहर का रास्ता दिखा चुके हैं। तेजप्रताप का राजनीतिक इस्तेमाल करने से विपक्ष चूकेगा तो हरगिज नहीं। पिछली बार लचर प्रदर्शन के बावजूद कांग्रेस इस बार ज्यादा सीटों के लिए दबाव बना रही है। जिन असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी के विधायक राजद ने तोड़ लिये थे, उन्होंने भी इस बार चुनावी गठबंधन की पेशकश कर लालू-तेजस्वी को मुश्किल में डाल दिया है। महाराष्ट्र के नतीजे ने चुनावी विश्लेषण मुश्किल बना दिया है। फिर भी लगता है कि बिहार में जिसकी भी बहार हो, इस बार नीतीशे कुमार होना मुश्किल है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

फातिहा
शशिधर खान




# कश्मीर में 'कश्मीरियत' को समझने की जरूरत

जम्मू व कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला अपने मंत्रिमंडल के साथ पुलिस घेराबंदी तोड़कर दीवाल फांदकर उस कब्रगाह तक पहुंचे, जहां जाने से रोकने के लिए उन लोगों को अपने-अपने घरों में 'लॉक' कर दिया गया था। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के आदेश से मुख्यमंत्री और अन्य मंत्रियों के साथ-साथ कश्मीर के सभी क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के नेताओं को एक दिन पहले ही अपने घरों में बंद करके पुलिस ने उनके गेट पर बाहर से ताला लगा दिया था, ताकि वे 13 जुलाई को उस कब्रगाह तक नहीं पहुंच सकें। 13 जुलाई तारीख कश्मीर के लिए ऐतिहासिक दिन है और कश्मीरियत की पहचान तथा कश्मीरियों की सामाजिक भावनाओं से जुड़ी है। शहीदों की मजार पर उस दिन 'फातिहा' पढ़ने का रिवाज है। वर्ष 1931 में जम्मू व कश्मीर के महाराजा हरि सिंह के खिलाफ विद्रोह भड़कने के दौरान 13 जुलाई को 22 नागरिक मारे गए थे। श्रीनगर जेल के बाहर उसी जगह उन्हें दफनाया गया, जहां वे शहीद हुए थे। श्रीनगर के ख्वाजा बाजार में स्थित वो नक्सबांद साहिब दरगाह शहादत स्थल के रूप में जाना जाता है, जहां 13 जुलाई को 22 शहीदों को श्रद्धांजलि देने की परंपरा चली आ रही है। 13 जुलाई और सद्रे-रियासत कहलाने वाले नेशनल कान्फ्रेंस संस्थापक शेख मुहम्मद अब्दुल्ला का जन्म दिन 05 दिसंबर सार्वजनिक अवकाश हुआ करता था। धारा-370 खत्म करके जम्मू व कश्मीर का विशेष संवैधानिक दर्जा के साथ-साथ राज्य का दर्जा हटाकर संघशासित क्षेत्र (यूटी) बनाए जाने के 6 महीने के बाद उपराज्यपाल ने ये दोनों अवकाश भी खत्म कर दिए। अक्टूबर, 2024 में 10 साल के अंतराल के बाद हुए जम्मू व कश्मीर विधान सभा चुनाव में सबसे प्रभावशाली पार्टी नेशनल कान्फ्रेंस पूर्ण बहुमत से सत्ता में आयी लेकिन पुलिस, कानून व व्यवस्था और यूटी के सारे महत्वपूर्ण विभागों पर पूर्ण नियंत्रण उपराज्यपाल मनोज सिन्हा का ही रहा। जम्मू व कश्मीर सरकार के पास अभी तक अधिकार के नाम पर कुछ नहीं है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला शेख अब्दुल्ला के पोते हैं। नेशनल कान्फ्रेंस के सत्ता में आने के बाद से पहली 13 जुलाई को अपनी परंपरा कायम रखने के लिए उमर अब्दुल्ला, उनके पिता नेशनल कान्फ्रेंस अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला समेत सभी क्षेत्रीय दलों के विधायकों, नेताओं ने शहीद दरगाह पर जाकर श्रद्धांजलि देने की योजना बनायी लेकिन उपराज्यपाल ने यह योजना कार्यान्वित न होने देने के लिए कानून व व्यवस्था का मामला बनाकर निर्वाचित सरकार के खिलाफ पुलिस का इस्तेमाल किया। 10 जुलाई को ही नेशनल कान्फ्रेंस प्रवक्ता इमरान नबी दर ने मीडिया को बताया कि 'हमने उपराज्यपाल को पत्र लिखकर आग्रह किया कि 13 जुलाई और 05 दिसंबर की तारीखों को सार्वजनिक अवकाश फिर से घोषित कर दें।' पार्टी महासचिव अली मुहम्मद सागर ने उपराज्यपाल से शहीद कब्रगाह मजार-ए-शुहादा पर 13 जुलाई को 'फातिहा' पढ़ने की इजाजत मांगी। ठीक 12 जुलाई को श्रीनगर प्रशासन ने मुख्यमंत्री और तमाम क्षेत्रीय दलों की अर्जियों को ठुकराकर ख्वाजा बाजार शहीद दरगाह की ओर जाने की इजाजत नहीं दी। मुख्यमंत्री समेत सभी क्षेत्रीय दलों के नेताओं को और आम जनता की उसमें भागीदारी रोकने के विभिन्न हथकंडे अपनाए गए। हुर्रियत कान्फ्रेंस अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक को जेल में डाल दिया गया। नेशनल कान्फ्रेंस सुप्रीमो फारूक अब्दुल्ला, उनके पुत्र मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी प्रमुख महबूबा मुफ्ती, पीपुल्स कान्फ्रेंस प्रमुख विधायक सज्जाद लोन, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार नसीर असलम वानी, सीपीएम नेता विधायक एमवाई तारीगामी सब के सब नजरबंद कर दिए गए। उप मुख्यमंत्री और हिन्दू बहुल जम्मू क्षेत्र से जीते एकमात्र नेशनल कान्फ्रेंस विधायक सुरिंदर चौधरी उस समय जम्मू में थे। मगर उनका श्रीनगर आवास लॉक कर दिया गया। मनोज सिन्हा महाराजा हरिसिंह के जन्मदिन को सार्वजनिक अवकाश और उनके खिलाफ विद्रोह करने वालों को 'उपद्रवी' घोषित कर चुके हैं। पहलगाम हमले की सारे कश्मीरियों ने निंदा की, 'ऑपरेशन सिंदूर' का समर्थन किया। आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई में जनता सरकार के साथ है लेकिन 13 जुलाई के उपराज्यपाल के कदम से राज्य दर्जा टालने से ज्यादा जन-असंतोष को बढ़ा दिया। रोके जाने वाले नेताओं में सीपीएम के सबसे पुराने विधायक एमवाई तारीगामी भी थे। सारे वामदलों के नेताओं ने शहादत स्थल पर 'फातिहा' रोकने की कार्रवाई को कश्मीरियों का 'अपमान' बताते हुए उन शहीदों को 'उपद्रवी' कहने और महाराजा हरिसिंह का जन्मदिन अवकाश घोषित करने की कड़ी निंदा की।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## सर्प पर्यावरण को संतुलित रखते हैं



संकलित
दर्शन

सामान्यतया सर्प अपनी भयंकरता के लिए जाने जाते हैं। पर दो बड़े देवता उन्हें अंगीकार किए हुए हैं। एक तो संसार के पालक विष्णु जी, जो उन्हें अपनी शय्या बनाए हुए हैं और दूसरे देवों के देव भगवान शंकर, जो उन्हें हारतुल्य कंठ में डाले हुए हैं। फिर वे पूज्य क्यों न माने जाएं? सर्प पर्यावरण को संतुलित रखते हैं। कृषि के शत्रु और मानवता के क्षतिकारक चूहों व कीट आदि का भक्षण करते रहते हैं और विष को आत्मसात करते हैं। दंश वे तभी देते हैं, जब दब-कुचल जाएं या उन्हें ऐसा कोई भ्रम हो जाए। वे अनेक औषधियों के निर्माण में भी सहायक होते हैं। सर्पों की अनेक प्रजातियां विषहीन भी होती हैं। शास्त्रों के अनुसार, वे शेषनाग के रूप में पृथ्वी को धारण करते हैं और वासुकि के रूप में कष्ट उठाकर समुद्र मंथन में रज्जु का काम करते हैं। रावण जैसे राक्षसों के संहार में शेषावतार लक्ष्मण रूप से श्रीराम की सहायता करते हैं। वराह पुराण के अध्याय 24 में एक कथा आई है। सर्पगण कश्यप ऋषि व उनकी पत्नी कद्रू की संतान हैं। उनसे अनंत, वासुकि, कंबल, कर्कोटक, पद्म, महापद्म, शंख, कुलिक, पापराजिल आदि सर्प हुए। ये गरुड़ के सौतेले भाई हैं, जो ऋषि की अन्य पत्नी विनता से जन्मे। जब ये मानवता को कष्ट देने लगे, तो ब्रह्मा जी ने वासुकि आदि को बुलवा कर डांटा और अभिशप्त किया। सर्पों द्वारा अनुनय-विनय करने पर उन्हें रहने के स्थान सीमित किए और काटने की भी सीमा रेखाएं खींची। यह सारा वृत्तांत पंचमी तिथि को हुआ। मान्यता है कि इस दिन उनकी पूजा-अर्चना से मानव को सर्प भय से मुक्ति मिल जाती है।

## जगत में सबसे सुंदर कौन



संकलित
प्रेरणा

एक कौआ सोचने लगा कि पंछियों में मैं सबसे ज्यादा कुरूप हूं। न तो मेरी आवाज ही अच्छी है, न ही मेरे पंख सुंदर हैं। मैं काला-कलूटा हूं। ऐसा सोचने से उसके अंदर हीन भावना भरने लगी और वह दुःखी रहने लगा। एक दिन एक बगुले ने उसे उदास देखा तो उसकी उदासी का कारण पूछा। कौवे ने कहा- तुम कितने सुंदर हो, गोरे-चिट्टे हो, मैं तो बिल्कुल स्याह वर्ण का हूं। मेरा तो जीना ही बेकार है। बगुला बोलाः दोस्त मैं कहां सुंदर हूं। मैं जब तोते को देखता हूं, तो यही सोचता हूं कि मेरे पास हरे पंख और लाल चोंच क्यों नहीं है। अब कौए में सुन्दरता को जानने की उत्सुकता बढ़ी। वह तोते के पास गया। बोलाः तुम इतने सुन्दर हो, तुम तो बहुत खुश होते होगे? तोता बोला- खुश तो था लेकिन जब मैंने मोर को देखा, तब से बहुत दुःखी हूं, क्योंकि वह बहुत सुन्दर होता है। कौआ मोर को ढूंढने लगा, लेकिन जंगल में कहीं मोर नहीं मिला। जंगल के पक्षियों ने बताया कि सारे मोर चिड़ियाघर वाले पकड़ कर ले गए हैं। कौआ चिड़ियाघर गया, वहां एक पिंजरे में बंद मोर से जब उसकी सुंदरता की बात की, तो मोर रोने लगा। मोर बोलाः शुक्र मनाओ कि तुम सुंदर नहीं हो, तभी आजादी से घूम रहे हो वरना मेरी तरह किसी पिंजरे में बंद होते। दूसरों से तुलना करके दुःखी होना बुद्धिमानी नहीं, असली सुन्दरता हमारे अच्छे कार्यों से आती है।

## अंतर्मन




### आज की पाती


#### सावन महीने से भगवान शिव का है शाश्वत संबंध

सावन हिंदू पंचांग का पांचवां महीना होता है। यह हरियाली, सुंदरता, सकारात्मकता, शुभता और पवित्रता का महीना होता है, जो प्रायः संपूर्ण सृष्टि के लिए नवोन्मेष एवं नवजीवन का उपहार लेकर आता है। सच कहा जाए तो ज्येष्ठ-आषाढ़ की तपती गर्मी, चिलचिलाती धूप, उमस और पसीने से परेशान संपूर्ण प्राणी जगत को सावन महीने की प्रतीक्षा रहती है, क्योंकि इस महीने में होने वाली रिमझिम वर्षा के कारण तापमान में गिरावट आती है और प्रकृति में सुखद परिवर्तन होते हैं। इसके परिणामस्वरूप संपूर्ण सृष्टि में तृप्ति और तुष्टि का प्रसार होता है तथा प्राणियों के जीवन में उमंग, उल्लास और प्रसन्नता का संचार होने लगता है। सारा संसार शिवमय हो जाता है। सावन के महीने में प्रायः देश ही नहीं, बल्कि संपूर्ण विश्व के शिवभक्त भगवान शिव को जलार्पण कर उनसे सौभाग्य व सुख प्राप्त कर संतुष्ट होते हैं। *– श्रवण जोशी, रायगढ़*

## करंट अफेयर

### कंबोडिया में साइबर अपराध पर 1,000 लोग गिरफ्तार

प्रधानमंत्री हुन मानेट द्वारा सरकारी निकायों को देश में साइबर अपराधों पर नकेल कसने के आदेश के परिणामस्वरूप इस सप्ताह अब तक 1,000 से ज्यादा संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। हुन मानेट ने 'सुरक्षा-व्यवस्था और सामाजिक सुरक्षा बनाये रखने' के लिए संबंधित विभागों को कार्रवाई करने का अधिकार देते हुए यह आदेश जारी किया था। हुन मानेट ने मंगलवार को एक बयान में कहा, "सरकार ने पाया है कि ऑनलाइन (साइबर) घोटाले वर्तमान में दुनिया और क्षेत्र में खतरा व असुरक्षा पैदा कर रहे हैं। कंबोडिया में, विदेशी आपराधिक समूह भी साइबर घोटाले करने के लिए घुसपैठ कर चुके हैं। संयुक्त राष्ट्र और अन्य एजेंसियों का अनुमान है कि साइबर घोटालों से अंतरराष्ट्रीय आपराधिक गिरोहों को सालाना अरबों डॉलर की कमाई होती है। सूचना मंत्री नेथ फेकट्रा और पुलिस के बयानों के अनुसार, सोमवार से बुधवार के बीच कम से कम पांच प्रांतों में छापेमारी के दौरान 1,000 से ज्यादा संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए लोगों में राजधानी नोम पेन्ह व सिहानोकविले से 200 से ज्यादा वियतनाम नागरिकों, चीन के 27 नागरिकों, ताइवान के 75 और कंबोडिया के 85 नागरिक शामिल हैं।



## ऑफ बीट

### प्रति दिन मांस खाने से कोलोरेक्टल कैंसर

प्रति दिन 50 ग्राम प्रसंस्कृत मांस के सेवन के प्रभाव पर विश्व कैंसर अनुसंधान कोष द्वारा 500 पेज के अध्ययन के सैकड़ों परिणामों में से केवल एक के बारे में खबर दी। अखबार ने पाठकों को बताया कि हर दिन एक बेकन सैंडविच खाने से 'कोलोरेक्टल कैंसर' का खतरा 20 प्रतिशत बढ़ सकता है। यदि यह सापेक्ष जोखिम अनुपात एक से ऊपर है, तो संपर्क में आए व्यक्ति में बिना जोखिम के किसी व्यक्ति की तुलना में रोग विकसित होने की संभावना अधिक होती है। यदि यह एक से नीचे हो तो जोखिम कम हो जाता है। पूर्ण जोखिम किसी विशेष उपचार या जोखिम कारक (उदाहरण के लिए, बेकन सैंडविच खाने या न खाने) के संपर्क में आने या न आने वाले लोगों का अनुपात है, जिनसे किसी दिए गए परिणाम (उदाहरण के लिए, कैंसर) के विकसित होने की आशंका होती है। प्रति दिन 50 ग्राम प्रसंस्कृत मांस खाने से 'कोलोरेक्टल कैंसर' विकसित होने का पूर्ण जीवनकालिक जोखिम पांच से छह प्रतिशत तक बढ़ जाता है। तो यह सच है कि प्रतिदिन 50 ग्राम प्रसंस्कृत मांस खाने वालों के लिए सापेक्ष जोखिम 20 प्रतिशत बढ़ जाता है, लेकिन पूर्ण जोखिम केवल एक प्रतिशत बढ़ता है।



## ट्रेंड

### दोषपूर्ण स्व-अनुवाद



मेटा प्लेटफॉर्म पर कन्नड़ सामग्री के दोषपूर्ण स्व-अनुवाद में तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश किया जा रहा है और उपयोगकर्ताओं को गुमराह किया जा रहा है। हमने मेटा को पत्र लिखकर तत्काल सुधार का आग्रह किया है।
-सिद्धारमैया, सीएम, कर्नाटक

### भारत के लिए गर्व का क्षण



भारतीय महिला हॉकी टीम की प्रतिभाशाली स्ट्राइकर, हरियाणा की बेटी दीपिका को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए पोलिग्रास मैजिक स्किल अवॉर्ड से सम्मानित किया जाना भारत के लिए गर्व का क्षण है। यह उपलब्धि न केवल हरियाणा बल्कि पूरे देश के लिए सम्मान का विषय है।
-नायब सिंह सैनी, सीएम, हरियाणा

### इंदौर सबसे स्वच्छ शहर



इंदौर को 'सुपर स्वच्छ लीग सिटीज़' श्रेणी में देश के सबसे स्वच्छ शहर के रूप में सम्मानित किया जाना प्रदेशवासियों के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। उल्लेखनीय है कि विगत 7 वर्षों से स्वच्छ शहरों की श्रेणी में इंदौर ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया था।
-डा. मोहन यादव, सीएम, मध्यप्रदेश

### सबसे बुरा काम



यही सबसे बुरा काम है जो हम अपने बच्चों के साथ करते हैं। उन्हें दूसरों से अपनी सफाई माँगना सिखाएँ। यह ज़िंदगी भर की लत बन जाती है... हर वक़्त पीठ थपथपाने की चाहत में...
-शेखर कपूर, फिल्मकार

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

स्पेशल : नेशनल मैंगो-डे, 22 जुलाई

# मजेदार किस्सों से भरे मीठे-रसीले आम

आम का नाम सुनते ही इन्हें खाने के लिए मन ललचा जाता है। ललचाए भी क्यों ना, यह खाने में मीठे, रसीले के साथ खट्टे-चटपटे भी होते हैं। तरह-तरह के आमों के पीछे मजेदार किस्से छुपे हैं, एक रोचक इतिहास है। बच्चो, आमों से जुड़ी तुम्हारे लिए बहुत ही रोचक जानकारी।



रोचक
देवेंद्र मेवाड़ी



एआई इमेज

नन्हे दोस्तो, तुम्हें मीठे-मीठे रसीले आम खाने में खूब मजा आता होगा। आज हम तुम्हें आम से जुड़ी कई कहानियां और इतिहास बताते हैं।

## कहां हुआ आम का जन्म

आम का जन्म वहीं हुआ, जहां हमारा जन्म हुआ! मतलब आम और हमारी जन्मभूमि भारत ही है। वैज्ञानिक कहते हैं कि हमारे देश में आम का जन्म हजारों वर्ष पहले इसके पूर्वी भाग में हुआ। भारत के साथ-साथ बर्मा मतलब म्यांमार में भी आम का जन्म हुआ। भारत में कम से कम 5,000 साल से आम उगाया जा रहा है।

## इतिहास के झरोखे में आम

सिकंदर जब भारत पर आक्रमण करने के लिए आया तो उसने सिंधु घाटी में पहली बार आम के पेड़ देखे। चीनी बौद्ध यात्री ह्वेनसांग ने भी भारत में आम के पेड़ देखे। वह अपने साथ आम को चीन ले गया। प्रसिद्ध विदेशी यात्री इब्न-बतूता ने तो लिखा है कि भारत के लोग आम के फलों को चूसते हैं या काट कर खाते हैं और कच्चे आम का अचार डालते हैं। मुगल बादशाहों ने भी आम की बड़ी तारीफ की है। बाबर ने इसे हिंदुस्तान का सबसे उम्दा फल बताया। अकबर ने बिहार में दरभंगा के लालबाग में आम के एक लाख पेड़ों का बाग लगवाया। पुर्तगाली जब भारत आए तो उन्होंने केरल में पहली बार आम देखा। वहां लोग मलयालम भाषा में इसे मामपलम कहते थे। पुर्तगाली इस फल को मांगो कहने लगे। बाद में जब अंग्रेज आए तो उन्होंने इस मांगो को मैंगो कहना शुरू कर दिया।

## किस्म-किस्म के आम

दोस्तो, भारत से आम दुनिया भर में फैला। फिर भी आज दुनिया में इसकी सबसे अधिक बागवानी हमारे देश में ही की जाती है। इसकी एक-दो नहीं बल्कि सैकड़ों किस्में हैं। इतनी कि अगर आम के नाम बताने लगें तो ना जाने कितने पन्ने भर जाएंगे। लो जानो आमों की अनगिनत वैरायटीज में से कुछ के नाम- दशहरी, चौसा, लंगड़ा, सफेदा, बंबइया, बंगलौरा, गुलाब खास, जर्दालू, फजली, समर बहिश्त चौसा, नीलम, सुवर्ण रेखा, बंगनपल्ली, पैरी, मलगोवा, मल्लिका, अल्फांसो, आम्रपाली आदि। यानी, देश के हर कोने में हर किसी के लिए आम की कोई न कोई किस्म जरूर है।

## आमों के किस्से

दोस्तो, किस्म-किस्म के आमों के किस्से भी बहुत मजेदार हैं। 'लंगड़ा' को ही ले लो। भला, लंगड़ा किस लिए? इसलिए कि इस किस्म के आम का पहला पेड़ बनारस में एक लंगड़े फकीर बाबा के घर के पिछवाड़े में उगा था! वहीं से चारों ओर फैला। और, स्वादिष्ट दशहरी, यह लखनऊ के पास मलीहाबाद के दशहरी गांव में पैदा हुआ। इसका स्वाद इतना अच्छा था कि आम लोगों ने तो इसे मुंह लगाया ही, लखनऊ के नवाबों और वजीरों ने भी इसे खूब पसंद किया। मलीहाबाद तहसील के ही चौसा गांव में लोगों ने जब पहली बार एक अलग स्वाद और सुगंध वाला आम चखा तो उसका नाम 'समरबहिश्त चौसा' रख दिया। और फजली, फजली क्यों कहलाया? इस बारे में कहते हैं, बिहार के भागलपुर में एक औरत थी, फजली। पहली बार उसी के आंगन में फला-फूला था यह आम। इसे पालने-पोसने वाली फजली के नाम पर यह फजली कहलाया। भागलपुर से यह पूरे बिहार में ही नहीं, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और पंजाब तक फैल गया। अब सुनो कलमी आम की कहानी। कलम लगाने की कला ने किस्म-किस्म के आम पैदा करने में हमारी बड़ी मदद की है। यों तो मुगल बादशाहों के जमाने में आम की खूब कलमें बांधी गईं, लेकिन आज कलम लगा कर आम की एक से एक बढ़िया किस्म तैयार की जा रही है। इस कला में भी मलीहाबाद, लखनऊ के हाजी कलीम उल्ला खान साहब ने तो कमाल ही कर दिखाया है। वे कलम लगा कर आम के एक ही पेड़ में 300 से भी अधिक किस्मों के आम पैदा कर चुके हैं।




हाजी कलीम उल्ला खान साहब

दोस्तो, विदेशी लोग यह देखकर हैरान रह जाते हैं कि हम खट्टे-मीठे आमों का किस-किस तरह से स्वाद ले लेते हैं। कच्चे आम की चटनी और अचार बना लेते हैं। पके हुए देशी आम को मजे से चूस लेते हैं और कलमी आम को सफाई से काट कर सलीके से खाते हैं। लू की लपटों से बचने के लिए आम का 'पना' बना लेते हैं तो पके फलों को दूध में घोट कर मैंगो शेक तैयार करते हैं। आम के रस और गूदे से अमावट यानी आम-पापड़, अंबापोली और आम-पट्टी बना लेते हैं। आम का स्क्वैश, जैम, जैली और मुरब्बा भी बना लेते हैं।


नन्हे प्यारे दोस्तो, एक बात जरूर याद रखना, आम बहुत पौष्टिक फल है। इसमें विटामिन ए, विटामिन सी और कई खनिज पाए जाते हैं। इसलिए दोस्तो, आम के गुण गाए जाओ और खूब आम खाए जाओ। *

### दुनिया का सबसे मीठा-कीमती आम

**दोस्तो, मीठे** आम तो हम सभी को पसंद हैं, लेकिन जानते हो, दुनिया में सबसे अधिक मीठा आम कौन-सा है और कहां पैदा होता है? दुनिया का सबसे मीठा आम है काराबाओ मैंगो, जो फिलीपींस में पैदा होता है। इसे मनीला मैंगो भी कहते हैं। यह आम खूब मीठा होता है, इसमें रेशा नहीं होता। हमारे देश में अल्फोंसो हापुस सबसे स्वादिष्ट आम माना जाता है। बाजार में सबसे कीमती आम भी यही है। लेकिन, दुनिया का सबसे कीमती आम है जापान का मियाजाकी आम। एक किलो मियाजाकी आम की कीमत है करीब तीन लाख रुपए।



काराबाओ मैंगो



मियाजाकी मैंगो

स्पेशल : इंटरनेशनल आइसक्रीम-डे, 20 जुलाई

टिन्नी की बुरी आदत थी कि वह अपने भाई पीयूष के साथ कोई चीज शेयर नहीं करती थी, जबकि भाई उसका बहुत ख्याल रखता था। एक दिन कुछ ऐसा हुआ कि टिन्नी ने अपनी यह बुरी आदत स्वयं ही छोड़ दी।

# आइसक्रीम ने सिखाया सबक

छोटी कहानी
अलका 'सोनी'

टिन्नी और पीयूष भाई-बहन हैं। टिन्नी की एक बुरी आदत है, वो कोई भी चीज अपने भाई के साथ शेयर नहीं करती है। लेकिन पीयूष कुछ नहीं कहता। उसे जब भी कोई चीज मिलती है तो अपनी छोटी बहन के साथ जरूर शेयर करता है।

वीकेंड आने वाला था। संडे को पापा के साथ कहां विजिट करने जाना है, इसकी प्लानिंग दोनों भाई-बहन कर रहे थे। टिन्नी बोली, 'क्यों न इस बार मॉल चलें। आइसक्रीम-डे भी आने वाला है। हम वहां बढ़िया से बढ़िया आइसक्रीम खाएंगे।'



एआई इमेज

आइसक्रीम-डे को लेकर पीयूष और टिन्नी दोनों बहुत खुश थे। दोनों ने सोच रखा था कि आइसक्रीम के कम से कम दो-दो फ्लेवर तो खाएंगे ही। संडे आ गया। दिन भर बहुत गर्मी रही। शाम होने पर पीयूष-टिन्नी, पापा के साथ मॉल गए। वहां आइसक्रीम कॉर्नर पर ढेरों फ्लेवर की आइसक्रीम सजी थीं। कुछ दूर पर टर्किश आइसक्रीम वाला भी था। पीयूष टर्किश आइसक्रीम वाले के पास आ गया, उससे बातें कीं और फिर आइसक्रीम खाई। उसने साथ खड़ी टिन्नी को भी खिलाई। टिन्नी को टूटी-फ्रूटी आइसक्रीम चाहिए थी। वो पापा के साथ उसे लेने चली गई। वापस आने पर पीयूष ने टिन्नी से अपनी आइसक्रीम टेस्ट कराने को कहा तो उसने हमेशा की तरह मना कर दिया। पापा ने पीयूष को भी टूटी-फ्रूटी आइसक्रीम दिलवा दी। पीयूष और टिन्नी आइसक्रीम खाते-खाते मॉल से बाहर निकल आए। पापा दोनों को एक किनारे खड़ा कर अपनी कार पार्किंग से निकालने चले गए। तभी बात करते-करते आइसक्रीम टिन्नी की हाथों से छूटकर जमीन पर गिर गई। आइसक्रीम गिरने से टिन्नी रोने लगी। पीयूष उसे उदास देखकर उसके करीब आया और बोला, 'टिन्नी, तुम मेरी आइसक्रीम ले लो, मैं तो वैसे भी एक आइसक्रीम खा चुका हूं। ज्यादा खाऊंगा तो नुकसान पहुंचाएगी।'

इस बात पर टिन्नी चौंकी और बोली, 'तुम मुझसे अपनी आइसक्रीम शेयर करोगे? मैं तो कभी कोई चीज तुमसे शेयर नहीं करती।'

'तो क्या हुआ, तुम मेरी छोटी बहन हो। हमें एक-दूसरे से अपनी चीजें शेयर करनी चाहिए। अब इसे खा लो जल्दी से, नहीं तो यह भी गल कर गिर जाएगी।' यह कहकर पीयूष हंस पड़ा।

टिन्नी ने प्यार से अपने पीयूष भइया को गले लगा लिया। उसने मन ही मन अपने आप से प्रॉमिस कर लिया था कि वह भी अपने भइया के साथ हर चीज शेयर करके खाया करेगी। *

कविता / डॉ. मीरा सिंह 'मीरा'

## आम रसीला



एआई इमेज

आओ मोहन आओ लीला
आओ खाएं आम रसीला।
लगे सभी को मीठा प्यारा
फल का राजा आम रसीला।
लाल-लाल कुछ पीला-पीला
बहुत निराला आम रसीला।
सीढ़ी लेकर दौड़ा राजू
पीछे दौड़ा राम छबीला।
हंसी खुशी सब चढ़े सीढ़ियां
लगे तोड़ने आम रसीला।
हंसकर बोला राम छबीला
सब मिल खाएं आम रसीला।।

तुम्हारे लिए नई किताब / चंद्रप्रकाश

## अलग-अलग रंगों की कविताएं

बच्चो, तुम्हें कविताएं बहुत पसंद आती हैं। कुछ बच्चे तो इन्हें गाते-गुनगुनाते भी हैं। तुम्हारे लिए ऐसी ही कविताओं का एक नया संग्रह आया है, जिसे निरंकारदेव सेवक ने लिखा है। इसमें छोटी-बड़ी प्यारी-प्यारी 63 कविताएं संकलित हैं। कुछ छोटी तो इतनी छोटी हैं कि बस चार पंक्तियों में सिमटी हुई हैं, वहीं बड़ी कविताएं किताब के दो पृष्ठों तक में फैली हैं। संग्रह की इन सब कविताओं के अपने अलग और निराले रंग हैं। कहीं तो ये नन्हे बच्चों से बातें करती हैं तो कहीं एक भरा-पूरा किस्सा सुना देती हैं। कुछ कविताओं में तो सीख-भरी बातें भी पिरो दी गई हैं। संग्रह के शुरू में इसके संपादक की लिखी एक भूमिका भी है, जो इन कविताओं के लेखक और इनकी कविताओं के बारे में बहुत सी बातें बताती है। विशेष बात यह है कि इस किताब की कविताओं के साथ मोहक चित्र भी छपे हैं। *



**किताब** : बच्चों की रेल (बाल कविता संग्रह), **लेखक** : निरंकारदेव सेवक, **चयन-संपादन** : प्रकाश मनु, **मूल्य** : 100 रुपए, **प्रकाशक** : साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली

## जीके क्विज-162

1. अंतरिक्ष में जाने वाले भारत के पहले एस्ट्रोनॉट कौन थे?
2. एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला के साथ किन-किन देशों के एस्ट्रोनॉट्स इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) गए थे?
3. सबसे पहले किस विदेशी नागरिक को भारत रत्न से सम्मानित किया गया था?
4. 'सत्य के साथ मेरे प्रयोग' किसकी आत्मकथा है?
5. उड़ने वाले एक मात्र स्तनधारी जंतु का क्या नाम है?
6. मिस वर्ल्ड का खिताब जीतने वाली पहली भारतीय कौन थीं?
7. नोवाक जोकोविच किस खेल के विश्व प्रसिद्ध खिलाड़ी हैं?
8. एचसीएल किस एसिड का रासायनिक सूत्र है?
9. महात्मा बुद्ध को किस स्थान पर ज्ञान की प्राप्ति हुई थी?
10. चंडीगढ़ किन दो राज्यों की संयुक्त राजधानी है?



**बच्चो, जीके क्विज-162 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-161 का उत्तर :** 1.आस्था पूनिया, 2. दिव्यांशी भौमिक, 3.पराग जैन, 4.1757 ईस्वी, 5.ब्यूनस आयर्स, 6.फुटबॉल, 7. स्फिग्मोमैनोमीटर, 8. जापानी येन, 9.थॉमस एडिसन, 10.सात

**जीके क्विज-161 का सही उत्तर देने वाले :** चंचल-गरियाबंद, सौरभ-बिलासपुर, सौम्या-जांजगीर, कबीर-हिसार, स्वप्निल-जांजगीर, रानू-राजनांदगांव, ओंकार-धमतरी, शुभम-भोपाल, श्वेता-रायपुर, जीतू-दुर्ग

कहानी
विजय सिंह चौहान

बारिश का मौसम हो, रिमझिम फुहारें पड़ रही हों और बच्चों को मस्ती ना सूझे, यह कैसे हो सकता है! सिया, रवि, अर्जुन और पीहू को भी बारिश में मस्ती सूझी। बच्चों ने खेल-खेल में बारिश का मजा ऐसे लूटा कि उन्हें समझ में आ गया कि जो मजा एकसाथ खेलने में है, वह मोबाइल पर वीडियो गेम खेलने में नहीं है।

# बारिश का मजा



'बारिश शुरू हो गई!' सिया खिड़की से बाहर झांकते हुए खुशी से चिल्लाई। रवि, अर्जुन और पीहू भी भागे-भागे खिड़की पर आ गए। काले बादल गरज रहे थे। बारिश की फुहारें धरती को भिगो रही थीं। ठंडी हवा बह रही थी। सिया-रवि के कजिंस अर्जुन-पीहू भी घर के ऊपर वाले फ्लोर पर साथ ही रहते हैं। आज संडे था। बारिश में मौसम सुहाना होने से बच्चे पूरी तरह मस्ती के मूड में हो गए।

'चलो बाहर चलते हैं!' रवि चहकते हुए बोला।

'बारिश में भीगने...?' पीहू ने आंखें फैलाते हुए पूछा। 'हां! और कागज की नाव भी बनाएंगे, पानी में बहाएंगे!' अर्जुन ने उछल कर कहा।

चारों भाई-बहन भागे-भागे पुराने रजिस्टर निकाल लाए। पन्ने फाड़े गए। देखते-देखते कई सुंदर नावें बन गईं।

'मेरी नाव सबसे लंबी है!' रवि ने हाथ ऊपर उठाकर अपनी नाव हवा में घुमाई।

'पर मेरी सबसे सुंदर है!' पीहू ने उस पर बनाई गुलाबी तितली दिखाते हुए कहा।

'चलो! बाहर इन्हें पानी में बहाते हैं!' सिया ने कहा और सब बाहर की ओर दौड़ पड़े।

बाहर बारिश का पानी बह रहा था। एक-एक कर सबने अपनी नावें पानी में छोड़ दीं।

नावें डगमगाईं, दो उलट गईं, दो बहती चली गईं।

'अर्जुन! तेरी नाव तो उलट गई!' रवि बोला।

'कोई बात नहीं, अगली बार मजबूत बनाऊंगा!' अर्जुन बोला। बारिश तेज हो गई थी। बच्चों के चेहरों पर खुशी बढ़ती जा रही थी।

'चलो नावों की रेस करते हैं, नई नावें बनाते हैं।' सिया बोली।

'जिसकी नाव सबसे दूर जाएगी, वही विजेता!' पीहू ताली बजाते हुए बोली।

नावें फिर से बनाई गईं, बहते पानी में छोड़ी गईं। रवि की नाव आगे निकली, फिर अचानक किसी ईंट से टकरा कर रुक गई। उधर पीहू की नाव सबसे दूर पहुंच गई।

'मैं जीत गई!' पीहू उछल पड़ी।

'अगली बार मैं हवाई जहाज बनाऊंगा, उसे उड़ाएंगे!' अर्जुन ने कहा।

'नहीं, अगली बार हम सब मिलकर एक बड़ी नाव बनाएंगे।' रवि बोला, 'और उसमें झंडा भी लगाएंगे!'

सभी बच्चों ने हामी भरी और ठहाका मार कर हंस पड़े। तभी बिजली कड़की, एक पल के लिए बच्चे डर गए। लेकिन डर भी मजेदार था, क्योंकि सब साथ थे।

बारिश में सब भीग चुके थे। कपड़े गीले हो गए थे, लेकिन बच्चे बहुत खुश थे। आज किसी को मोबाइल की याद नहीं आई, ना ही वीडियो गेम की। आज सिर्फ बारिश थी, कागज की नावें थीं, सबकी खिलखलाती हंसी थी। काफी देर तक सभी बारिश की मस्ती में डूबे रहे। जब थक गए तो चारों बच्चे घर के भीतर लौट आए। तौलिए से देह पोंछी, अपने भीगे कपड़े बदले। सिया की मम्मी ने सबको गर्म दूध पीने को दिया। इसके बाद चारों बच्चे बिस्तर पर चादर ओढ़कर लेट गए। देर तक पानी में भीगने से सबको जाड़ा लग रहा था।

'आज मजा आ गया..!' रवि बोला।

'हम रोज साथ खेलेंगे, चाहे बारिश हो या न हो, एक साथ खेलना कितना अच्छा लगता है!' पीहू बोली।

'हां बहुत अच्छा लगता है, मोबाइल से ज्यादा मजा तो सबके साथ असली खेल खेलने में आता है!' सिया चहकते हुए बोली। इस पर सभी बच्चों ने भी सिर हिलाकर हामी भरी। *

कविता
सतीश मिश्र



एआई इमेज

## बारिश की छम-छम

रिमझिम बारिश की छम-छम,
बिजली चमक रही चम-चम।
छप-छप-छैया पानी में,
खेल रहे हैं सब मिल हम।
कोई तैराता नैया
कागज की सरपट भैया।
कोई अपने आंगन में,
नाच रहा ता-ता थैया।
अंजुरी में पानी भरकर
गीली मिट्टी से रचकर
कुछ बच्चे दरवाजे पर,
बना रहे हैं अपना घर।
उस घर की छत पर छानी,
क्या मजाल टपके पानी।
जिसमें गुड्डा बैठाया,
और साथ गुड़िया रानी।

## अंतर बताओ


बच्चो, यहां पपी हाउस के बाहर बैठे एक क्यूट पपी के दो चित्र दिए गए हैं। इन चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम फटाफट तीन मिनट में ये पांचों अंतर ढूंढकर बताओ।



## परछाई पहचानो

बच्चो, यहां बाईं तरफ एक आदमी और डॉगी का चित्र दिया गया है। चित्र के दाईं तरफ कुछ परछाइयां भी दी गई हैं। ध्यान से देखकर बताओ, दिए गए चित्र की सही परछाई कौन-सी है?






उत्तर : f

## जैकेट के शेष

### अब पांच डिसमिल से ....

हो गया था। संशोधन के तहत अब किसी बात के होते हुए भी कृषि भूमि का ऐसा उपखंड नहीं बनाया जाएगा, जिसका क्षेत्रफल 00.5 एकड़ (पांच डिसमिल) से कम हो। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने गुरुवार को विधानसभा में यह संशोधन विधेयक रखा। विपक्ष की गैर मौजूदगी में यह विधेयक ध्वनिमत से पारित किया गया है। विधेयक के उद्देश्य और उसे लाए जाने के कारणों का उल्लेख करते हुए बताया गया है कि मूल अधिनियम की धारा 98 के विलोपन के उपरांत नक्शा बटांकन एवं अभिलेखों के अद्यतनीकरण किये जाने में जन साधारण को विभिन्न परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति इस प्रावधान में अवैध प्लाटिंग में रोक लगेगी तथा जनसाधारण के नक्शा बटांकन एवं अभिलेखों के अद्यतनीकरण में सरलीकरण होगा।

### अब स्वतः नामांतरण ....

नहीं हो पा रहा है। इस समस्या के समाधान के लिए यह प्रावधान संहिता की उक्त धारा में किया गया है।

### साफ-सफाई में हमर ....

उपलब्धि पर महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौर, स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष गायत्री-सुनील चंद्राकर और निगम आयुक्त विश्वदीप ने शहरवासियों को बधाई दी है।

### अहमदाबाद सबसे स्वच्छ ....

बातचीत, स्वच्छता ऐप, माईजीओवी और सोशल मीडिया के माध्यम से 14 करोड़ लोगों ने सर्वेक्षण में भाग लिया। इस वर्ष चार श्रेणियों में कुल 78 पुरस्कार प्रदान किए गए सुपर स्वच्छ लीग शहर; पांच जनसंख्या श्रेणियों में शीर्ष तीन स्वच्छ शहर; विशेष श्रेणीः गंगा शहर, छावनी बोर्ड, सफाई मित्र सुरक्षा, महाकुंभ; और राज्य स्तरीय पुरस्कार — किसी राज्य या केंद्र शासित प्रदेश का स्वच्छ शहर। नयी श्रेणी 'सुपर स्वच्छ लीग' के अंतर्गत, तीन लाख से 10 लाख की आबादी वाली श्रेणी में नोएडा सबसे स्वच्छ शहर बनकर उभरा, जिसके बाद चंडीगढ़ और मैसुरु का स्थान है।

### कम आबादी में बिल्हा ....

स्थान मिला है। भारत सरकार के स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में अंबिकापुर, पाटन, विश्रामपुर और रायपुर ने भी राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया है। स्वच्छ सर्वेक्षण में पहली बार शामिल नई श्रेणी 'स्वच्छता सुपर लीग' (एसएसएल) में अंबिकापुर, पाटन और विश्रामपुर ने जगह बनाई है। यह सम्मान उन शहरों को दिया गया, जो पिछले तीन वर्षों में कम से कम एक बार शीर्ष तीन में रहे हैं और वर्तमान वर्ष में शीर्ष 20 शहरों में शामिल हैं। अंबिकापुर ने 50 हजार से तीन लाख जनसंख्या श्रेणी में तथा पाटन और विश्रामपुर ने 20 हजार से कम आबादी वाले शहरों की श्रेणी में एसएसएल में अपना स्थान सुनिश्चित किया है। इनके अतिरिक्त, राजधानी रायपुर को छत्तीसगढ़ का 'प्रॉमिसिंग स्वच्छ शहर' का पुरस्कार मिला है।

**साव बोले-स्वच्छता के प्रति निरंतर प्रयासों का प्रमाण** : उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने भी आज पुरस्कृत नगरीय निकायों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह छत्तीसगढ़ के लिए केवल एक सम्मान ही नहीं, बल्कि स्वच्छता के प्रति निरंतर प्रयासों का प्रमाण है। आने वाले समय में अन्य नगरीय निकायों को भी स्वच्छता के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त होंगे। शहरी सरकारों से लेकर राज्य और केंद्र की सरकार शहरों को स्वच्छ, सुंदर और सुविधापूर्ण बनाने के लिए कई नवाचारों के साथ सतत काम कर रहे हैं।

### साय बोले- राज्य ....

की सराहना करते हुए कहा कि ये पुरस्कार राज्य के अन्य शहरों को भी अपने शहर को सुंदर और स्वच्छ बनाने के लिए प्रेरित करेंगे।

### जापानी बुखार से ....

इंसेफेलाइटिस (जेई) के मामले बढ़ने लगे हैं। स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक इस वर्ष शुरूआती साढ़े छह माह में पूरे संभाग से अब तक जापानी बुखार के 19 मरीज सामने आ चुके हैं। इनमें बस्तर जिले से सर्वाधिक 13, बीजापुर से 3 और अन्य दो जिले से 3 केस मिले हैं। अब तक लोहांडीगुड़ा और केशलूर इलाके में 2 मरीजों की मौत हो चुकी है। हालांकि इन दोनों मौतों में एक की पुष्टि हो चुकी है तथा दूसरे मामले में अंतिम जांच रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

**जापानी इंसेफेलाइटिस वायरल बीमारी, कुलेक्स मच्छरों के काटने से फैलती है** : जापानी इंसेफेलाइटिस एक वायरल बीमारी है, जो खास तौर पर कुलेक्स मच्छरों के काटने से फैलती है। यह मच्छर अधिकतर खेतों और जंगलों वाले क्षेत्रों में पनपते हैं। डाक्टरों की माने तो यह बीमारी बच्चों में ज्यादा गंभीर रूप लेती है। उनके अनुसार, इससे बचाव के लिए मच्छरों से सुरक्षा सबसे जरूरी है, जैसे मच्छरदानी का प्रयोग, घर और आस-पास की सफाई, तथा मच्छरनाशक दवाओं का छिड़काव। हालांकि डिमरापाल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जेई की जांच और इलाज की सुविधा उपलब्ध है।

### अधिकांश मौत 16 ....

बुखार के आए, जिसमें 2 मरीजों की मौत हुई। इसी तरह सुकमा जिले में दो मामले सामने आए, लेकिन मौत नहीं हुई। वर्ष 2018-2019 में एईएस के 213 मरीजों की जांच की गई, जिसमें 18 जेई पॉजिटिव पाए गए। जिसमें 94 प्रतिशत मरीज 16 साल से कम उम्र के थे। वर्ष 2019 के जून माह में डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में 4 साल के बच्चे की जेई से मौत हो चुकी है। वर्ष 2022 जुलाई माह में बस्तर जिले में जापानी बुखार के 11 मामले सामने आए थे। जिसमें 1 की मौत हो गई थी। इसी तरह वर्ष 2023-2024 में कुल 30 मामले सामने आए थे और 3 मरीज की मौत हो गई थी। इस वर्ष शुरूआती 6 माह में 19 मरीज सामने आ चुके हैं। इनमें बस्तर जिले से सर्वाधिक 13, बीजापुर से 3 और अन्य दो जिले से 3 केस मिले हैं। अब तक लोहण्डीगुड़ा और केशलूर इलाके में 2 मरीजों की मौत हो चुकी है। इसमें एक के जापानी बुखार से मौत होने की पुष्टि हो चुकी है।

### दंडकारण्य में सक्रिय ....

कर मुख्यधारा में शामिल हो गए। जानकारी के मुताबिक रामागुंडम में दण्डकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी और तेलंगाना स्टेट कमेटी के सदस्य आत्राम लच्छन्ना उर्फ गोपन्ना उर्फ राजप्पा ने अपनी पत्नी चौधरी अंकुबाई उर्फ अनितक्का उर्फ लक्ष्मी के साथ तेलगांना के राचकोंडा पुलिस आयुक्त के समक्ष समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। दोनों ने चार दशक से अधिक समय तक संगठन में रहते हुए नक्सल गतिविधियों में अहम भूमिका निभाई थी।

### नक्सल विचारधारा को ....

जोनल कमेटी का भी सक्रिय सदस्य था, जो संगठन की रणनीतिक इकाई मानी जाती है। लेंगू की पत्नी दीना भी लंबे समय तक दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी में शामिल रही है। दोनों ने वर्षों तक छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और तेलंगाना के जंगलों में संगठन के लिए काम किया। पुलिस के मुताबिक यह समर्पण संगठन के भीतर चल रही आंतरिक खींचतान और बढ़ते दबाव का नतीजा है। राज्य पुलिस के मुताबिक समर्पण के बाद दोनों को पुनर्वास योजना के तहत मदद दी जाएगी। यह आत्मसमर्पण सुरक्षा बलों के लिए एक बड़ी रणनीतिक जीत मानी जा रही है, जो लंबे समय से नक्सल नेटवर्क को तोड़ने की कोशिश में लगे हैं।

### लंबे समय तक ....

इसके बाद वर्ष 2002 में एसीएम के रूप में पदोन्नत हुई। वर्ष 2007 में उसे डीकेएसजेडसी के टेक्निकल डिपार्टमेंट में स्थानांतरित किया गया था। आत्मसमर्पण से पहले वह उत्तर बस्तर डीवीसी में डीसीएम (टेक्निकल विभाग) के रूप में कार्यरत थीं। दोनों के आत्मसमर्पण को सुरक्षा बलों के लिए बड़ी सफलता मानी जा रही है। लंबे समय से भूमिगत रहे इन शीर्ष माओवादियों का समर्पण बस्तर और तेलंगाना में नक्सल नेटवर्क पर बड़ा असर डाल सकता है।

### वाड्रा पर एक्शन, 43 ....

की है। सूत्रों ने बताया कि संघीय जांच एजेंसी ने वाड्रा और स्काई लाइट हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड जैसी उनकी अन्य संबंधित संस्थाओं से संबंधित 37.64 करोड़ रुपए मूल्य की 43 अचल संपत्तियां भी कुर्क की हैं। उन्होंने बताया कि एजेंसी ने बुधवार को पीएमएलए के तहत एक अनंतिम कुर्की आदेश जारी किया।

### वाड्रा पर आरोप....

और तत्कालीन भूमि चकबंदी और भूमि अभिलेख महानिदेशक-सह-पंजीकरण महानिरीक्षक अशोक खेमका ने इस सौदे को राज्य चकबंदी अधिनियम और कुछ संबंधित प्रक्रियाओं का उल्लंघन बताते हुए दाखिल खारिज रद्द कर दिया। ईडी वाड्रा के खिलाफ दो अन्य मामलों में जांच कर रही है, जिनमें हथियार सलाहकार संजय भंडारी के खिलाफ मामला और दूसरा, राजस्थान के बीकानेर में एक भूमि सौदे से जुड़ा मामला शामिल है।

### चिल्हर के लिए ....

अपनी बाइक में 50 रुपए का पेट्रोल डलवाया। पेट्रोल डलवाने के बाद पंप कर्मी अनिल गायकवाड़ ने चिल्हर नहीं होने का हवाला देते हुए ऑनलाइन पेमेंट करने की बात कही। इस बात को लेकर बदमाश अनिल के साथ विवाद कर झगड़ा करने लगे।

बदमाशों ने पंप से करीब 15 हजार रुपए लूटे थे। घटना के बाद बदमाश वापस अभनपुर भाग गए थे। बदमाशों को पंप कर्मी की मौत होने की आशंका हो गई थी। पुलिस उन्हें पकड़ न पाए, इस वजह से दोनों बदमाश रात को अपने घर भी नहीं गए और रायपुर अभनपुर के बीच पूरी रात घूमते रहे। पहचान छिपाने बदमाशों ने एक कपड़े की दुकान से नए कपड़े खरीदे और पुलिस से बचते हुए भागने की कोशिश में दबोचे गए। पुलिस ने बदमाशों को मौके पर मिले सीसीटीवी फूटेज के आधार पर गाड़ी नंबर की पहचान कर गिरफ्तार किया है।


**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर, जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)**

**सूचना- प्रकाशन**

क्रमांक / वाचक / अति. तहसीलदार / 2025
रायपुर, दिनांक 11/07/2025

प्रति,
श्रीमती रागिनि पिल्लई पति श्री आर.सी. पिल्लई
पिता स्व. मेजर जी.वडी. वेलू
निवासी नं. 7/1 शिवानंद नगर वल्लार
स्ट्रीट तिरुवलम वेल्लोर तमिलनाडू

**विषय** - रा.प्र.क. 202502116400028 /अ-27 / वर्ष 2024-25 पक्षकार कुमार प्रेमा वेलू पिता स्व. मेजर जी. वडी. वेलू विरुध्द श्रीमती रागिनि पिल्लई पति श्री आर.सी. पिल्लई में पक्ष समर्थन हेतु उपस्थित होने बाबत।

विषयांकित संबंध में आपको सूचित किया जाता है कि आवेदकगण क्रमांक-01. कुमारी प्रेमा वेलू पिता स्व. मेजर जी. वडी वेलू निवासी मकान नंबर डी-14 अनुपम नगर, पो. आ. शंकरनगर, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) अन्य 06 के द्वारा इस न्यायालय में छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-178 के अंतर्गत खाता विभाजन किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर आवेदन पत्र में लेख किया है कि ग्राम सकरी प.ह.नं. 75 रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर - 486/2 रकबा 2.023 हे भूमि आवेदकगण एवं अनावेदिका श्रीमती रागिनी पिल्लई पति- आर.सी. पिल्लई पिता स्व. मेजर जी. वडी वेलू निवासी- नंबर-7/1 शिवानंद नगर, वल्लार स्ट्रीट तिरूवलम वेल्लोर तमिलनाडू के नाम संयुक्त रूप से भूमिस्वामी हक में दर्ज है। उपरोक्त कृषि भूमि पैतृक संपत्ति है तथा वारिसान हक से स्वामित्व एवं आधिपत्य बने है। आवेदकगण के पिता / ससुर / दादा एवं अनावेदिका के पिता जी. वडी वेलू के द्वारा अपने जीवनकाल में पुत्र-पुत्रियों के मध्य बंटवारा कर पार्टिसन डीट ऑफ एग्रीकल्चर लैण्ड दिनांक 12.08. 2014 को निष्पादित किया गया। जिसमें उक्त आवेदित कृषि भूमि में से आवेदिका क्रमांक-01 को रकबा 0. 203 हे., आवेदक क्रमांक-02 को रकबा 0.225 हे., आवेदिका क्रमांक-03 को रकबा 0.226 हे.. आवेदिका क्रमांक-04 को रकबा 0.242 हे., आवेदिका क्रमांक-05 को रकबा 0.245 हे., आवेदिका क्रमांक-06. को रकबा 0.244 हे., आवेदकगण क्रमांक-07. के पति / पिता जगन मोहन वेलू को रकबा 0.225 हे तथा अनावेदिका को रकबा 0.241 हे एवं जी. वडी वेलू को रकबा 0.172 हे भूमि बंटवारा में प्राप्त हुआ है। आवेदकगण / अनावेदिका उक्त पार्टिसन डीड के अनुसार अपने-अपने हिस्से में प्राप्त भूमि का उपयोग-उपभोग कर रहे है तथा शांतिपूर्वक दाखिल व काबिज है। उक्त भूमि के खातेदार आवेदकगण क्रमांक-07. के पति / पिता- जगन मोहन वेलू की मृत्यु दिनांक 01.07.2022 को हो गई है, मृत्यु उपरांत उनके विधिक वारिसान में आवेदकगण क्रमांक-07. (पत्नी / पुत्र-पुत्री) ही है, इसके अतिरिक्त अन्य कोई वारिसान नहीं है। उक्त भूमि के पार्टिसन डीड ऑफ एग्रीकल्चर लैण्ड के निष्पादन कर्ता - जी. वडी. वेलू की भी मृत्यु दिनांक 28.02.2017 को हो गई है, मृत्यु उपरांत उनके विधिक वारिसान में आवेदकगण क्र. 01. से 07. तथा अनावेदिका है, जो कि उनके हिस्से / अंश की भूमि रकबा 0.172 हे, पर संयुक्त रूप से कृषि कार्य कर दाखिल व काबिज एवं उपयोग-उपभोग कर रहें हैं। अतः उक्त आवेदित भूमि पर आवेदकगण एवं अनावेदिका द्वारा पार्टिसन डीड ऑफ एग्रीकल्चर लैण्ड के आधार पर वर्णित भूमि को बराबर-बराबर अंश / हिस्सा भूमि को पृथक-पृथक खातें में अपना-अपना नाम दर्ज कर खाता विभाजन किये जाने का निवेदन किया गया है जिसकी सुनवाई दिनांक 31/07/2025 को स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा प्रकरण में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही किया जायेगा।

आज दिनांक 11/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
रायपुर (छ.ग.)


## पेज एक के शेष

### एनसीईआरटी के पाठ्यक्रम...

को भी क्रूर बताया गया है। सामाजिक विज्ञान की किताब में बाबार को बर्बर, हिंसक विजेता और पूरी आबादी का सफाया करने वाला बताया गया है। अकबर के शासन को क्रूरता और सहिष्णुता का मिला-जुला रूप बताया है। इसके अलावा औरंगजेब को मंदिर और गुरुद्वारा तोड़ने वाला बताया गया है। आठवीं कक्षा के सिलेबस में 13वीं से 17वीं सदी तक के भारतीय इतिहास को कवर किया गया है। इस किताब में सल्तनत काल को लूट-पाट और मंदिरों को तोड़ने के रूप में दिखाया गया है। इसके पहले की किताब में सल्तनत काल को इस रूप में पेश नहीं किया गया था। सर्वाधिक विवाद पृष्ठ क्रमांक 20 में इतिहास की अंधकारमय अवधि के नाम से दी गई टिप्पणी को लेकर हो रहा है। शिक्षाविदों का कहना है कि यह टिप्पणी एकपक्षीय होकर लिखी गई है।

### इंग्लिश माध्यम ...

वहां इस्लाम की स्थापना की है। खून की प्यासी तलवारों की मदद से हमने उनके मन से काफिरों के निशान मिटा दिए हैं। हमने वहां के मंदिरों को भी नष्ट कर दिया है।" किताब में इसके आगे लिखा है कि अकबर अपने बाद के शासन में शांति और सद्भावना की बात करते हैं। औरंगजेब ने स्कूलों और मंदिरों को तोड़ने का आदेश दिया था। बनारस, मथुरा और सोमनाथ सहित जैनों के मंदिर और सिखों के गुरुद्वारे भी नष्ट किए गए। किताब में पारसियों और सूफियों पर भी मुगलों के कथित अत्याचार का भी जिक्र है।

### विवाद के बाद एनसीईआरटी ने...

पाठ्यक्रम फ्रेमवर्क 2023 के तहत लाई गई है। इस किताब में भारतीय इतिहास की 13वीं सदी से 19वीं सदी के मध्य तक की अवधि को समेटा गया है। हमने इस किताब में दोहराव के बजाय आलोचनात्मक सोच को सामने रखा है। विश्वसनीय स्रोतों के आधार पर संतुलित विवरण को शामिल किया गया है। हमने एक विशेष अध्याय रखा है, जिसका नाम है- इतिहास के अंधकारमय अवधि पर एक टिप्पणी। इस किताब के जरिए युवा अध्येताओं को अतीत के साथ आधुनिक भारत के बनने की समझ विकसित होगी। हमारी पीढ़ियां किसी भी तरह के पूर्वाग्रह और भ्रम से बचें, इसके लिए पृष्ठ संख्या 20 में इतिहास के अंधकारमय अवधि के नाम से एक टिप्पणी है। साथ में हमने डिसक्लेमर भी दिया है कि अतीत में जो कुछ भी हुआ है, उसके लिए आज किसी को जिम्मेदार नहीं ठहरा सकते हैं।"

### सिर्फ डीएपी की कमी...

60 प्रतिशत सहकारी क्षेत्र को और 40 प्रतिशत निजी क्षेत्र को दिया गया। कमेटी की बैठक में तय होने के बाद अब सिर्फ सहकारी क्षेत्रों को ही डीएपी दे रहे हैं। उन्होंने कहा, यहां सिर्फ डीएपी की कमी है इसके अलावा किसी खाद को कोई कमी नहीं है।

### हादसे की जांच से...

नियम, 2017 के अनुसार काम करता है और भारत सरकार के दायित्वों को पूरा करने के लिए जिम्मेदार है। एएआईबी के पास 2012 में अपनी स्थापना के बाद से 92 दुर्घटनाओं और 111 गंभीर घटनाओं की जांच करने का एक त्रुटिहीन रिकॉर्ड है।

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान रहेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। तरक्की के योग हैं।

**वृष** — मन थोड़ा परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जाना हो सकता है।

**मिथुन** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। कारोबारी कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** — वाणी में मधुरता रहेगी। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**सिंह** — आत्मविश्वास भी बहुत रहेगा। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मीठे खानपान में रुचि बढ़ेगी। खर्च बढ़ेंगे। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

**कन्या** — किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति बन सकती हैं।

**तुला** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार में सुधार होगा। कारोबार के विस्तार के लिए पिता से आर्थिक सहयोग मिल सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता के योग हैं।

**वृश्चिक** — किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। कारोबार से लाभ के अवसर भी मिल सकते हैं। यात्रा के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**धनु** — आत्मविश्वास से लबरेज तो रहेंगे, परन्तु मन अशान्त भी हो सकता है। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा।

**मकर** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंता परेशान करेंगी।

**मीन** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे, परन्तु आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। खर्च अधिक रहेगा। मित्रों से भेंट होगी।

## विदेश मंत्रालय का बड़ा बयान

# निमिषा का मामला संवेदनशील मित्र देशों के संपर्क में है भारत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केरल की नर्स निमिषा प्रिया की फांसी की सजा पर विदेश मंत्रालय का बयान सामने आया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को कहा कि यह एक संवेदनशील मामला है और भारत सरकार इसमें हर संभव मदद कर रही है। हमने कानूनी मदद मुहैया कराई है और परिवार की सहायता के लिए वकील भी नियुक्त किया गया है। हमने सुनिश्चित किया कि निमिषा प्रिया के परिजनों के लिए नियमित कांसुलर मुलाक़ातें होती रहें। साथ ही साथ दूतावास ने स्थानीय अधिकारियों और निमिषा प्रिया के परिजनों के साथ नियमित संपर्क बनाए रखा है। जायसवाल ने बताया कि बीते कुछ दिनों में हमने ख़ास कोशिश की कि निमिषा प्रिया के परिवार को दूसरे पक्ष के साथ आपसी समझौते के लिए और समय मिल सके। यमन के स्थानीय अधिकारियों ने 16 जुलाई 2025 को निर्धारित उनकी सज़ा के क्रियान्वयन को फिलहाल स्थगित कर दिया है।

**यमन में होने वाली है भारतीय नर्स को फांसी**



### ये है मामला

बता दें कि केरल के पलक्कड़ जिले के कोल्लेंगोडे की रहने वाली निमिषा प्रिया को जुलाई 2017 में यमन के एक नागरिक की हत्या का दोषी पाया गया था। वर्ष 2020 में, यमन की अदालत ने प्रिया को मौत की सजा सुनाई और देश की सर्वोच्च न्यायिक परिषद ने नवंबर 2023 में उनकी अपील खारिज कर दी थी। प्रिया (38) वर्तमान में यमन की राजधानी सना की एक जेल में बंद है, जो ईरान समर्थित हूतियों के नियंत्रण में है।

### 'बदला! चाहे कुछ भी हो- मृतक का भाई

नर्स निमिषा प्रिया की फांसी बुधवार 16 जुलाई को तो टाल दी गई लेकिन उनके बचने की संभावना बेहद कम होती जा रही है। आखिरी वक्त में फांसी टाले जाने को लेकर महदी के भाई अब्देल फत्तह महदी ने बेहद ही कड़ा बयान देते हुए गुरुवार को कहा है कि फांसी रुकवाने वाले अच्छी तरह जानते हैं कि परिवार सुलह करने के लिए किसी भी हालत में तैयार नहीं है। ऑनलाइन किए गए एक पोस्ट में महदी के भाई ने लिखा, 'जिन लोगों ने फांसी रुकवाई, वे अच्छी तरह जानते हैं कि परिवार सुलह की किसी भी कोशिश को पूरी तरह से खारिज करता है।

## पंजाब सरकार ने दिया सख्त आदेश

# भिखारियों के साथ दिखे बच्चे तो किया जाएगा डीएनए टेस्ट

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

पंजाब सरकार ने भिखारियों के बच्चों और उनके साथ मौजूद वयस्कों के डीएनए टेस्ट के आदेश दिए हैं ताकि उनके बीच संबंधों की पुष्टि हो सके। बच्चों की तस्करी और भीख मांगने के लिए उनके शोषण पर रोक लगाने के उद्देश्य से, पंजाब सरकार ने सभी उपायुक्तों (डीसी) को निर्देश दिया है कि वे सड़कों पर वयस्कों के साथ भीख मांगते पाए जाने वाले बच्चों का डीएनए टेस्ट करें ताकि उनके बीच संबंधों की पुष्टि हो सके। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री बलजीत कौर ने यह आदेश जारी किए। जिसके मुताबिक,अगर कोई बच्चा किसी वयस्क के साथ भीख मांगता हुआ पाया जाता है तो उसके पारिवारिक संबंधों की पुष्टि के लिए डीएनए परीक्षण कराया जाएगा। जब तक परिणाम उपलब्ध नहीं हो जाते, तब तक बच्चा बाल कल्याण समितियों की देखरेख में बाल देखभाल संस्थान में रहेगा।

### होगा कड़ा एक्शन

अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि अगर डीएनए टेस्ट से यह पुष्टि होती है कि वयस्क का उस बच्चे से कोई संबंध नहीं है जिसके साथ वह आया है तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सामाजिक सुरक्षा निदेशालय (महिला एवं बाल विकास) द्वारा जीवनज्योत-2 परियोजना के अंतर्गत सभी उपायुक्तों को ये निर्देश जारी किए गए हैं।

### बेंगलुरु अपराधी हत्या : पांच आरोपी गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में कुख्यात अपराधी से रियल एस्टेट एजेंट बने व्यक्ति की उसकी मां के सामने ही हत्या किये जाने के संबंध में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया। शिवप्रकाश उर्फ बिकलू शिवू की मंगलवार रात शहर के भारती नगर में धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी गयी थी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों में जगदीश, किरण, विमल, अनिल और फ्रेडरिक शामिल हैं। गिरफ्तार किये गये आरोपियों को शहर की एक अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें 10 दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया।


**पूर्व तट रेलवे**

निविदा सूचना सं. VSKP-ELECTG-25-26-WC-17, दिनांक : 10.07.2025

**कार्य का नाम :** वाल्टियर मण्डल के EI स्टेशन के रिले रूम में एयर कंडीशनर [Ductable ACs] के प्रावधान के लिए बिजली आपूर्ति व्यवस्था का विस्तार।

**निविदा मूल्य :** ₹ 4,08,42,807.36, बिड सिक्युरिटी : ₹ 3,54,200/-, पूरा होने की अवधि : 240 दिन।

निविदा बंद होने की तिथि व समय : 07.08.2025 को 1330 बजे।

निविदा खुलने की तिथि व समय : 07.08.2025 को 1600 बजे।

निविदा दस्तावेज से संबंधित संपूर्ण विवरण वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

कोई भी जारी शुद्धिपत्र की जानकारी के लिए निविदाकार उपरोक्त वेबसाइट का अवलोकन करें।

वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता (सा), वाल्टियर

PR-372/Q/25-26



**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

क्रम सं.(1) ई-निविदा संख्याः सीपीएम-इंजी-जीएसयु-बीएसपी-07-25-26, दिनांकः 14.07.2025

**कार्यः** "दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत हिमगीर रेलवे स्टेशन का सॉफ्ट अपग्रेडेशन। **निविदा मूल्य (रू):** 16,83,47,968.00/-, **अमानत राशि (रू)** 9,91,700.00/-, **कार्य पूर्णता की अवधिः** 18 माह। **निविदा जमा करने की आरंभ तिथिः** दिनांक 24.07.2025 से, **निविदा जमा करने की अंतिम तिथिः** दिनांक 07.08.2025 के 15:00 बजे तक।

उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी https://www.ireps.gov.in. वेबसाइट पर उपलब्ध है, उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-टेंडर के अलावा अन्य टेंडर स्वीकार नहीं की जाएगी।

*उप मुख्य अभियंता गतिशक्ति*
*सीपीआर/10/177 द.पू.म.रेलवे, बिलासपुर*

South East Central Railway @secrail



**न्यायालय तहसीलदार बालोद जिला बालोद (छ.ग.)**

**:: उद्घोषणा ::**

रा.प्र.क्र./202507240700042/ अ-20 (3)/ वर्ष 2024-25

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कार्यालय महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, जिला बालोद के पत्र क्रमांक/ जिव्याउके-बा/ सामा./ 2025/ 1182 बालोद दिनांक 02.07.2025 के अनुसार नवीन कार्यालय भवन निर्माण हेतु नगर बालोद प.ह.नं. 06 तहसील बालोद स्थित शासकीय भूमि ख.नं. 935/1 (शामिल 935/5) में से क्षेत्रफल 0.1119 हे. भूमि आबंटन किए जाने बाबत पत्र प्राप्त हुआ है।

इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो दिनांक 04/08/2025 तक प्रस्तुत किया जा सकता है। नियत तिथि उपरांत प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 17.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी।

मुहर

तहसीलदार
बालोद, जिला बालोद (छ.ग.)



**कार्यालय - कार्यपालन अभियंता (सं./सं.) संभाग**
**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड, पिथौरा**

क्र.- 053-4600/सामा./1256 पिथौरा, दिनांक 17.07.2025

**बिजली बंद की सूचना**

समस्त सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि वितरण केन्द्र झलप के अंतर्गत नया 33 के.व्ही. लाईन खींचने एवं 06 पोल स्ट्रक्चर निर्माण कार्य हेतु 132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र झलप से निकलने वाली 33 के.व्ही. फीडरों की विद्युत आपूर्ति नीचे लिखे विवरणानुसार प्रातः 10 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक बंद रहेगी। सम्माननीय उपभोक्ताओं को होने वाली **असुविधा के लिये खेद** है।

| क्र. | फीडर का नाम | दिनांक | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| 1 | 33 के.व्ही. ढांक | 18.07.2025 (शुक्रवार) | 33/11 के. व्ही. उपकेंद्र ढ़ांक, घोंच एवं बया से निकलने वाली सभी 11 के.व्ही. फीडरों से संबंधित समस्त ग्राम एवं उच्चदाब उपभोक्ता। |
| 2 | 33 के.व्ही. झलप | | 33/11 के. व्ही. उपकेंद्र झलप से निकलने वाली सभी 11 के.व्ही. फीडरों से संबंधित समस्त ग्राम। |
| 3 | 33 के.व्ही. पोटापारा | | 33/11 के.व्ही. उपकेंद्र पोटापारा, छिब्बर्रा से निकलने वाली सभी 11 के.व्ही. फीडरों से संबंधित समस्त ग्राम एवं उच्चदाब उपभोक्ता। |
| 4 | 33 के.व्ही. पिथौरा | | 33/11 के.व्ही. उपकेंद्र पिथौरा, पिथौरा (आईपीडीएस) खैरखुटा से निकलने वाली सभी 11 के.व्ही. फीडरों से संबंधित समस्त ग्राम एवं उच्चदाब उपभोक्ता। |

टीपः- 1) आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है।
2) स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचाएं।
3) विद्युत चोरी दंडनीय अपराध है।

(बी.दीवान)
कार्यपालन अभियंता (सं./सं.) संभाग
छ.स्टे. पॉ.डि.कं.लिमि., पिथौरा



**Home First Finance Company India Limited**
CIN: L65990MH2010PLC240703
Website: homefirstindia.com
Phone No.: 180030008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com

**कब्जा सूचना**

**संदर्भः सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के उप-नियम (1) के अंतर्गत कब्जा सूचना**

चूंकि, नीचे हस्ताक्षरकर्ता होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (अधिनियम संख्या 54, 2002) के अंतर्गत तथा सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ धारा 13(2) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नीचे दिए गए संबंधित तिथियों पर जारी किए गए मांग नोटिस के अनुसरण में, आप से/ऋणधारकों से, नीचे नामित, संबंधित नोटिस प्राप्त होने की तिथि से 60 दिनों के भीतर बकाया राशि का भुगतान करने का आह्वान करते हैं। तथापि, आप/उधारकर्ता सभी निर्धारित समय के भीतर उक्त बकाया राशि का भुगतान करने में विफल रहे हैं, इसलिए होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड ने सरफेसी एक्ट, 2002 की धारा 13 की उपधारा (4) के प्रावधानों के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, इसके तहत नियमों को पढ़ते हुए, नीचे उल्लिखित सुरक्षित परिसंपत्तियों को अपने कब्जे में ले लिया है :

| क्र. सं. | ऋणधारक (ओं)/ सह ऋणधारक (ओं)/ जमानतदारों के नाम | बंधक रखी गयी संपत्ति का विवरण | मांग सूचना की तिथि | मांग सूचना की तिथि को कुल बकाया राशि (रू. में) | कब्जा की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | केशब महानंद, फाल्गुनी महानंद | प्लॉट-प.ह.नं. 107/23/51, खसरा नं. 130/180 भाग, प.ह.नं. 00051, रामकृष्ण परमहंस वार्ड नं. 02, बंजारी मंदिर के आगे; सरकारी अस्पताल ईएसआईसी के पास, बाजार चौक के पास, ग्राम - कोटा-III; रा.नि. रायपुर III कोटा तहसील व जिला रायपुर, छत्तीसगढ़-492001 चौहद्दी: उत्तर- साहू का प्लॉट, दक्षिण- विक्रेता का प्लॉट, पूर्व- रोड, पश्चिम- तिवारी का प्लॉट। | 06-05-2025 | 17,08,846 | 15-07-2025 |

ऋणधारक द्वारा राशि वापस करने में असफल रहने के कारण, ऋणधारक/जमानतदार और आम जनता को यह सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के साथ उक्त नियम के नियम 8 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, ऊपर उल्लिखित तिथि को नीचे वर्णित संपत्ति पर कब्जा ले लिया है।

**ऋणधारकों/जमानतदारों और आम जनता** को एतद्द्वारा आगाह किया जाता है कि वे ऊपर उल्लिखित संपत्तियों/प्रतिभूत संपत्तियों या उसके किसी भाग के साथ लेन-देन न करें और उक्त संपत्तियों/प्रतिभूत संपत्तियों के साथ कोई भी लेन-देन होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा, जो संपत्तियों/प्रतिभूत संपत्तियों के विरुद्ध ऊपर उल्लिखित राशि के लिए है, **जो पूर्ण भुगतान होने तक उस पर अतिरिक्त ब्याज के साथ देय है।**

**ऋणधारक का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्ति को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।**

स्थान: रायपुर
दिनांक: 18-07-2025

प्राधिकृत अधिकारी
होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड



## शब्द पहेली - 5931



**बाएँ से दाएँ**
1.शरीफ,नेकनीयत-5
4.जिसे सुनाई न दे-3
6.मां का भाई-2
7.एकमात्र,सिर्फ एक-3
8.अधिकार-2
10.सिर झुकाना-3
11.दुर्घटना-4
14.दूध फाड़कर बनाया जानेवाला पदार्थ-3
16.राजदार-4
17.राजा की पत्नी-2
18.वीज, वीर्य-2
19.मीठा पेय पदार्थ-4
21.पानी की बूंद-3
22.अवरोध,बाधा-4
24.मैला,अस्वच्छ-3
25.पानी,जल-2
27.पुत्र,लड़का-3
28.लाश,पार्थिव देह-2
29.थकावट-3
30.मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.समाजवाद को माननेवाला अनुयायी-5
2.अस्थमा-2
3.राज्य,सल्तनत-4
4.तन,काया,देह-3
5.रास्ता,मार्ग-2
7.नखरा,भुगतान-2
9.डोली उठाने वाले-3
12.बिजली,विद्युत रश्मि-3
13.भद्रता,नेकनियत -4
15.कमल,पंकज-3
16.बुखरा,ज्वर ताप-4
17.आराम,मदद-3
18.घना वन-3
20.मन को भाने वाला -2,3
21.कथा,गाथा-3
22.कहासुनी-4
23.मनन करना-3
24.शराब-2
26.घोड़ागाड़ी-2
28.बढ़ावा देना-2

**शब्द पहेली -5930 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5941

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | 7 | | 1 | | | 3 |
| 3 | | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | | 4 |
| 1 | | | 4 | | 6 | | 9 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5940 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 8 | 7 |
| 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 9 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 6 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 | 4 | 5 |
| 2 | 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 4 | 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 |

## साउथ इंडियन बैंक के लाभ में 10 फीसदी का इजाफा

**नई दिल्ली।** साउथ इंडियन बैंक का मुनाफा चालू वित्त वर्ष (2025-26) की अप्रैल-जून तिमाही में 10 प्रतिशत बढ़कर 322 करोड़ रुपये हो गया। 2024-25 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में कंपनी का मुनाफा 294 करोड़ रुपये रहा था। 2025-26 की जून तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 2,984 करोड़ रुपये हो गई। जो 2024-25 की समान तिमाही में 2,736 करोड़ रुपये थी। बैंक द्वारा अर्जित ब्याज अप्रैल-जून तिमाही में सालाना आधार पर बढ़कर 2,362 करोड़ रुपये हो गया।

# अमेरिका नॉन वेज दूध भारत को बेचने पर उतारू, इसी के पीछे मचा है सारा बवाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत और अमेरिका के बीच चल रही ट्रेड डील पूरी नहीं हो पा रही है। अधिकारियों की मानें तो दोनों ही देश लगभग सभी बातों और शर्तों पर सहमत हो चुके हैं, लेकिन अमेरिकी दूध पर बात नहीं बन रही। दोनों देशों में डेयरी और एग्रीकल्चर प्रोडक्ट को लेकर सहमति नहीं बन पा रही है। भारत को सबसे ज्यादा आपत्ति नॉन वेज मिल्क को लेकर है, जिसे वह किसी भी कीमत पर मंजूरी देने के मूड में दिख नहीं रहा है। अमेरिका टैरिफ का दबाव डालकर भारत को इसे मंजूरी देने के लिए मजबूर कर रहा है। अमेरिका को डेयरी प्रोडक्ट के रूप में भारत में 1.40 अरब जनसंख्या वाला बाजार दिख रहा है तो 8 करोड़ लोगों को रोजगार देने वाला कारोबार भी।

## इसी बात को लेकर पूरी नहीं हो पा रही ट्रेड डील

### नॉन वेज मिल्क से भारत को क्या दिक्कत

भारत में दूध और घी का इस्तेमाल तमाम धार्मिक अनुष्ठानों में भी किया जाता है। यही वजह है कि सरकार ने अमेरिकी डेयरी प्रोडक्ट को किसी भी कीमत पर मंजूरी नहीं दी है। भारत ने साफ कहा है कि देश के बाहर से उसी डेयरी प्रोडक्ट को आने की अनुमति दी जा सकती है, जो हमारे शाकाहारी सर्टिफिकेशन को पास करेगा। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इंस्टीट्यूट (जीटीआरआई) के अधिकारी का कहना है कि अंदाजा लगाइए आप गाय के दूध से बना मक्खन खा रहे हैं, जिसमें दूसरी गाय का खून या मांस मिला हुआ है तो यह भारतीय उपभोक्ताओं के लिए कितनी खराब बात होगी।



- भारत नॉनवेज दूध को मंजूरी देने के मूड में नहीं
- अमेरिका भारतीय बाजार में डेयरी प्रोडक्ट्स बेचना चाहता है

### क्या है नॉन वेज मिल्क



*अमेरिका में गायों सहित ज्यादातर दुधारू पशुओं को नॉनवेज वाले खाद्य पदार्थ खिलाए जाते हैं। इनमें मांस और खून की मिलावट रहती है। कई रिपोर्ट में बताया गया है कि अमेरिकी पशुओं को जानवरों से बने प्रोडक्ट खिलाए जाते हैं। गायों को ऐसे खाद्य पदार्थ दिए जाते हैं, जिसमें सुअर, मछली, मुर्गे, घोड़े यहां तक कि बिल्ली और कुत्ते के भी मांस व खून मिलाए जाते हैं। मवेशियों को प्रोटीन के लिए घोड़े और सुअर का खून दिया जाता है। मोटे होने के लिए जानवरों की चर्बी भी शामिल रहती है। भारत को बस इसी बात से दिक्कत है, क्योंकि भारतीय गायों को ऐसा कोई भी प्रोडक्ट नहीं दिया जाता और पूरी तरह शाकाहारी चीजें ही खाने-पीने के लिए दी जाती हैं।*

***अमेरिका का क्या कहना है :*** *भारत के इस विरोध को अमेरिका गैर जरूरी बाधा बता रहा है। मामले से जुड़े एक वरिष्ठ भारतीय अधिकारी का कहना है कि यह हमारे लिए रेड लाइन है और इसे किसी भी कीमत पर पार नहीं किया जा सकता है। अमेरिका ने इस मुद्दे को डब्ल्यूटीओ के सामने भी उठाया है। उसका कहना है कि पहले जब भारत ने अपने डेयरी सर्टिफिकेशन के बारे में बताया था तो उसने इस तरह के किसी मुद्दे का जिक्र नहीं किया था।*

***क्या होगा अगर भारत दे दे मंजूरी :*** *अमेरिका तो अपने डेयरी प्रोडक्ट के लिए भारतीय बाजार में एंट्री चाहता है, लेकिन अगर भारत ने मंजूरी दे दी तो अमेरिका के डेयरी प्रोडक्ट यहां कम कीमत पर बिकेंगे, जिससे घरेलू डेयरी उत्पादों पर असर पड़ेगा और किसानों को नुकसान उठाना पड़ेगा। इससे भारतीय डेयरी उद्योग को सालाना 1 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का नुकसान होगा।*

## नाबार्ड छत्तीसगढ़ ने मनाया 44वां स्थापना दिवस, उत्कृष्ट संस्थानों को किया सम्मानित



**रायपुर।** नाबार्ड, छत्तीसगढ़ क्षेत्रीय कार्यालय ने अपने 44वें स्थापना दिवस का भव्य आयोजन किया। इस अवसर पर ग्रामीण विकास में उल्लेखनीय योगदान देने वाले जमीनी स्तर के संस्थानों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक डॉ. ज्ञानेंद्र मणि के साथ-साथ कई विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे, जिनमें भारतीय रिजर्व बैंक की क्षेत्रीय निदेशक रेनी अजीत, दाऊ वासुदेव चंद्राकर, आरआरबी सिंह, सुमिता दवे और विनोद कुमार अरोड़ा प्रमुख रहे। इसके अलावा राज्य भर से आए डीसीसीबी, पीएसीएस, एफपीओ और स्वयं सहायता समूहों के प्रतिनिधि तथा नाबार्ड के अधिकारी व कर्मचारी भी समारोह में शामिल हुए।

**सहकारी संस्थानों को मिला सम्मान**

समारोह का प्रमुख आकर्षण रहा अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष (आईवाईसी) की भावना के तहत नौ उत्कृष्ट प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पीएसीएस) और जगदलपुर जिला केंद्रीय सहकारी बैंक को सम्मानित किया जाना। इन संस्थानों का चयन ऑडिट रेटिंग, व्यापार कारोबार, औसत शुद्ध लाभ, लाभांश वितरण और ऋण सुविधा की गुणवत्ता जैसे महत्वपूर्ण मानकों के आधार पर किया गया। यह सम्मान इन संस्थाओं द्वारा ग्रामीण ऋण व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में निभाई गई अहम भूमिका को रेखांकित करता है।

**एफपीओ और एनजीओ को भी दी गई मान्यता :** नाबार्ड ने इस अवसर पर अपने गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) और किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के प्रतिनिधियों को भी सम्मानित किया। उन्हें समुदायों को सशक्त बनाने, आजीविका बढ़ाने, बाजार से जोड़ने और जीआई (भौगोलिक संकेतक) गतिविधियों में सहयोग के लिए सराहा गया।

## महिंद्रा ने लांच की नई 'एक्सयूवी 3एक्सओ रेवएक्स', कीमत 8.94 लाख रुपए से शुरू



**मुंबई।** महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड ने अपनी लोकप्रिय एसयूवी रेंज एक्सयूवी 3एक्सओ में एक नई और आकर्षक रेवएक्स सीरीज को लांच किया है, जिसकी शुरुआती कीमत 8.94 लाख रुपए (एक्स-शोरूम) रखी गई है।

महिंद्रा की यह सीरीज खास तौर पर उन ग्राहकों के लिए पेश की गई है जो स्टाइल, परफॉर्मेंस और प्रीमियम फील की तलाश में हैं। नई रेवएक्स सीरीज में आकर्षक ड्यूल-टोन रूफ, बॉडी-कलर ग्रिल, ब्लैक अलॉय व्हील्स और एक्सक्लूसिव बैजिंग जैसे फीचर्स दिए गए हैं, जो इसे भीड़ से अलग बनाते हैं। इसके इंटीरियर में ब्लैक लेदरेट सीट्स, 26.03 सेमी इंफोटेनमेंट सिस्टम और सनरूफ जैसे फीचर्स शामिल हैं, जो 10 लाख से कम कीमत में एक प्रीमियम अनुभव प्रदान करते हैं। एक्सयूवी 3एक्सओ रेवएक्स, तीन वेरिएंट्स में उपलब्ध है। सभी वेरिएंट्स पांच आकर्षक रंगों गैलेक्सी ग्रे, टैंगो रेड, नेबुला ब्लू, एवरेस्ट व्हाइट और स्टेल्थ ब्लैक में उपलब्ध हैं। महिंद्रा का दावा है कि रेवएक्स सीरीज एक अलग सोच रखने वाले ग्राहकों के लिए डिजाइन की गई है जो दिखने में भी अलग हो और प्रदर्शन में भी।

# आईटी शेयरों में बिकवाली से सेंसेक्स 375 अंक लुढ़का

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- निफ्टी में 101 अंक का नुकसान दर्ज किया गया
- बाजार में निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया

स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 375 अंक लुढ़क गया। वहीं एनएसई निफ्टी 101 अंक के नुकसान में रहा। अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता के नतीजों से पहले निवेशकों के सतर्क रुख के बीच आईटी शेयरों में बिकवाली से बाजार नुकसान में रहा। तीस शेयर पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 375.24 अंक गिरावट के साथ 82,259.24 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 415.21 अंक तक नीचे आ गया था। निफ्टी भी 100.60 अंक की गिरावट के साथ 25,111.45 अंक पर बंद हुआ। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और कंपनियों के कमजोर तिमाही नतीजों से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। सेंसेक्स की कंपनियों में टेक महिंद्रा के शेयर में लगभग तीन प्रतिशत की गिरावट आई। आईटी सेवा कंपनी टेक महिंद्रा का एकीकृत शुद्ध लाभ 30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही में सालाना आधार पर लगभग 34 प्रतिशत बढ़कर 1,140.6 करोड़ रुपये रहा। इसके अलावा, इन्फोसिस, एचसीएल टेक, इटर्नल (पूर्व में जोमैटो), लार्सन एंड टुब्रो, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और एक्सिस बैंक के शेयर भी नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में टाटा स्टील, ट्रेंट, टाइटन और टाटा मोटर्स शामिल हैं। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने शुद्ध रूप से बुधवार को 1,858.15 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

### कंपनियों के वित्तीय परिणाम कमजोर रहने से निवेशक सतर्क

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "विभिन्न कंपनियों विशेष रूप से प्रौद्योगिकी और बैंकों के जून तिमाही के वित्तीय परिणाम कमजोर रहने के बीच निवेशकों के सतर्कता बरतने से भारतीय शेयर बाजार मामूली गिरावट के साथ बंद हुए।

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता,**
**लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 2 (छत्तीसगढ़)**

**:ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना:-**

दिनांक :- 16.07.2025

निम्नांकित कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदा "डी" श्रेणी एवं अधिक श्रेणी के ठेकेदारों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| एन.आई.टी. क्र./ निविदा क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | |
| NIT NO. 131 Tender no. 172167 | जिला महासमुन्द के उपसंभाग क्रं.-1 अंतर्गत विभिन्न ग्रामीण मार्गो एवं मुख्य जिला मार्गो में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी. टी. पेंच मरम्मत का कार्य। | रू. 50.00 लाख | प्रथम आमंत्रण 05.08.2025 |
| NIT NO. 132 Tender no. 172168 | जिला महासमुन्द के उपसंभाग पिथौरा अंतर्गत विभिन्न मुख्य जिला मार्गो एवं ग्रामीण मार्गो में डब्ल्यू. एम. एम. एवं बी.टी. पेंच मरम्मत का कार्य। | रू. 49.34 लाख | |
| NIT NO. 133 Tender no. 172169 | बलौदाबाजार अनुविभाग अंतर्गत विभिन्न मार्गो पर रोड मार्किंग एवं रोड सेप्टी बोर्ड का कार्य। | रू. 15.00 लाख | द्वितीय आमंत्रण 30.07.2025 |
| NIT NO. 134 Tender no. 172170 | भाटापारा अनुविभाग अंतर्गत विभिन्न मार्गो पर रोड मार्किंग एवं रोड सेप्टी बोर्ड का कार्य। | रू. 13.00 लाख | |
| NIT NO. 135 Tender no. 172171 | बिलाईगढ़ अनुविभाग अंतर्गत तौलीडीह से साल्हेवाना मार्ग लं. 1.00 कि.मी. का निर्माण कार्य। | रू. 166.67 लाख | प्रथम आमंत्रण 05.08.2025 |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल **https://eproc.cgstate.gov.in** अथवा विभागीय वेबसाइट **https://eproc.cgstate.gov.in** से डाउनलोड की जा सकती है। (राशि रू.100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पर निर्धारित प्रपत्र में शपथ-पत्र एवं न्यूनतम राशि रू. 10.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम पर एनेक्जर - 3 का शपथ पत्र बिड केपेसीटी उपलब्धत्ता बाबत जानकारी एवं अन्य जानकारी एनआईटी के 2.10 में संलग्न संशोधित प्रपत्रानुसार प्रस्तुत करें।)

निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा, एवं निविदाकारो द्वारा प्रेषित मूल अभिलेख का लिफाफा में निविदाकारो का मोबाईल न. एवं इमेल आई.डी. का उल्लेख अनिवार्य रुप से करें।

Credible Chhattisgarh विश्वसनीय छत्तीसगढ़

**अधीक्षण अभियंता**
**लो.नि.वि रायपुर मण्डल क्रं.-2 (छ.ग.)**
**आपकी थी चाह, हमने बनाई राह**

G-252602261/2

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
बाल्य रोगों व चुरना, दस्त (कृमि) के लिए विशेष लाभकारी
सुखौना टेबलेट
20 वर्षों से प्रसिद्ध 94060-21769

**गुरु घासीदास विश्वविद्यालय**
**(केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम 2009 के अंतर्गत स्थापित केन्द्रीय विश्वविद्यालय, NAAC A++)**
**कोनी, बिलासपुर-495009 (C.G.) भारत, दूर.. +91-7752-260342 फैक्स +91-7752-260154**

क्रमांक. 562/प्रवेश/अकादमी/25 — प्रवेश सूचना (2025-26) — बिलासपुर, दिनांक- 17.07.2025

गुरु घासीदास विश्वविद्यालय शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु निम्नलिखित Apprenticeship Based Degree Programmes (ABDP) पाठ्यक्रमों के लिए प्रावीण्यता के आधार पर सीधे प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित करता है-

(अ) प्रवेश हेतु उपलब्ध कार्यक्रम-
B. Com. in Business Operations, B. Sc. in Mechatronics, B. A. In Electronic Media and Film making, BBA in Retail Management, B.Sc. in Computer Science, B.A. in Performing Arts (Folk and Modern Theatre)
(ब) प्रवेश प्रक्रिया, अर्हता, सीट संख्या, आरक्षण नीति, शुल्क, छात्रवृत्ति, महत्वपूर्ण तिथियाँ एवं आवेदन कैसे करें आदि विवरण के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.ggu.ac.in पर ''ABDP Admission link'' का अवलोकन करें।
(स) आवेदन प्रक्रिया शुल्क UR/OBC/EWS के लिये Rs. 750.00 एवं SC/ST/PWD के लिये Rs. 450.00
(द) महत्वपूर्ण तिथियाँ-
आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ होने की तिथि : 18.07.2025
आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि : 14.08.2025

कुलसचिव (कार्यवाहक)

## सुनील मित्तल को मिला मानद डॉक्टरेट सम्मान



**नई दिल्ली।** भारती एंटरप्राइजेज के संस्थापक एवं चेयरमैन सुनील भारती मित्तल को ब्रिटेन के बाथ यूनिवर्सिटी ने डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने एक बयान में कहा कि बाथ यूनिवर्सिटी की गिनती ब्रिटेन के साथ दुनिया के भी शीर्ष 10 विश्वविद्यालयों में होती है। भारती एंटरप्राइजेज ने कहा, ''संस्थापक एवं चेयरमैन सुनील भारती मित्तल को ब्रिटेन की बाथ यूनिवर्सिटी ने बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में मानद डॉक्टरेट से सम्मानित किया है।'' यह नौवां मौका है जब मित्तल किसी शिक्षण संस्थान से मानद डॉक्टरेट से सम्मानित किए गए हैं। बाथ यूनिवर्सिटी ऐसा करने वाला तीसरा ब्रिटिश संस्थान है। इससे पहले उन्हें 2009 में लीड्स यूनिवर्सिटी और 2012 में न्यूकॉसल यूनिवर्सिटी से भी मानद डॉक्टरेट की उपाधि मिल चुकी है।

**ई-नीलामी सूचना**
**ऋण वसूली अधिकरण भारत सरकार, वित्त मंत्रालय**
**वित्तीय सेवाँए विभाग (बैंकिंग प्रभाग) द्वितीय एवं तृतीय तल, संचार विकास भवन (BSNL बिल्डिंग), रेजीडेंसी रोड, हेड पोस्ट ऑफिस के पास, साउथ सिविल लाइन, जबलपुर- (म.प्र.) 482001**

**Case No.: RC.:181/2018/ओ.ए. नं. 239/2016**

**ई-नीलामी क्रमांक 186/2025**

ICICI BANK LIMITED वि. SMT. NEETA VISHWAKARMA एवं अन्य में पारित वसूली प्रमाणपत्र क्रमांक RC No. RC 181/2018/O.A.No. 239/2016 में जारी राशि की वसूली हेतु प्रमाण पत्र Rs.5,70,090.00/-(Rupees Five Lakh Seventy Thousand Ninety only) तथा उस पर12.00 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से दिनांक 01.04.2016 से ब्याज एवं वसूली हेतु निम्नलिखित संपत्ति ऑनलाईन ई-नीलामी प्रक्रिया के तहत वेबसाइट https://www.bankeauctions.com के माध्यम से की जाऐगी।

ई-नीलामी की तिथि एवं समयः- 28-08-2025 दोपहर 12:00 से 01:00

संपत्ति की अनुसूची

Residential House on Plot No. E-4, Parshuram Vihar, Ground Floor, on Khasra No.139/ 3P, PC No.113, Parshuram Nagar, Mahaveer Nagar, Amlidih, Purena, Tehsil and District Raipur (C.G); area admeasuring 800 sq.ft.; belonging to Ms. Neeta Vishwakarma.

प्रारक्षित मूल्यः-रूपये Rs. 26,10,000.00 (Rupees Twenty Six Lakh Ten Thousand only)

**विक्रय की शर्तें**

1. इच्छुक निविदाकर्ता वैध डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र धारक होना चाहिए। अधिक विवरण हेतु M/s. C-1 India Pvt. Ltd., website: https://www. bankeauctions.com; Helpline No. 0124- 4302020/21/ 22 / 23 / 24, for help a bidder in e-auction contact to Mr. Mithalesh Kumar on Mob. No. 7080804466; E-mail id:-mpcg@c1india.com or E-mail ID: support@bankeauctions.com
2. ईच्छुक निविदाकर्ता को सूचित किया जाता है कि निविदा जमा करने के पूर्व वेबसाईट https://www. bankeauctions. com पे उपलब्ध नीलामी बीड प्रपत्र तथा विस्तृत नियमों व शर्तो का अवलोकन कर ले।
3. बिड केवल ऑनलाईन माध्यम से निर्धारित प्रपत्र पर पहचान पत्र की प्रति साथ संलग्न कर जमा करनी होगी (विस्तृत नियम व शर्तो का संदर्भ ले)।
4. अग्रिम जमा धरोहर राशि (ईएमडी) हेतु प्रारक्षित मूल्य की 10 प्रतिशत राशि जो Rs.2,61,000.00 (Rupees Two Lakh Sixty One Thousand only) है, RTGS/ NEFT/ MONEY TRANSFER द्वारा वसूली अधिकारी, ई-नीलामी खाता, ऋण वसूली अधिकरण जबलपुर के नाम से धारित Account No. 5692799461 in the name of Recovery Officer, E-auction account, DRT Jabalpur with CENTRAL BANK OF INDIA, DHOBIGHAT BRANCH, JABALPUR. (IFSC Code: CBIN0281618) में आवश्यक रूप से जमा करनी होगी तथा उक्त राशि का प्रेषण बिड प्रपत्र में सुस्पष्ट रूप से उल्लेख करना होगा।
5. निविदा ऑनलाईन माध्यम से दिनांक 26.08.2026 अथवा इसके पूर्व 17-00 बजे तक जमा करनी होगी।
6. ऑनलाईन माध्यम से जमा बिड प्रपत्र तथा अनुलग्नकों की प्रति वसूली अधिकारी, ऋण वसूली अधिकरण, द्वितीय एवं तृतीय तल, संचार विकास भवन (BSNL बिल्डिंग), रेजीडेंसी रोड, हेड पोस्ट ऑफिस के पास, साउथ सिविल लाइन, जबलपुर को प्रेषित करनी होगी तथा षीघ्र अति षीघ्र भेजने के लिए सर्विस प्रोवाइडर को सूचित किया जाता है और वह सभी नीलामी के खरीददारों की सूची एवं अन्य दस्तावेज उपलब्ध करावें।
7. ऑनलाईन नीलामी बोली प्राप्त बिड में से अधिकतम बोली से प्रारंभ होगी तथा प्रत्येक बिड वृद्धि राशि न्यूनतम Rs. 30,000.00 (Rupees Thirty Thousand only) होगी। ऑनलाईन बिड में समय समाप्त के पूर्व बिड डालने पर सिस्टम द्वारा अपने आप 5 मिनिट का समय बढता रहेगा।
8. असफल बोली कर्ताओं की अग्रिम धरोहर राशि (ईएमडी) वसूली अधिकारी, ऋण वसूली अधिकरण, जबलपुर द्वारा उसी खाते में वापिस की जायेगी, जिससे कि उस का भुगतान हुआ है तथा इस संबंध में कोई भी पूछताछ स्वीकार्य नहीं होगी। इच्छुक निविदा कर्ता द्वारा अग्रिम धरोहर राशि (ईएमडी) जमा किये जाने के पश्चात् वेजबतक असफल बोली कर्ता घोषित नहीं किये जाते तब तक ईएमडी राशि वापस नहीं ले सकते अन्यथा राशि जप्त करली जायेगी।
9. सफल बोली कर्ता को विक्रय उसके पक्ष में घोषित किये जाने की स्थिति में, 25 प्रतिशत बोली राशि (ईएमडी राशि को समायोजित करते हुए) अगले दिन RTGS/ NEFT/ MONEY TRANSFER के द्वारा कंडिका- 4 में उल्लेखित खाते में जमा करनी होगी। 1
10. सफल बोली कर्ता को विक्रय मूल्य की शेष 75 प्रतिशत राशि एवं विक्रय मूल्य का 1 प्रतिशत पोन्डेज शुल्क तथा रू. 10 ( प्रति संपत्ति अलग अलग ) सहित नीलामी के 15 दिनों के अन्दर या यदि 15 वा दिन रविवार अथवा अन्य अवकाश हो तो, 15 वें दिन पश्चात् प्रथम कार्यालयीन दिवस को उपरोक्त उल्लेखित क्रमांक 4 में दर्शित खाते में समयावधि में भुगतान करना होगा। भुगतान में चूक करने पर संपत्ति की नई विक्रय उद्घोषणाजारीकरने के पश्चात् पुनः विक्रय की जायेगी। अधो हस्ताक्षर कर्ता द्वारा उक्त राशि शासन के पक्ष में जब्त करली जायेगी तथा तत्पश्चात विक्रय होने वाली संपत्ति अथवा राशि के किसी अंश पर चूककर्ता बोली कर्ता के समस्त दावे समपहृत होंगे।
11. संपत्ति '' जहां है जैसी है तथा बिना किसी शिकायत '' के आधार पर विक्रय की जायेगी।
12. संपत्ति का निरीक्षण दिनांक 13-08-2025 प्रातः 12 बजे से 16 बजे तक किया जा सकेगा।
13. संपत्ति प्रारक्षित मूल्य से कम मूल्य पर विक्रय नहीं की जाएगी।
14. वसूली अधिकारी को किसी बोली को स्वीकृत या अस्वीकृत करने का या बिना कोई कारण बताए नीलामी को आगे बढाने या स्थगित करने का निर्वाध अधिकार होगा
15. इच्छुक निविदाकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वे Mr. Ankit Soni, Process Manager, Mob. No. 9324948920 में उपलब्ध संपत्ति के स्वत्वाधिकार विलेख का निरीक्षण करलें तथा संपत्ति की पहचान एवं विवरणी सही होने तथा प्रभारों आदि की पड़ताल कर लें। इस संबंध में वसूली अधिकारी किसी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा। संपत्ति का विवरण बैंक द्वारा प्रदत्त दस्तावेज पर आधारित है।
16. ई-नीलामी के संबंध में विवरण M/s C-1 India Pvt. Ltd., website: https://www.bankeauctions. com; Helpline No. 4302020/ 21/ 22/ 23/24, for help a bidder in e-auction contact to Mr. Mithalesh Kumar on Mob. No. 7080804466; E-mail id:- mpcg@c1india.com or E-mail ID: support@bankeauctions.com
17. संपत्ति से संबंधित अधिक जानकारी Mr. Ankit Soni, Process Manager, Mob. No. 9324948920 से प्राप्त की जा सकती है।
18. इच्छुक निविदाकर्ता ई-नीलामी प्रक्रिया में अपने स्वयं के कार्यालय/ स्वेच्छा के स्थान से बोली हेतु सम्मिलित हो सकते है। प्रत्येक निविदाकर्ता द्वारा इंटरनेट कनेक्टीविटी स्वतः सुनिश्चित करनी होगी डीआरटी/ बैंक / सेवा प्रदाता किसी भी प्रकार से इंटरनेट कनेक्टीविटी, नेटवर्क समस्या, तंत्र विक्षेप, विघुत व्यवधान आदि के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

स्थानः- जबलपुर
दिनांक 01.07.2025

(प्रीति देसाई)
वसूली अधिकारी

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर — Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

निवेद चेस्ट & आई केयर
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयोथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्टडी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनॉपैथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं: पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • बांझपन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चों एवं बडों के आपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

श्रीराम किंकर मेडीकल इंस्टीट्यूट
डॉ. नवनीत जैन एम.एस.- एडवांस लेप्रोस्कोपी एवं जनरल सर्जन (गोल्ड मेडलिस्ट)
डॉ. करूणा जैन एम.डी.- प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
लिली चौक, रायपुर - 492001 फोन : 0771-2536521, मो. 9329103589

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

शाश्वत हॉस्पिटल
Dr. Vikas Mishra Ophthalmologist & Phasco Surgon M.B.B.S., M.S. (Ophthalmology)
चश्में से आजादी
मोतियाबिंद का ऑपरेशन (बिना टांके) फेको पद्धति द्वारा।
मोतियाबिंद का ऑपरेशन बिना इंजेक्शन (टॉपीकल फेको)।
अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर।
अभ्याधुनिक तकनीक द्वारा चश्में की जांच।
टिम्बर भवन के सामने, मेन रोड, देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.), फोन : 0771-4060303, मो. 9753119900, www.shashwthospital.com

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130



# टीम इंडिया को नहीं मिल पा रहा नंबर 3 पोजीशन के लिए मजबूत बल्लेबाज, खल रही द्रविड़ और पुजारा की कमी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राहुल द्रविड़ और चेतेश्वर पुजारा जैसे बल्लेबाजों ने नंबर-3 पर बल्लेबाजी करते हुए टीम इंडिया को मुश्किल परिस्थितियों से निकाला था। लेकिन इंडिया की टेस्ट टीम के लिए मौजूदा समय में नंबर-3 की पोजीशन समस्या बनी हुई है। नंबर तीन पर फिलहाल करुण नायर खेलने आ रहे है पर उनका बल्ला भी कोई खास कमाल नहीं दिखा पा रहा है।

■ द्रविड़ ने नंबर-3 पर 10 हजार से ज्यादा रन बनाए

वहीं द्रविड़ ने नंबर-3 पर बल्लेबाजी करते हुए 135 मुकाबले खेले थे और इस दौरान उनके बल्ले से 10 हजार से ज्यादा रन निकले थे। पुजारा ने भी नंबर-3 पर 95 टेस्ट मैच खेले। लेकिन इन दोनों के बाद भारतीय टीम को एक भी ऐसा बल्लेबाज नहीं मिल पाया है, जो इस पोजीशन पर भारत की पारी को संभाल पाया हो और अच्छा प्रदर्शन कर पाया हो। भारतीय टीम ने 2023 के बाद नंबर-3 पर 6 बल्लेबाजों को आजमाया और इसमें से कोई भी उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा।



## गिल नंबर-3 पर दिखे असहज

शुभमन गिल ने नंबर-3 की पोजीशन पर 16 टेस्ट मुकाबले खेले और 972 रन बनाए। इस पोजीशन पर खेलते हुए वह कभी भी सहज नहीं दिखे। कप्तान बनने के बाद से उन्होंने नंबर-3 की पोजीशन को छोड़ दिया और वह अब नंबर-4 पर उतरने लगे हैं। इसके बाद से ही उनकी बैटिंग में खूब निखार आया है और वह रनों की बरसात करने लगे हैं। केएल राहुल, देवदत्त पड्डीक्कल और विराट कोहली भी जून 2023 के बाद नंबर-3 पर टेस्ट क्रिकेट में एक-एक मुकाबला खेल चुके हैं, लेकिन ये तीनों प्लेयर्स भी प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे। कोहली टेस्ट से रिटायरमेंट ले चुके हैं। देवदत्त भारतीय टेस्ट टीम से बाहर हैं और राहुल अब ओपनिंग करने लगे हैं।

## नायर नहीं कर पा रहे बेहतर प्रदर्शन

*इंग्लैंड दौरे पर भारतीय टीम ने दो प्लेयर्स को नंबर-3 की पोजीशन पर आजमाया है। इनमें करुण नायर और साई सुदर्शन शामिल हैं। लेकिन ये खिलाड़ी अच्छा करने में बुरी तरह से विफल साबित हुए हैं। करुण नायर ने घरेलू क्रिकेट में खूब रन बनाए थे। इसके बाद उनकी सीनियर टीम में वापसी हुई थी। ऐसे में सभी को उम्मीद थी कि वह अच्छा प्रदर्शन करेंगे। लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात रहा है। इंग्लैंड दौरे पर नंबर-3 की पोजीशन पर उन्होंने दो मुकाबले खेले हैं और उनके बल्ले से चार पारियों में कुल 111 रन निकले हैं, जिसमें एक भी अर्धशतक शामिल नहीं है। साई सुदर्शन ने इंग्लैंड दौरे पर नंबर-3 की पोजीशन पर एक मुकाबला खेला था। उनका ये डेब्यू मैच ही था। इसमें वह पहली पारी में अपना खाता तक नहीं खोल पाए थे। इसके बाद दूसरी पारी में उन्होंने 30 रन बनाए थे।*

## खबर संक्षेप



### नेहा त्रिपाठी ने बनाई नौवें चरण में बढ़त

**होसुर (तमिलनाडु)।** भारतीय महिला सर्किट की सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में से एक नेहा त्रिपाठी ने दूसरे दौर में सात अंडर 65 के स्कोर से महिला पेशेवर गोल्फ टूर के नौवें चरण में तीन शॉट की बढ़त बना ली है। तैंतीस साल की नेहा, जहां शीर्ष पर पहुंची तो वहीं पहले दौर के बाद शीर्ष पर काबिज अमनदीप द्राल दूसरे दौर में चार ओवर 76 के लचर प्रदर्शन से इस 15 लाख रुपए इनामी प्रतियोगिता में संयुक्त रूप से नौवें स्थान पर खिसक गईं। वर्ष 2023 के बाद अपने पहले खिताब का इंतजार कर रहीं नेहा ने छह बर्डी और एक ईगल किया लेकिन एक बोगी भी कर गईं।

### देव बने ई-स्पोर्ट्स की आईएसएसएफ समिति के अंतरिम अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के अध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव को अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) की ई-स्पोर्ट्स, ई-गेम्स और तकनीकी नवाचार समिति का अंतरिम अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नवगठित समिति आईएसएसएफ की ओर से वर्चुअल और इस तरह के प्रारूपों को निशानेबाजी की मुख्य धारा में लाने के लिए महत्वपूर्ण पहल है। प्रेस विज्ञप्ति में देव के हवाले से कहा गया, 'आईएसएसएफ की मुझे यह जिम्मेदारी सौंपे जाने पर मैं बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं। खेल का भविष्य प्रौद्योगिकी पर निर्भर है।



### एशियाड 2026 के लिए 29 अगस्त तक चयन प्रक्रिया पूरी करें : खेल सचिव

**नई दिल्ली।** खेल सचिव हरि रंजन राव ने राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) से आग्रह किया कि वे अगले साल होने वाले एशियाई खेलों के लिए 29 अगस्त तक अपनी चयन प्रक्रिया को अंतिम रूप दे दें, जिससे कि जापान में होने वाले इन शीर्ष महाद्वीपीय खेलों की तैयारियों पर अधिक ध्यान दिया जा सके। राव राष्ट्रीय राजधानी में एक दिवसीय 'खेलो भारत कॉन्क्लेव' में एनएसएफ को संबोधित कर रहे थे, जहां भारतीय खेलों को आगे बढ़ाने की कार्ययोजना पर विभिन्न हितधारकों से चर्चा की जा रही है।

### चौथा टेस्ट 23 से, भारत श्रृंखला बराबर करने की करेगा कोशिश

# करुण नायर नहीं उठा पा रहे मौके का फायदा मैनचेस्टर में हो सकता है एकमात्र बदलाव!

एजेंसी ▶▶| बेकेनहैम

करुण नायर को दूसरा मौका दिया लेकिन इंग्लैंड दौरे पर वह इसका पूरा फायदा नहीं उठा पाए हैं और चौथे टेस्ट के लिए भारत की अंतिम एकादश तय होने पर सिर्फ उन्हीं का नाम हट सकता है। 8 साल बाद अंतिम एकादश में वापसी करने वाले 33 वर्षीय खिलाड़ी को अपनी छह पारियों में से ज्यादातर में अच्छी शुरुआत मिली है लेकिन वह उसे बड़ी पारी में नहीं बदल पाए हैं। वह पिच पर अच्छी लय में दिखे, विशेषकर ड्राइव करते हुए लेकिन लेंथ से आती हुई उछाल लेती गेंदों ने उन्हें परेशान किया है।

लॉर्ड्स में दूसरी पारी में वह ब्रायडन कार्स की अंदर आती गेंद की लाइन एवं लेंथ का सही अनुमान नहीं लगा पाए और आउट हो गए। तीसरे नंबर पर भारत को नायर से मजबूती दिलाने की उम्मीद थी क्योंकि उन्होंने घरेलू क्रिकेट में रनों का पहाड़ खड़ा करने के बाद राष्ट्रीय टीम में जगह बनाई।

## साई सुदर्शन की वापसी की उम्मीद





### भारत श्रृंखला में 1-2 से पीछे

भारत पांच मैचों की श्रृंखला में 1-2 से पीछे है और अगला मैच अभी एक हफ्ते दूर है, ऐसे में प्रबंधन को फैसला लेना होगा कि नायर के साथ बने रहें या फिर युवा साई सुदर्शन पर दांव लगाएं, जिन्हें अपने पहले मैच के बाद अंतिम एकादश से बाहर कर दिया गया था। बाहर किए गए बाएं हाथ के इस शानदार बल्लेबाज कोई बड़ी गलती नहीं की और ऐसा आठवें नंबर पर एक अतिरिक्त बल्लेबाजी विकल्प को शामिल करने के लिए किया गया। भारत 23 जुलाई से शुरू होने वाले मैच में श्रृंखला बराबर करने की कोशिश करेगा, जिससे ओल्ड ट्रैफर्ड में एकमात्र बदलाव यही हो सकता है कि लगभग एक महीने बाद 23 वर्षीय सुदर्शन नायर की जगह टीम में चुने जाएं।

### सुदर्शन पहले टेस्ट की आखिरी पारी में दिखे थे सहज

इस श्रृंखला में कमेंटरी कर रहे पूर्व भारतीय विकेटकीपर दीप दासगुप्ता का कहना है कि सुदर्शन को वापस लाने का समय आ गया है। उन्होंने कहा, 'आप अब भी श्रृंखला में बने हुए हैं क्योंकि लॉर्ड्स टेस्ट मैच भी बेहद करीबी था। नतीजा किसी भी तरफ जा सकता था।' उन्होंने कहा, 'लेकिन मैं तीसरे नंबर को देख रहा हूं। क्या करुण नायर अब भी खेलते रहेंगे या आप साई सुदर्शन जैसे युवा खिलाड़ी को खिलाना चाहेंगे, जो पहले टेस्ट मैच की आखिरी पारी में सहज दिखे थे? वह युवा हैं और भविष्य के लिए निवेश हैं।'

### तीसरे क्रम में मजबूती की दरकार

दासगुप्ता ने कहा, 'मुझे लगता है कि करुण को उनके मौके मिल गए हैं। यह बात मौकों की नहीं है। इससे भी ज्यादा वह क्रीज पर कैसे दिखे। वह टुकड़ियों में सहज दिख रहे हैं लेकिन कुछ सवालों के जवाब अभी नहीं मिले हैं। और यही बात मुझे कुछ और सोचने पर मजबूर करती है।' वह तीसरे नंबर के बल्लेबाज से स्थिरता की उम्मीद करते हैं जब सुदर्शन लीड्स में खेले थे तो नायर ने छठे नंबर पर बल्लेबाजी की थी। दासगुप्ता ने कहा, 'तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले खिलाड़ी के लिए आपको उस दृढ़ता का अहसास होना जरूरी है। और कई बार, मुझे ऐसा नहीं लगा।'

### बुमराह की मैनचेस्टर में खेलने की उम्मीद

शुभमन गिल की टीम घरेलू टीम के साथ कड़ी प्रतिस्पर्धा कर रही है इसलिए श्रृंखला बेहद रोमांचक होने की उम्मीद है। बल्लेबाजी में एक बदलाव को छोड़कर भारत बड़े बदलाव नहीं चाहेगा। गेंदबाजी विभाग में कुलदीप यादव को और इंतजार करना होगा क्योंकि रविंद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर अभी अपना काम बखूबी कर रहे हैं। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह बचे हुए दो टेस्ट में से सिर्फ एक में खेलेंगे, जिससे उनके मैनचेस्टर में खेलने की उम्मीद है, जिसमें भारत को जीतना जरूरी है। दासगुप्ता ने कहा, 'बुमराह को खेलने के लिए तैयार रहना चाहिए। मैचों के बीच में उन्हें काफी आराम मिला है। भारत 1-2 से पीछे है तो आप उनसे खेलने की उम्मीद करेंगे।'

# राष्ट्रीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ, खिलाड़ियों में दिखा उत्साह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्रीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता 2025 का शुभारंभ बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में हुआ। प्रतियोगिता का आयोजन वाको इंडिया किकबॉक्सिंग फेडरेशन के मार्गदर्शन में और छत्तीसगढ़ किकबॉक्सिंग एसोसिएशन की ओर से किया जा रहा है।

प्रतियोगिता 16 से 20 जुलाई तक आयोजित है, जिसमें देशभर से सैकड़ों खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। उद्घाटन समारोह में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, संगठन मंत्री पवन साय, खेल मंत्री टंकराम वर्मा, वाको इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार अग्रवाल सहित अनेक राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय खेल पदाधिकारी व अतिथि उपस्थित रहे।



■ राजधानी रायपुर के बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में 20 जुलाई तक चलेगा टूर्नामेंट

शुभारंभ के बाद पुलिस बैंड की धुन पर खिलाड़ियों ने मार्चपास्ट प्रस्तुत किया। रेफरी, कोच और खिलाड़ियों ने खेलभावना के साथ खेलने व खिलाने की शपथ ली।

### खिलाड़ियों के बीच मुकाबले सुबह 10 बजे से

मुख्य अतिथि किरण सिंहदेव व टंकराम वर्मा ने अपने ओजस्वी भाषणों के माध्यम से खिलाड़ियों में जोश और उत्साह का संचार किया। मंचासीन सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों को निष्ठा, अनुशासन और समर्पण के साथ प्रदर्शन करने की प्रेरणा दी। इसके बाद राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का औपचारिक समापन हुआ। कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा व महासचिव आकाश गुरुदीवान ने बताया कि प्रतियोगिता के पहले दिन म्यूजिकल फॉर्म्स एवं पॉइंट फाइटिंग इवेंट के क्वालिफिकेशन मुकाबले खेले जा रहे हैं। सभी राज्यों से आए प्रतिभागी खिलाड़ियों के बीच मुकाबले प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शुरू होंगे।

## महिला यूरो 2025...



**जिनेवा।** इटली की क्रिस्टियाना गिरेली (बीच में), स्विट्जरलैंड के जिनेवा में नॉर्वे और इटली के बीच महिला यूरो 2025 क्वार्टर फाइनल फुटबॉल मैच के दौरान अपनी टीम का दूसरा गोल करने के बाद जश्न मनाती हुई।

### बंगाल अंडर-23 टीम के कोच बनने की दौड़ में साहा

**नई दिल्ली।** प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से संन्यास लेने के छह महीने बाद भारत के सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपरों में से एक रिद्धिमान साहा कोचिंग के क्षेत्र में उतरने के लिए पूरी तरह तैयार हैं क्योंकि बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) ने उन्हें अंडर-23 राज्य टीम का मुख्य कोच नियुक्त करने में दिलचस्पी दिखाई है। चालीस वर्षीय साहा ने इस साल जनवरी में रणजी ट्रॉफी में बंगाल के लीग चरण अभियान के अंत में प्रथम श्रेणी क्रिकेट से संन्यास ले लिया था।

## सात्विक-चिराग की जोड़ी हारी, लक्ष्य ने किया निराश

एजेंसी ▶▶| टोकियो

भारतीय खिलाड़ियों का जापान ओपन में निराशाजनक प्रदर्शन गुरुवार को भी जारी रहा तथा लक्ष्य सेन और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी यहां दूसरे दौर में हारकर इस सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गई। विश्व के 18वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य को पुरुष एकल में जापान के कोडाई नाराओका के हाथों 19-21, 11-21 से हार का सामना करना पड़ा। यह मुकाबला करीब एक घंटे तक चला। इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने पहले मैच में चीन के वांग झेंग जिंग पर 21-11, 21-18 से जीत दर्ज की थी, लेकिन वह अपनी इस लय को बरकरार नहीं रख सके। इससे पहले पुरुष युगल में सात्विक और चिराग की भारतीय जोड़ी को चीन के लियांग वेई केंग और वांग चांग की पांचवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी से 44 मिनट तक चले मुकाबले में 22-24, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा। इस जीत से पेरिस ओलंपिक रजत पदक विजेता वेई केंग और वांग चांग ने भारतीय जोड़ी के खिलाफ अपना रिकॉर्ड 7-2 कर लिया।



HDFC BANK

एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड
शाखा: अलास्का टॉवर, लोधीपारा रोड, शंकर नगर, रायपुर, फोन : 0771-4243149/240
CIN L65920MH1994PLC080618 Website: www.hdfcbank.com

**मांग-सूचना**

वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (अधिनियम) की धारा 13 (2) के तहत, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पढ़ें।

जबकि अधोहस्ताक्षरी प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत एचडीएफसी बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती एचडीएफसी लिमिटेड का माननीय एनसीएलटी-मुंबई द्वारा दिनांक 17 मार्च 2023 के आदेश द्वारा अनुमोदित समामेलन की एक योजना के आधार पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ विलय हो गया है) (एचडीएफसी) का प्राधिकृत अधिकारी है। वित्तीय संपति और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उक्त अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत मांग नोटिस जारी किए गए। , यहां नीचे सूचीबद्ध उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारियों/कानूनी प्रतिनिधियों से संबंधित नोटिस/नोटिस की तारीख से 60 दिनों के भीतर संबंधित मांग नोटिस/नोटिस में उल्लिखित राशि का भुगतान करने का आह्वान किया गया है। नीचे दिए गए विवरण के अनुसार. अधोहस्ताक्षरी ने इन नोटिसों को उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारियों/कानूनी प्रतिनिधियों के अंतिम ज्ञात संबंधित पते के परिसर में चिपकाया है। उक्त नोटिस की प्रतियां अधोहस्ताक्षरी के पास उपलब्ध हैं, और उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि, यदि चाहें तो, किसी भी कार्य दिवस पर संबंधित प्रति अधोहस्ताक्षरी से प्राप्त कर सकते हैं। सामान्य कार्यालय समय.

उपरोक्त के संबंध में, एक बार फिर उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारियों/कानूनी प्रतिनिधियों को नोटिस दिया जाता है कि वे इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर एचडीएफसी को भुगतान करें। यहां नीचे दी गई राशियां उनके संबंधित नामों में अतिरिक्त ब्याज के साथ दी गई हैं। जैसा कि उक्त डिमांड नोटिस में बताया गया है, नीचे कॉलम (सी) में उल्लिखित संबंधित तारीखों से लेकर भुगतान और/या वसूली की तारीख तक, ऋण समझौते और उक्त उधारकर्ता द्वारा निष्पादित अन्य दस्तावेजों/लेखों, यदि कोई हो, के साथ पढ़ा जाए। . ऋण के उचित पुनर्भुगतान के लिए सुरक्षा के रूप में, निम्नलिखित सुरक्षित संपत्ति को क्रमशः उक्त उधारकर्ता द्वारा एचडीएफसी के पास गिरवी रखा गया है।

सुरक्षित संपत्ति को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

| क्रं. | ऋणी/जमानतदार का नाम एवं पता | बकाया राशि | मांग सूचना तिथि | बंधक संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| (अ) | (ब) | (स) | (द) | (इ) |
| 1. | **श्रीमती वर्मा पुष्पलता**, मकान नं. एलआईजी-215, पंडित दिनदयाल आवास योजना सेजबहार, स.क्र., ग्राम-सेजबहार एवं ग्राम दतरेंगा, रायपुर, छत्तीसगढ़,492001. **श्रीमती वर्मा पुष्पलता**, एलआईजी 1177, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सेजबहार, रायपुर, छत्तीसगढ़, 492001. **श्रीमती वर्मा पुष्पलता**, मै. इक्छा ब्यूटी पार्लर, मकान नं. 1177, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सेजबहार, रायपुर - 492001. **श्री वर्मा अमरजीत**, एलआईजी 1177, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सेजबहार, रायपुर, छत्तीसगढ़,492001. **श्री वर्मा अमरजीत**, मकान नं., एलआईजी-215, पंडित दिनदयाल आवास योजना सेजबहार, स.क्र., ग्राम-रोजबहार एवं ग्राम दतरेंगा, रायपुर छत्तीसगढ़,492001. **श्री वर्मा अमरजीत**, तारवानी सोप इंडस्ट्रीज, ग्राम-दुसेरा, माना बस्ती, ब्लॉक अभनपुर, रायपुर, छत्तीसगढ़,492001. | ₹ 7,71,562/- as on 31-मई-25 | 05 जुलाई-2025 | समस्त भाग एवं आंशिक भाग का मकान जिसका क्षेत्रफल – 83.62 वर्ग मीटर (899.75 वर्ग फीट) है, बिल्टअप एरिया-425 वर्ग फीट, मकान नंबर, एलआईजी-215, छ.ग. गृह निर्माण मंडल, पंडित दिनदयाल आवास योजना, सेजबहार, खसरा नंबर 162/5 का भाग, स.क्र., ग्राम-सेजबहार, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, प.ह.नं.-119/50/82 आरआईसी-रायपुर-1, रायपुर, छ.ग., जिसकी चौहद्दीः- (बिक्री विलेख के अनुसार) उत्तर- मकान नंबर एलआईजी 214, दक्षिण- मकान नंबर एलआईजी-216, पूर्व- सड़क, पश्चिम- निजी भूमि। |
| 2. | **श्रीमती बी सलोमी** (सह-उधारकर्ता और साथ ही कानूनी वारिस) श्री बी. जोसेफ बेंजामिन (मृतक पश्चात) पत्नी और कानूनी वारिस, कानूनी प्रतिनिधि, श्री बी. जोसेफ बेंजामिन (मृतक पश्चात) उत्तराधिकारी और नियुक्तिकर्ता खसरा नया # 255/95(भाग) पुराना # 255/1(भाग), मकान प.ह.नं. # 108/38 मौजा खमतराई, शिवानंद नगर, वीर शिवाजी वार्ड # 7, रायपुर, छ.ग. 492001. | ₹12,34,846/- as on 31-अक्टूबर-2024 | 08 जुलाई-2025 | समस्त भाग एवं आंशिक भाग परिवर्तित इकाई स्थित मौजा खमतराई, वीर शिवाजी वार्ड, प.ह.नं..-108/38, आरआईसी-रायपुर-1, खसरा नंबर 255/95 का भाग, राधा कृष्ण के सामने, बजरंग चौक, सेक्टर 03, शिवानंद नगर, खमतराई, रायपुर-492001. |
| | **श्रीमती बी सलोमी** (सह-उधारकर्ता और साथ ही कानूनी वारिस) श्री बी. जोसेफ बेंजामिन (मृतक पश्चात) पत्नी और कानूनी वारिस, कानूनी प्रतिनिधि, श्री बी. जोसेफ बेंजामिन के उत्तराधिकारी और नियुक्तिकर्ता (मृतक पश्चात) मौजा राधा कृष्ण के सामने, बजरंग चौक सेक्टर 03, शिवानंद नगर, खमतराई, रायपुर-492001. **श्री बी. अभिषेक दयाकर** पिता श्री बी. जोसेफ बेंजामिन (मृतक पश्चात) कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि, उत्तराधिकारी एवं श्री बी. जोसेफ बेंजामिन (मृतक पश्चात) उत्तराधिकारी, खसरा नया # 255/95(भाग) पुराना # 255/1(भाग), मकान प.ह.नं. # 108/38 मौजा खमतराई, शिवानंद नगर, वीर शिवाजी वार्ड # 7, रायपुर, छ.ग. 492001. **श्री बी. अभिषेक दयाकर** पिता श्री बी. जोसेफ बेंजामिन (मृतक पश्चात) एवं कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि, उत्तराधिकारी एवं श्री बी. जोसेफ बेंजामिन (मृतक पश्चात्) उत्तराधिकारी, मौजा राधा कृष्ण के सामने, बजरंग चौक सेक्टर 03, शिवानंद नगर, खमतराई, रायपुर-492001. | | | |

*अतिरिक्त ब्याज के साथ। भुगतान और/या वसूली की तारीख तक किए गए आकस्मिक खर्च, लागत, शुल्क जैसा लागू हो आदि।
यदि उक्त उधारकर्ता उपर्युक्त के अनुसार एचडीएफसी को भुगतान करने में विफल हो जाते हैं, तो एचडीएफसी उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) और लागू नियमों के तहत उपरोक्त सुरक्षित संपत्ति/अचल संपत्ति के खिलाफ कार्रवाई करेगा, जो पूरी तरह से जोखिम में है। उक्त उधारकर्ता(ओं)/कानूनी वारिस(ओं)/कानूनी प्रतिनिधियों(ओं) की लागत और परिणाम के बारे में।
उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि को उक्त अधिनियम के तहत उपरोक्त सुरक्षित संपत्ति/अचल संपत्ति को हस्तांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है, चाहे वह बिक्री, पट्टे या अन्यथा के माध्यम से हो। एचडीएफसी की पूर्व लिखित सहमति। कोई भी व्यक्ति जो अधिनियम या उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है या उल्लंघन के लिए उकसाता है, वह अधिनियम के तहत प्रावधान के अनुसार कारावास और/या दंड के लिए उत्तरदायी होगा।

स्थान : रायपुर
दिनांक : 18.07.2025
पंजीकृत पता- एचडीएफसी बैंक हाऊस, सेनापती बापट मार्ग, लोवर पर्ल (पश्चिम), मुंबई-400020
कृते / प्राधिकृत अधिकारी
एचडीएफसी बैंक लिमिटेड

### डब्ल्यूटीसी के सभी एडिशन में 15 से अधिक छक्के लगाए

# वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में पंत ने रचा इतिहास

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऋषभ पंत की गिनती वर्ल्ड क्रिकेट के मौजूदा समय में सबसे खतरनाक बल्लेबाजों में की जाती है, जिसमें वह अपने बल्ले के दम पर कई बार मुकाबले को पूरी तरह से एकतरफा भी कर देते हैं। पंत वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के इतिहास में पहले ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं, जो अब तक के हुए चारों एडिशन में 15 या उससे अधिक छक्के लगाने में कामयाब रहे हैं। पंत ने डब्ल्यूटीसी के चौथे संस्करण में सिर्फ तीन मुकाबले खेले हैं, जिसमें वह 15 छक्के लगा चुके हैं। पंत ने पहले संस्करण में जहां कुल 22 छक्के लगाए थे, तो वहीं दूसरे संस्करण में वह 16 छक्के लगाने में कामयाब हुए थे। तीसरे संस्करण में पंत के बल्ले से कुल 16 छक्के देखने को मिले थे।



### पंत ने दो शतक और दो अर्धशतकीय पारी खेली

इंग्लैंड दौरे की टेस्ट सीरीज के अभी तक तीन मुकाबले खेले जा चुके हैं, जिसमें भारतीय टीम 2-1 से पीछे है। अभी तक दोनों ही टीमों की तरफ से शानदार खेल देखने को मिला, जिसमें सबसे ज्यादा चर्चा बल्लेबाज ऋषभ पंत को लेकर देखने को मिली है। पंत का इस सीरीज में बल्ले से बेहतरीन प्रदर्शन किया है। उन्होंने 2 शतकीय पारियों के साथ 2 अर्धशतकीय पारी खेली। पंत ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के इतिहास में इतिहास रच दिया है।




## खबर संक्षेप

### आदिवासी महिला की पैतृक संपत्ति में समान हिस्सेदारी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कहा कि आदिवासी महिला या उसके कानूनी उत्तराधिकारी पैतृक संपत्ति में समान हिस्सेदारी के हकदार होंगे। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि महिला उत्तराधिकारी को संपत्ति में अधिकार देने से इनकार करने से लैंगिक विभाजन और भेदभाव बढ़ता है जिसे कानून द्वारा समाप्त किया जाना चाहिए।



### उम्र कैद की सजा काट रहे कैदी ने की आत्महत्या

**बरेली।** बरेली केंद्रीय कारागार में उम्र कैद की सजा काट रहे एक कैदी ने बृहस्पतिवार को बैरक में बने शौचालय में कथित रूप से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस अधिकारियों ने यहां बताया कि इज्जत नगर क्षेत्र स्थित केन्द्रीय कारागार में आजीवन कारावास की सजा काट रहे लखीमपुर खीरी निवासी मुकेश (31) ने बैरक में बने शौचालय में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

### अमित चावड़ा को फिर सौंपी गुजरात इकाई की कमान

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को अमित चावड़ा को अपनी गुजरात इकाई का नया अध्यक्ष नियुक्त किया। उन्हें दूसरी बार यह जिम्मेदारी मिली है। कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इसके साथ ही तुषार चौधरी को विधायक दल का नेता बनाया है। चावड़ा वर्ष 2018 से 2021 तक गुजरात प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रह चुके हैं और जनवरी, 2023 से विधायक दल के नेता की जिम्मेदारी निभा रहे थे।



### अभिनेत्री पर तेजाब फेंकने की धमकी, दो पकड़ाए

**कोलकाता।** दक्षिण कोलकाता के जादवपुर इलाके में एक टेलीविजन अभिनेत्री के साथ कथित तौर पर छेड़छाड़ की कोशिश करने और उसपर तेजाब फेंकने की धमकी देने को लेकर दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि यह घटना बुधवार तड़के करीब 3.30 बजे हुई जब अभिनेत्री शूटिंग के बाद घर लौट रही थी और चार दोस्तों के साथ कृष्णा ग्लास फैक्टरी के पास चाय पीने के लिए रुकी थी। अभिनेत्री ने शिकायत में कहा कि कथित तौर पर नशे की हालत में दो युवक एक कार से आए थे।

### आपत्तिजनक पोस्टर लगाने पर दो गिरफ्तार

**मुरादाबाद।** शहर के जीएमडी मार्ग और बुध बाजार सहित कई इलाकों में व्यावसायिक प्रतिद्वंद्विता को लेकर आपत्तिजनक पोस्टर चिपकाने के आरोप में पुलिस ने 'फास्ट फूड' की दुकान के मालिक राजेश भुर्जी और उसके कर्मचारी प्रिंस को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि पोस्टर पर लिखा था कि हिंदुओं का धर्म परिवर्तन करवाकर उन्हें कुरकुरे, मोमोज, पास्ता, चाउमीन और अन्य खाद्य पदार्थ खिलाकर भ्रष्ट किया जा रहा है। आरोपियों ने बताया कि उनकी दुकान के बाजू में मोमोज आदि की दुकान खुलने के कारण उसने ऐसा किया।




# निसार : अंतरिक्ष से धरती पर रखी किताब भी पढ़ सकने में सक्षम होगा सैटेलाइट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो और नासा का संयुक्त मिशन निसार उपग्रह 30 जुलाई को श्रीहरिकोटा से लॉन्च होगा। 1.5 बिलियन डॉलर का यह मिशन पृथ्वी की सतह की निगरानी में मददगार होगा। निसार उपग्रह हर 12 दिन में पृथ्वी की भूमि और बर्फीली सतहों को स्कैन करेगा और प्राकृतिक आपदाओं की निगरानी में मदद करेगा। अंतरिक्ष सेक्टर में भारत और अमेरिका के बीच सहयोग के लिए अगला हफ्ता बेहद अहम साबित होगा।

## प्राकृतिक आपदा की मिलेगी सटीक जानकारी, नासा-इसरो सिंथेटिक अपर्चर रडार उपग्रह 30 जुलाई को होगा लॉन्च

### पृथ्वी की निगरानी में आएगा अभूतपूर्व बदलाव

यह 1.5 बिलियन डॉलर की लागत वाला मिशन पृथ्वी की सतह की निगरानी में अभूतपूर्व बदलाव लाने वाला है। यूक्रेन-रूस युद्ध, ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद इजरायल-ईरान युद्ध ने यह साबित किया है कि पृथ्वी पर नजर रखने वाले सैटेलाइट की रणनीतिक अहमियत अब काफी बढ़ गई है, ऐसे में निसार उपग्रह को भारत और अमेरिका के लिए बहुत ही उपयोगी माना जा रहा है।

### सुनामी-भूकंप की करेगा भविष्यवाणी

यह तकनीक प्राकृतिक आपदाओं जैसे भूकंप, सुनामी, ज्वालामुखी विस्फोट, भूस्खलन और बाढ़ की रियल-टाइम निगरानी में मदद करेगा। इसलिए भी इसे भारत के लिए खास तौर पर उपयोगी माना जा रहा है। मिशन न केवल प्राकृतिक आपदाओं की भविष्यवाणी और प्रबंधन में सहायक होगा बल्कि कृषि, जलवायु परिवर्तन और मिट्टी की नमी का सटीक अनुमान लागने के लिए भी डाटा भेजेगा।



### हर 12 दिन में पृथ्वी की सतह को करेगा स्कैन

नासा की तरफ से दी गई सूचना के मुताबिक, निसार उपग्रह दुनिया में अपनी तरह का पहला उपग्रह है जो प्रत्येक 12 दिनों पर समूची पृथ्वी की भूमि और बर्फीली सतहों का स्कैन करेगा। यह एक सेंटीमीटर स्तर तक की सटीक फोटो खींचने व प्रसारित करने में सक्षम है। इसमें नासा की तरफ से तैयार एल-बैंड और इसरो ओर विकसित एस-बैंड रडार लगाया गया है जिन्हें विश्व में सबसे उन्नत माना जा रहा है।

### आत्मनिर्भरता की ओर भारत का एक और कदम

इसरो के चेयरमैन वी. नारायणन ने इसे भारत की आत्मनिर्भरता और वैश्विक अंतरिक्ष नेतृत्व की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। उन्होंने कहा यह मिशन दोनों देशों के बीच एक दशक से अधिक समय से चल रहे सहयोग का परिणाम है, जो भारत-अमेरिका के वैज्ञानिक और तकनीकी साझेदारी को और मजबूत करता है। नासा और इसरो ने इस मिशन के लिए व्यापक तैयारियां की हैं। उपग्रह को इस साल की शुरुआत में श्रीहरिकोटा पहुंचाया गया था।

## संसद का मानसून सत्र 21 से होगा प्रारंभ, इंडिया गठबंधन की बैठक 19 को

# पहलगाम हमला, ऑपरेशन सिंदूर, युद्धविराम और विमान हादसे पर सरकार को घेरने विपक्ष तैयार


हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू हो रहा है। इस दौरान विपक्ष ने पहलगाम आतंकी हमला, बिहार में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण, जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने और अहमदाबाद विमान हादसे पर सरकार को घेरने की तैयारी की है। बीते दिन सत्र को लेकर कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व की अहम बैठक हुई, जिसमें यह फैसला लिया गया है। संसद का ये सत्र 12 अगस्त तक चलेगा। मानसून सत्र को लेकर इंडिया गठबंधन की बैठक 19 जुलाई को आयोजित की गई है। इस बैठक में सभी दलों के नेता संसद में सरकार को घेरने के लिए रणनीति तैयार करेंगे।

## संसद का मानसून सत्र 12 अगस्त तक चलेगा

### पहलगाम हमला सबसे बड़ा मुद्दा

कांग्रेस का सबसे बड़ा मुद्दा पहलगाम हमला होगा। हमले के इतने दिनों बाद तक आतंकियों का पता क्यों नहीं चला और सुरक्षा में चूक कैसे हुई और इसका जिम्मेदार कौन है जैसे मुद्दे उठाए जाएंगे। राज्यसभा में कांग्रेस के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा, पहलगाम में 26 मांगों का सिंदूर उजाड़ने वाले अब तक कहां हैं? उन पर अब तक कोई कार्रवाई क्यों नहीं हुई? क्या उन्हें धरती ने निगल लिया है या आसमान ने? इसके लिए कौन जिम्मेदार है?



### हंगामे के आसार

विपक्ष 'ऑपरेशन सिंदूर' और इसके बाद किए गए युद्धविराम पर भी सरकार को घेरने की तैयारी में है। तिवारी ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर में जवानों के बढ़ते कदम के साथ पूरा देश गुनाहगारों को सजा देना चाह रहा था। तब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का संदेश आया कि उन्होंने युद्धविराम करवा दिया है। ट्रंप अब तक 22 बार यह दावा कर चुके हैं।

### आठ विधेयक पेश कर सकती है सरकार

सरकार मानसून सत्र में 8 नए विधेयक पेश कर सकती है। इनमें मणिपुर वस्तु एवं सेवा कर (संशोधन) विधेयक 2025, जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) विधेयक 2025, भारतीय संस्थान प्रबंधन (संशोधन) विधेयक 2025, कराधान विधि (संशोधन) विधेयक 2025, भू-विरासत स्थल एवं भू-अवशेष (संरक्षण एवं रखरखाव) विधेयक 2025, खान एवं खान (विकास एवं विनियमन) संशोधन विधेयक 2025, राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक 2025 और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी (संशोधन) विधेयक 2025 शामिल है।

### जस्टिस वर्मा सहित इन मुद्दों पर भी सरकार को घेरेगा विपक्ष

विपक्ष किसानों की कर्जमाफी, महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध, बेरोजगारी, मणिपुर हिंसा, बढ़ती आर्थिक असमानता, दिल्ली हाई कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश यशवंत वर्मा से जुड़ा विवाद, जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा, अहमदाबाद विमान हादसे की जांच और लापरवाही का मुद्दा भी उठाएगा। जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने पर आज ही कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र भी लिखा है। बिहार मतदाता सूची को लेकर भी राहुल सड़कों पर उतर चुके हैं।

### बिहार में मतदाता सूची संशोधन पर मचेगी कलह

बिहार में मतदाता सूची संशोधन पर खूब विवाद हो रहा है। ये मुद्दा सुप्रीम कोर्ट भी पहुंच चुका है। अब विपक्ष संसद में भी इस पर चर्चा की मांग करेगा। तिवारी ने कहा कि बिहार में मतदाता सूची का **SIR** लोकतंत्र के लिए खतरा है और इस मुद्दे पर चर्चा की जाएगी। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि इससे पहले हरियाणा और महाराष्ट्र में लोकतंत्र की हत्या की गई है और अब बिहार चिंता का विषय है।

## चुनाव से पहले नीतीश का बड़ा दांव

# बिहार में 125 यूनिट तक बिजली मिलेगी मुफ्त

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में विधानसभा चुनाव के लिए अभी कुछ महीने शेष हैं, लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अभी से अपने दांव तेज कर दिए हैं। गुरुवार को नीतीश ने एक्स पर घोषणा की कि 1 अगस्त से बिहार के बिजली उपभोक्ताओं को 125 यूनिट बिजली खर्च करने पर कोई पैसा नहीं देना होगा। यह पूरी तरह मुफ्त होगी। इससे राज्य के 1.67 करोड़ लोगों को फायदा होगा। इससे अधिक बिजली खर्च करने पर बिल देना होगा।



### नीतीश कुमार का बड़ा ऐलान

नीतीश ने एक्स पर लिखा, 'हम लोग शुरू से सस्ती दरों पर बिजली उपलब्ध करा रहे हैं। अब तय किया है कि 1 अगस्त, 2025 से यानी जुलाई माह के बिल से सभी घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट तक बिजली का कोई पैसा नहीं देना पड़ेगा। इससे कुल 1 करोड़ 67 लाख परिवारों को लाभ होगा। साथ ही अगले 3 वर्षों में सभी घरेलू उपभोक्ताओं के घर की छतों पर या नजदीकी सार्वजनिक स्थल पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाकर लाभ देंगे।'

### जुलाई माह के बिल से ही मिलने लगेगा लाभ

बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि 1 अगस्त, 2025 से यानी जुलाई माह के बिल से ही राज्य के सभी घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट तक बिजली का कोई पैसा नहीं देना पड़ेगा। इससे राज्य के कुल 1 करोड़ 67 लाख परिवारों को लाभ होगा। नीतीश ने कहा कि हमारी सरकार शुरू से ही सस्ती दरों पर सभी को बिजली उपलब्ध करा रहे हैं।

# कोर्ट मैरिज के बाद पत्नी ने पति का जबरन करवाया धर्मांतरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

कर्नाटक के गडग जिले में विशाल कुमार गोकावी ने अपनी पत्नी तहसीन होसोमानी पर जबरन धर्म परिवर्तन कराने और धमकाने का आरोप लगाया है। विशाल का कहना है कि कोर्ट मैरिज के बाद तहसीन ने उस पर मुस्लिम रीति-रिवाजों से शादी करने का दबाव बनाया और इस्लाम कबूल करवाया। बाद में हिन्दू रीति-रिवाजों से शादी करने से इनकार कर दिया और रेप केस में फंसाने की धमकी भी दी। विशाल कुमार गोकावी नाम के शख्स ने कहा कि वह तीन सालों तक तहसीन होसोमानी नाम की युवती के साथ रिलेशनशिप में था और नवंबर 2024 में दोनों ने कोर्ट मैरिज की थी।



### मुस्लिम रीति-रिवाजों से शादी का बनाया दबाव

विशाल ने आरोप लगाते हुए कहा कि कोर्ट मैरीज के बाद तहसीन ने उस पर मुस्लिम रीति-रिवाजों से दोबारा शादी करने का दबाव बनाया। हालांकि, रिश्ते में शांति बनी रहने का सोचकर विशाल ने हामी भरी दी और इसी साल अप्रैल के महीने में दोनों ने मुस्लिम रीति-रिवाजों के साथ शादी की। इतना ही नहीं, शख्स का आरोप है तहसीन ने उसे धमकाया भी था कि अगर वह इस्लाम कबूल नहीं करता है, तो वह रेप केस दर्ज करा देगी।

# बंगालियों से भेदभाव को लेकर ममता ने मार्च निकाला, बोलीं- अत्याचार बर्दाश्त नहीं

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भाजपा शासित राज्यों में बंगालियों पर हो रहे कथित अत्याचार को लेकर राजधानी कोलकाता में विशाल मार्च निकाला। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा शासित राज्यों में बांग्ला भाषी लोगों को बांग्लादेशी व विदेशी कहकर प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने पूछा कि क्या बंगाल देश का हिस्सा नहीं है। इस मार्च में तृणमूल कांग्रेस सांसद अभिषेक बनर्जी समेत कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए।



### रोहिंग्या म्यांमार में हैं, बंगाल में नहीं : ममता

ममता ने कहा, भाजपा क्या सोचती है? वे बंगालियों को नुकसान पहुंचाएंगे? भाजपा सभी बंगाली भाषी लोगों को बांग्लादेशी रोहिंग्या कहती है। रोहिंग्या म्यांमार में हैं। पश्चिम बंगाल के सभी नागरिकों के पास पहचान पत्र हैं। जो मजदूर बंगाल से बाहर गए, वे अपनी मर्जी से नहीं गए। उन्हें, इसलिए काम मिला, क्योंकि उनके पास हुनर है। कोई भी बंगाली बोलता है उसे गिरफ्तार करके जेल में डाल दिया जा रहा है। क्यों?

### क्या बंगाल भारत का हिस्सा नहीं है?

ममता ने कोलकाता की सड़कों पर बारिश के बीच करीब 3 किलोमीटर लंबा पैदल मार्च निकाला। उन्होंने कहा, मैंने तय किया है कि अब मैं और ज्यादा बंगाली में बोलूंगी। चाहो तो मुझे डिटेंशन कैंप में डाल दो। बंगालियों के प्रति भाजपा के रवैये से मैं बेहद निराश और व्यथित हूं। क्या बंगाल देश का हिस्सा नहीं है। मैं आपको चुनौती देता हूं कि आप साबित करें कि बंगाली भाषी लोग रोहिंग्या हैं।

# असम में उपद्रवियों ने पुलिस पर बरसाए पत्थर; दो जवान गंभीर

एजेंसी ▶▶ गोलपाड़ा

असम के गोलपाड़ा जिले में पुलिस और वन विभाग की टीम पर उपद्रवियों ने हमला किया जिसमें कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस के अनुसार यह घटना पैकान रिजर्व फॉरेस्ट में गश्त के दौरान हुई जहां पुलिसकर्मियों पर पत्थर फेंके गए। स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है और अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। असम के गोलपाड़ा जिले के पैकान इलाके में पुलिस और वन विभाग की टीम पर कुछ उपद्रवियों ने हमला कर दिया। इस हमले में कई पुलिसकर्मी घायल हो गए, जिनमें से दो की हालत गंभीर है। पुलिस के मुताबिक, यह मामला उस समय हुआ जब पुलिस और वन विभाग की संयुक्त टीम पैकान रिजर्व फॉरेस्ट में गश्त के लिए गई थी।



### तनावपूर्ण हैं हालात

हमले के बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की। हालांकि, हालात अभी भी तनावपूर्ण बने हुए हैं। असम पुलिस के आईजी अखिलेश कुमार सिंह ने जानकारी दी कि स्थिति अभी भी तनावपूर्ण बनी हुई है और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। उन्होंने कहा, इस घटना में कई पुलिसकर्मी घायल हुए हैं, जिनमें दो की हालत गंभीर है।

## एसबीआई से जुड़ा है मामला, कुर्क की थी संपत्ति

# अदालत के आदेश पर ईडी को लौटानी पड़ी करोड़ों की संपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय ने कौशिक ग्लोबल लॉजिस्टिक्स लिमिटेड के आधिकारिक परिसमापक को 9.56 करोड़ रुपये की संपत्ति लौटाई। यह कार्रवाई पीएमएलए के तहत कुर्क की गई संपत्तियों की वापसी के लिए कोलकाता की एक विशेष अदालत के आदेश पर हुई। यह मामला एसबीआई को 85.39 करोड़ रुपये का चूना लगाने से जुड़ा है जिसमें आरोपियों ने फर्जी खातों से पैसों का गबन किया।

### नई बसें खरीदने दिए गए थे लोन

सार्वजनिक परिवहन वोल्वो और मर्सिडीज बसें खरीदने के लिए लोन दिए गए थे। उन लोगों ने फर्जी बैंक खातों और जटिल वित्तीय लेनदेन का उपयोग करके पैसों का गबन कर लिया। धन शोधन निवारण अधिनियम 2002 के प्रावधानों के तहत कुर्क की गई संपत्तियों की वापसी, कोलकाता के बिचार भवन स्थित एक विशेष अदालत द्वारा पारित आदेश के अनुसार की गई।




### एसबीआई से जुड़ा है मामला, ईडी ने की थी जांच

ग्लोबल लॉजिस्टिक्स लिमिटेड के निदेशक (धनंजय सिंह, संजय सिंह और मृत्युंजय सिंह) ने कथित तौर पर भारतीय स्टेट बैंक को चूना लगाया। उन लोगों ने 85.39 करोड़ रुपये का लोन लिया था, जो जून 2013 तक गैर-निष्पादित आस्तियों में बदल गए। उन लोगों पर 60.38 करोड़ रुपये का बकाया था।प्रवर्तन निदेशालय ने सीबीआई की प्राथमिकियों के आधार पर धन शोधन की जांच शुरू की थी। जांच के दौरान, 10.86 करोड़ रुपये की आपराधिक आय का पता चला और दो अनंतिम कुर्की आदेशों के तहत कुर्क किया गया।

### कंपनी ने संपत्तियों की वापसी की मांग की

कंपनी और उसके निदेशकों के खिलाफ पहले ही एक अभियोजन शिकायत दर्ज की जा चुकी थी। इसके बाद राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण, कोलकाता द्वारा नियुक्त आधिकारिक परिसमापक ने पीएमएलए, 2002 की धारा 8(8) के तहत एक आवेदन दायर कर कुर्क की गई संपत्तियों की वापसी की मांग की। विशेष अदालत ने याचिका स्वीकार कर ली और प्रवर्तन निदेशालय को संपत्तियां सौंपने का निर्देश दिया। प्रवर्तन निदेशालय ने अब 10 अचल और 9 चल संपत्तियां परिसमापक को वापस कर दी हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com